RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 294
लखनऊ, शनिवार, 15 अगस्त, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




ऐरन कोहेन से एक्शन सीख रही हैं प्रीति जिंटा
विविध-12


# विस्तारवादी चीन को राष्ट्रपति का सख्त संदेश- देंगे माकूल जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने विस्तारवादी नीति पर चल रहे चीन को परोक्ष रूप से कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि भारत शांति और मित्रता में भरोसा करता है, लेकिन किसी भी आक्रामक प्रयास का वह मुंहतोड़ जवाब देने में भी सक्षम है। राष्ट्रपति कोविंद 74वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। मालूम हो कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर कई जगह मई के महीने से चीन के साथ गतिरोध चल रहा है।

राष्ट्रपति कोविंद ने शुक्रवार शाम राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में चीन का नाम लिए बिना कहा कि आज जब विश्व समुदाय के समक्ष आई सबसे बड़ी चुनौती (कोविड-19) से एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है तब हमारे पड़ोसी ने अपनी विस्तारवादी गतिविधियों को चालाकी से अंजाम देने का दुस्साहस किया। पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में बलिदान देने वाले सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कोविंद ने कहा कि उनके शौर्य ने यह दिखा दिया है कि हमारी आस्था शांति में होने पर भी, कोई अशांति उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा। पूरा देश गलवान घाटी के शहीदों को नमन करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों पर गर्व है जो सीमाओं की रक्षा करते हैं और हमारी आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने अपने संबोधन में कोरोना महामारी के दौरान डटे डाक्टरों, नर्सो और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के योगदान की भी प्रशंसा की और कहा कि देश उनका ऋणी है जो लगातार अग्रिम मोर्चे पर इस महामारी से लोहा ले रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के शुभारंभ से देशवासियों को गौरव की अनुभूति हुई है। इससे देशवासियों ने शांति, अहिंसा, प्रेम और सौहार्द के अपने जीवन मूल्यों को विश्व के समक्ष पुन: प्रस्तुत किया है।


राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने यह भी कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दीर्घकालीन सोच को प्रदर्शित करती है जिसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे और यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली विकसित कर भविष्य में चुनौतियां को अवसर में बदलकर नए भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी।



नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

## रक्षामंत्री की दुश्मनों को चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर जारी तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दुश्मन देश भारत पर हमला करता है तो हर बार की तरह करारा जवाब दिया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि हम राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में जो कुछ भी करते हैं, हमेशा आत्मरक्षा के लिए करते हैं, न कि दूसरों पर हमला करने के लिए। सुरक्षा बलों को भरोसा देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार वह सब कुछ कर रही है जो सेना की परिचालन आवश्यकता को बनाए रखने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत दिलों को जीतने में विश्वास रखता है, जमीन को नहीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी को भी अपने आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने देंगे। राजनाथ ने सशस्त्र बलों से कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत ने कभी किसी पर हमला नहीं किया या किसी दूसरे देश की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश नहीं की है।



राजधानी लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी में नहाया विधान भवन

# कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस को 81 पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने 74वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अशोक चक्र के बाद दूसरे सबसे बड़े वीरता पदक कीर्ति चक्र और इस श्रेणी में तीसरा सबसे बड़ा शौर्य चक्र हासिल किया है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर पुलिस सबसे अधिक 81 वीरता पुलिस पदक जीतकर राज्यों की सूची में शीर्ष स्थान पर रही। सीआरपीएफ को 51 पदक मिले हैं और वह इस सूची में दूसरे नंबर पर है। इस बल को ज्यादातर पदक जम्मू-कश्मीर में चलाए गए अभियानों के लिए ही मिले हैं। कीर्ति चक्र जम्मू और कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल अब्दुल रशीद कालस को मरणोपरांत प्रदान किया गया जबकि शौर्य चक्र जम्मू-कश्मीर पुलिस के ही उप महानिरीक्षक अमित कुमार को मिला। इस साल मई-जून में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन की सेना को चने चबाने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 21 जवानों को स्वतंत्रता दिवस पर वीरता पुरस्कार दिए जाने की संस्तुति की गई है। आईटीबीपी ने राष्ट्रीय त्यौहार की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना से सीधी झड़पों के दौरान अदम्य साहस का प्रदर्शन करने के लिए अर्धसैनिक बल के 294 जवानों को प्रशस्ति और प्रतीक चिन्ह दिए हैं। आईटीबीपी के जवानों ने इन झड़पों के दौरान (शेष पेज 9)

### ● चीन से भिड़े 21 आईटीबीपी जवानों को पराक्रम पुरस्कार की संस्तुति

## अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज दिनांक 15 अगस्त 2020 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,877 | ↓ | 433 | |
| निफ्टी | 11,178 | ↓ | 122 | |
| सोना | 53,691 | ↑ | 730 | /10g |
| चांदी | 70,500 | ↑ | 1520 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चंद्रयान-2 ने चंद्रमा पर क्रेटर की तस्वीर खींची

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-2 ने चंद्रमा की तस्वीरें कैद की है और उसके एक क्रेटर का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि साराभाई का जन्म शताब्दी वर्ष 12 अगस्त को पूरा हुआ और यह वैज्ञानिक को श्रद्धांजलि है। सिंह ने कहा कि इसरो की हालिया उपलब्धियां साराभाई की दूरदृष्टि को साकार कर रही है। इसरो ने भारत को दुनिया के अग्रिम पंक्ति के देशों में खड़ा कर दिया है। अंतरिक्ष विभाग, प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन आता है। बयान में सिंह के हवाले से कहा गया, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह घोषणा करके विशेष तरीके से उन्हे श्रद्धांजलि दी है कि चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने चंद्रमा पर साराभाई क्रेटर की तस्वीर कैद की है। साराभाई क्रेटर उस क्रेटर से पूर्व मे करीब 250 से 300 किलोमीटर दूर है जहां अपोलो 17 और लूना 21 मिशन उतरे थे।

### प्रणब मुखर्जी अब भी जीवनरक्षक प्रणाली पर

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत नाजुक बनी हुई है लेकिन उसमें गिरावट नही आई है। उनकी बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति की सेहत शुक्रवार सुबह भी वैसी ही बनी रही। मुखर्जी (84) को 10 अगस्त को सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी। इससे पहले कोविड-19 जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। अस्पताल ने एक बयान में कहा, माननीय श्री प्रणब मुखर्जी की हालत आज सुबह (14 अगस्त 2020) वैसी ही बनी रही। वह अब भी जीवनरक्षक प्रणाली पर है। उनकी हालत अभी स्थिर है। मुखर्जी के मेडिकल बुलेटिन के बाद उनकी बेटी ने ट्विटर पर जानकारी दी कि उनकी हालत में गिरावट नही आई है।

# गहलोत ने जीता विश्वास मत

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर/नई दिल्ली

**सियासी** उठापटक, अंदरूनी कलह, आरोप-प्रत्यारोप से पैदा संकट का अंत करती राजस्थान विधानसभा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अपना पूरा विश्वास व्यक्त कर दिया। बागियों की घर वापसी से मजबूत हुए मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास मत जीत लिया।

संसदीय कार्य मंत्री शांति धारिवाल की ओर से रखे गए प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई, फिर विधानसभा ने इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया यानी मतदान की नौबत नहीं आई। इसके बाद स्पीकर सीपी जोशी ने कार्रवाई 21 अगस्त तक स्थगित कर दी। कांग्रेस भले ऑल इज वैल का दावा कर रही हो लेकिन गहलोत और पायलट खेमे के बीच की दीवार अभी पूरी तरह गिरी नहीं है। यह बात उनके अलग-अलग गुट के रूप में विधानसभा में आने और बदली हुई सीट व्यवस्था के तहत दूर-दूर बैठाने से खुद ब खुद साबित हो गई। दोनों नेताओं और उनके समर्थकों ने भी सदन में बोलते समय इशारों में ही सही, अपनी भड़ास निकालने में कोई गुरेज नहीं किया। हालांकि गहलोत के सीधे निशाने पर जहां विपक्षी पार्टी भाजपा रही वहीं अपनी बगावत पर सफाई देते और पार्टी व सरकार के प्रति निष्ठा दोहराते पायलट ने मुख्यमंत्री की परोक्ष घेरेबंदी कर डाली।

विश्वास मत पर चर्चा में भाग लेते गहलोत ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया पर वार करते मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक दलों में मतभेद होते रहते हैं। वसुंधरा राजे नीत आपकी सरकार में भी ऐसा हुआ था लेकिन, राजस्थान में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने, फोन टैपिंग जैसे तिकड़मों की कोई परंपरा नहीं रही है। यह आपकी पार्टी (भाजपा) और हाई कमान का षड्यंत्र था।



### सबसे मजबूत योद्धा को ही सीमा पर भेजा जाता है: सचिन

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन में सीट व्यवस्था बदली हुई थी। पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बगल के बगल में बैठने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की सीट किनारे कर दी गई है। सिर्फ विधायक रह गए पायलट को 127 नंबर की सीट दी गई है जो कि निर्दल विधायक संयम लोढ़ा के बगल में है। इस अलगाव को न सिर्फ देखा बल्कि महसूस भी किया लिहाजा भाषण की शुरुआत इसी मसले के साथ की। उन्होंने कहा कि वे सरहद पर हैं और, सरहद पर सबसे मजबूत योद्धा को भेजा जाता है। उनकी इस बात पर सदन तालियों से गूंज उठा। स्पीकर ने विधानसभा में विधायकों के बैठने को लेकर नए नियम जारी किए जिसके मुताबिक पायलट को जहां निर्दलियों के करीब सीट दी गई वहीं, उनके कुछ समर्थक विधायकों को गैलरी में लगी कुर्सियों पर बैठाया गया।

## गृहमंत्री अमित शाह ने दी कोविड-19 को मात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कोरोना को मात दे दी है। उन्होंने खुद ट्वीट कर यह जानकारी दी है। शाह ने बताया कि उनकी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है लेकिन वह डॉक्टरों की सलाह पर अभी कुछ दिन और होम आइसोलेशन में रहेंगे। शाह बीते दो अगस्त को कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। गृह मंत्री शाह ने ट्वीट कहा कि उनकी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है। वह ईश्वर का धन्यवाद करते हैं और इस समय जिन लोगों ने उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दीं व उनके परिजनों को ढांढस बंधाया, वह उन सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। एक और ट्वीट में उन्होंने अपना इलाज करने वाले डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को शुक्रिया कहते हुए लिखा कि कोरोना संक्रमण से लड़ने में उनकी मदद करने वाले और उपचार करने वाले मेदांता अस्पताल के सभी डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ का भी आभार जताते हैं।

# हर दिन एक लाख कोरोना टेस्ट करें: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण की जांच का नया लक्ष्य अधिकारियों को दिया है। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुये उन्होंने एक लाख टेस्ट प्रतिदिन करने के के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा है कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करके इस लक्ष्य को हासिल किया जाये। करीब 36 लाख टेस्ट के साथ उत्तर प्रदेश के देश का सबसे अधिक कोरोना टेस्टिंग करने वाला राज्य बनने पर सीएम योगी ने संतोष व्यक्त किया और कहा कि टेस्टिंग गतिविधियों को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एंड कंट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से क्रियाशील रखा जाए। सभी आवश्यक मेडिकल उपकरणों एवं मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए एल2 एवं एल3 कोविड अस्पतालों के बेड बढ़ाए जाएं। उन्होंने कहा कि लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर तथा बरेली में विशेष सतर्कता बरतते हुए चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। बरेली में 300 बेड का डेडिकेटेड कोविड अस्पताल शीघ्र क्रियाशील करने के सीएम ने निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमित रोगी की स्थिति को देखते हुए उसका इलाज एल1, एल2 अथवा एल3 कोविड चिकित्सालय में किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूल.कालेजों में ही प्रतियोगी परीक्षाओं के केन्द्र बनाए जाएं। इन परीक्षाओं के संचालन में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन कराते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अभ्यर्थी एवं परीक्षा कार्य से जुड़े सभी लोग मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सेनिटाइजर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं।



### राजधानी में कोरोना के 652 सूबे में 4600 नए मामले

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को कोरोना के 652 नए केस सामने आए हैं। जबकि उपचार के दौरान 8 मरीजों की मौत हो गई है। राजधानी में अभी तक 15795 कोरोना के मरीज सामने आ चुके हैं। इनमे 8607 डिस्चार्ज हो चुके हैं। जबकि 7188 केस एक्टिव हैं। आज 504 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। अभी तक 186 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज आलमबाग में सर्वाधिक 35 नए लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। अलावा गोमती नगर में 17, इंदिरा नगर में 27, हजरतगंज में 22, मड़ियाव में 20, सआदतगंज में 15, महानगर में 25, चौक में 19, कैंट में 15, तालकटोरा में 25, सुशांत गोल्फ सिटी में 9, गोसाईगंज में बाजारखाला में 25, कृष्णा नगर में कोरोना पॉजिटिव मिले है। इसके अलावा आशियाना में 9, ठाकुरगंज में 14, जानकीपुरम में 21, चिनहट में 13, अमीनाबाद में 4, विकासनगर (शेष पेज 9)

# प्रशांत भूषण न्यायालय की अवमानना के दोषी करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कार्यकर्ता, अधिवक्ता प्रशांत भूषण को न्यायपालिका के खिलाफ दो अपमानजनक ट्विट के लिए उन्हें शुक्रवार को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया और कहा कि इन्हें जनहित में न्यापालिका के कामकाज की स्वस्थ आलोचना नहीं कहा जा सकता। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि प्रशांत भूषण ने उच्चतम न्यायालय की समूची संस्था को ही बदनाम करने का प्रयास किया है। न्यायालय ने कहा, अगर ऐसे हमले से आवश्यक सख्ती के साथ नहीं निबटा गया तो यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय में राष्ट्रीय सम्मान ओर गरिमा को प्रभावित कर सकता है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने अपने फैसले में कहा, ट्विट जो तोड़े मरोड़े गए तथ्यों पर आधारित थे, हमारी सुविचारित राय में आपराधिक अवमानना करने के समान है। परिणामस्वरूप, हम कथित अवमाननाकर्ता-प्रशांत भूषण- को इस न्यायालय की आपराधिक अवमानना करने का दोषी ठहराते हैं। शीर्ष अदालत ने अपने 108 पेज के आदेश में ट्विटर इंक, कैलिफोर्निया, अमेरिका को अवमानना मामले में उनका स्पष्टीकरण स्वीकार करने के बाद आरोप मुक्त कर दिया।



# देश में कोरोना के 64,553 नए मामले, 1007 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण के शुक्रवार को 64,553 नए मामले सामने आने के बाद देश में इस वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 25 लाख के पास चली गई जबकि इनमें से 17 लाख से अधिक लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं कोविड-19 महामारी पर रोजाना सरकार की ओर से मीडिया को जानकारी देने वाले केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 17,51,555 लोग संक्रमित होने के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और लोगों के ठीक होने की दर सुधर कर 71.17 प्रतिशत हो गई है। देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 24,61,190 हो गई है और पिछले 24 घंटे में 1,007 और लोगों की मौत हो जाने के कारण मृतक संख्या बढ़कर 48,040 हो गई है। मृत्युदर गिरकर 1.95 प्रतिशत रह गई है। देश में इस समय 6.60 लाख संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है। यह संख्या कुल मामलों का 26.88 प्रतिशत है। आईसीएमआर के अनुसार, देश में 2.76 करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से बृहस्पतिवार को एक दिन में सर्वाधिक 8,48,728 नमूनों की जांच की गई।




जिन 1,007 लोगों की पिछले 24 घंटे में मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में सर्वाधिक 413 लोगों की मौत हुई है।

इसके बाद तमिलनाडु (119), कर्नाटक (103), आंध्र प्रदेश (82), पश्चिम बंगाल (56), उप्र (50), पंजाब (31), गुजरात (18), मध्य प्रदेश (17), दिल्ली (14), झारखंड (12), जम्मू-कश्मीर (11), राजस्थान (11) और बिहार (10) में लोगों की मौत हुई। इनके अलावा, ओडिशा और तेलंगाना में नौ-नौ, असम एवं हरियाणा में आठ-आठ, पुडुचेरी में छह, छत्तीसगढ़ में पांच, केरल एवं उत्तराखंड में तीन-तीन, गोवा और त्रिपुरा में दो-दो, अरुणाचल, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# बाहुबली विधायक विजय मिश्रा मप्र से गिरफ्तार


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भदोही** जिले की ज्ञानपुर विधानसभा के बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को भदोही पुलिस की सूचना पर मध्यप्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। विधायक की गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह महाकाल का दर्शन पूजन करने के बाद वहां से निकल चुके थे। उन्हें पुलिस ने तनोडिया में वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। विधायक को लेने के लिए भदोही पुलिस की टीम रवाना हो चुकी है। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लाया जाएगा। दूसरी ओर विधायक विजय मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद उनकी बेटी रीमा मिश्रा ने कहा कि पुलिस मेरे पिता को सही सलामत कोर्ट तक लाए। उन्होंने कहा कि इस समय पुलिस से बहस की स्थित में नहीं हूं।



विधायक पर कुल 73 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। विधायक विजय मिश्रा पर पिछले दिनों गुंडा एक्ट लगा था। इसके बाद विधायक, उनकी पत्नी रामलली मिश्रा और बेटे विष्णु मिश्रा पर पड़ोसी कृष्णमोहन तिवारी ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन पर धनापुर आवास को जबरिया वसीयतनामा लिखवाने का आरोप लगाया था। विधायक इसी मकान में रहते थे। उन पर मकान को जबरिया कब्जा करने का आरोप था। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कृष्ण मोहन तिवारी का अदालत में कलमबंद बयान दर्ज कराया था। जिसके बाद विधायक को लग रहा था कि अब उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। (शेष पेज 9)

**एलयू परीक्षा कार्यक्रम जारी: लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को एलएलबी तृतीय वर्ष वर्ष छठे सेमेस्टर, बीए तृतीय वर्ष ऑनर्स समेत कई विषयों का परीक्षा कार्यक्रम को जारी कर दिया है।







# अमर शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है राष्ट्रीय पर्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें आत्मचिन्तन करने तथा महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान होने वालों को नमन करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने की अवधारणा को अंगीकृत करते हुए प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ, समर्थ तथा सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध है। राज्य सरकार समाज के सभी वर्ग विशेष रूप से किसानों, गरीबों, वंचितों, शोषितों एवं उपेक्षित वर्ग के साथ-साथ प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी जरूरतमन्दों को मिल रहा है। श्री योगी ने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व वैश्विक महामारी कोविड-19 से जूझ रहा है। प्रदेश सरकार कोविड-19 के संक्रमण से निपटने के साथ-साथ रचनात्मक कार्यक्रमों तथा विकास गतिविधियों को तेजी से संचालित कर रही है।

## सीएम योगी के संदेश का प्रसारण दूरदर्शन व आकाशवाणी आज

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश की जनता के नाम संदेश कल 15 अगस्त को दूरदर्शन व आकाशवाणी पर सुबह 9 बजे प्रसारित होगा। इसे प्रदेश के सभी दूरदर्शन केन्द्र रिले करेंगे। आकाशवाणी लखनऊ पर मुख्यमंत्री जी का संदेश सायंकाल 07:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह संदेश प्राइमरी चैनल तथा एआईआर एफएम रेनबो पर सुना जा सकेगा। इसे प्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें देश प्रेम, भाईचारा व आपसी सद्भाव बनाए रखने तथा देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने का संदेश देता है। उन्होने कहा है कि इस अवसर पर देश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास व स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, त्याग और संघर्ष पर प्रकाश डाला जाए, ताकि नयी पीढ़ी में एक नई चेतना जागृत हो और देश प्रेम की भावना और अधिक बलवती हो। उन्होंने कहा है कोविड .19 के दृष्टिगत मानव श्रृंखला न बनाई जाय तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत किया जाय।





























सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582


सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार
74वां स्वतंत्रता दिवस
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिंद
15 अगस्त का दिन देश की आजादी के पुरोधाओं को, उनके त्याग, तप और बलिदान को नमन करने का दिन होता है। यह उनके जज़्बे और उनकी भारत-भक्ति से प्रेरणा लेकर माँ भारती के लिए समर्पित होकर काम करने और संकल्प लेने का दिन भी है।
- नरेन्द्र मोदी
davp 22201/13/0015/2021
लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रातः 6:25 बजे से दूरदर्शन द्वारा सीधा प्रसारण


सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास
शान से लहराये तिरंगा प्यारा
आत्मनिर्भर भारत संकल्प हमारा
74वाँ स्वतंत्रता दिवस
देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता और एकता के पावन उत्सव
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आज पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से त्रस्त है, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। देशभक्ति का अर्थ केवल तिरंगे को लहराना ही नहीं, बल्कि अपने देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। इस अदृश्य संकट से आप सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें और देश को आत्मनिर्भर बनाने में यथासम्भव अपना योगदान दें।
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम
• प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम' के माध्यम से 4.03 लाख एम.एस.एम.ई. इकाइयों को 10,600 करोड़ रु. से अधिक के ऋण का ऑनलाइन वितरण • 1.25 करोड़ से अधिक कामगारों व श्रमिकों को रोजगार • 50 लाख से अधिक लोगों को वृहद एवं एम.एस.एम.ई. इकाइयों में रोजगार • 2.71 लाख उद्यमियों को 8679 करोड़ रु. ऋण वितरण • 98,743 नवीन एम.एस.एम.ई. इकाइयों को 2,447 करोड़ रु. ऋण वितरण • 38 लाख से अधिक श्रमिकों/कामगारों की सुरक्षित घर वापसी की निःशुल्क व्यवस्था • 35.49 लाख श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर रोजगार का प्रबंध • 15 करोड़ से अधिक लोगों को 6 बार में 45 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न वितरित • 53 लाख से अधिक श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों एवं कामगारों को एक-एक हजार रुपये का वितरण • मनरेगा में 18.33 करोड़ मानव दिवस का सृजन • हर जिले में इण्टीग्रेटेड कोविड कंट्रोल एवं कमाण्ड सेंटर की स्थापना • 1 लाख 51 हजार से अधिक कोविड केयर बेड की व्यवस्था • 37 कोविड टेस्टिंग लैब की स्थापना • सभी जनपदों में ट्रूनेट मशीनें, वेन्टीलेटर, पल्स ऑक्सीमीटर, इन्फ्रारेड थर्मोमीटर की व्यवस्था • प्रतिदिन 1 लाख से अधिक कोविड टेस्टिंग।
2 गज़
सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें
फेस कवर/मास्क अवश्य लगाएं
हाथों को साफ रखने हेतु साबुन/सैनेटाइजर का प्रयोग करें
छींकते और खांसते समय अपना मुंह व नाक रुमाल से ढकें
Aarogya Setu
आरोग्य सेतु एवं आयुष कवच एप का प्रयोग करें
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# एडीजी कानून व्यवस्था सहित यूपी के 23 पुलिसजनों को मिलेगा राष्ट्रपति पदक


विजय भूषण


प्रशांत कुमार


असीम अरुण


स्व. राजेश साहनी

- आईजी विजय भूषण बने देश के पहले आईपीएस अफसर जिन्हें मिलेगा पांचवीं बार यह सम्मान
- उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 6 पुलिसजनों को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 73 को पुलिस पदक दिया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर यूपी पुलिस के 23 जवानों और अधिकारियों को वीरता का राष्ट्रपति पदक मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश के 6 पुलिसजनों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक और 73 को पुलिस मेडल दिया जाएगा। एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार, एडीजी 112 असीम अरुण, आईजी विजय भूषण, आईपीएस अरविंद चतुर्वेदी और अभिषेक यादव को गैलंट्री मेडल, एटीएस में एडिशनल एसपी रहे राजेश साहनी को मरणोपरांत गैलंट्री मेडल मिलेगा। वहीं आईपीएस विजय भूषण देश के पहले ऐसे आईपीएस अफसर बन गए हैं जिन्हें पांचवी बार वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से 43 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न, 200 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न और 230 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी का प्लेटिनम, गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिह्न प्रदान किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के आईजी विजय भूषण को यह पदक पांचवीं बार मिला है। एसटीएफ में तैनाती के दौरान तत्कालीन एसएसपी एसके भगत व एएसपी विजय भूषण के साथ तत्कालीन डीएसपी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने कुख्यात शूटर फिरदौस को मुंबई में अप्रैल 2006 को मलाड स्थित माल में हुई मुठभेड़ में मार गिराया गया था। फिरदौस भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में आरोपी था। उससे दो पिस्तौलें बरामद हुई थीं। उस पर प्रदेश सरकार ने पचास हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह मुख्तार अंसारी गैंग का प्रमुख शूटर के रूप में सक्रिय था। इसी मामले में बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद चतुर्वेदी को भी वीरता पदक दिया गया है। साथ ही तत्कालीन एसआई धनंजय मिश्रा को भी राष्ट्रपति का वीरता पदक दिया गया है। धनंजय मऊ में सीओ के पद पर तैनात हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार को मुजफ्फरनगर के अपराधी रोहित सांडू को मुठभेड़ में मार गिराने के मामले में राष्ट्रपति का वीरता पदक दिया गया है। रोहित ने वर्ष 2019 में मिर्जापुर में पेशी पर जाते वक्त एक दरोगा की हत्या कर दी थी और भाग निकला था। इसी तरह यूपी 112 के एडीजी असीम अरुण, एसएसपी अभिषेक यादव, एसएसपी अजय साहनी, एसपी सतपाल, एएसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह व दिवंगत एएसपी राजेश साहनी (मरणोपरांत) को लखनऊ के ठाकुरगंज में आतंकवादी सैफुल्लाह को मार गिराने के मामले में वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक दिया गया है। नरेन्द्र प्रताप सिंह को यह पदक दूसरी बार मिला है। सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, प्रवेश कुमार, अजय कुमार के अलावा कांस्टेबल लोकेश भारती, दिवंगत एकांत यादव (मरणोपरांत) अतहर अहमद, अविनाश कुमार, विकास यादव, महेन्द्र पाल व फहीम मियां को भी वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक दिया गया है।

## कोरोना को लेकर रक्षामंत्री के साथ सीएम की चर्चा

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ से आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वार्ता की। मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कोविड.19 को नियंत्रित करने के सम्बन्ध में प्रदेश में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कोरोना के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए राज्य में की जा रही कार्यवाहीए विशेष रूप से लखनऊ के कोविड चिकित्सालयों में बेड्स की संख्या को दोगुनी करने के सम्बन्ध में रक्षा मंत्री को अवगत कराया। रक्षा मंत्री ने कहा कि कोविड.19 को नियंत्रित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश में संचालित गतिविधियों के लिए आवश्यक मेडिकल उपकरणों आदि उपलब्ध कराने के लिए वे केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध करेंगे।

## श्वेता बनीं साहित्य प्रकोष्ठ की अध्यक्ष



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार से सम्मानित कवयित्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. श्वेता श्रीवास्तव को महासभा के प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष सचिन कुमार श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष साहित्य प्रकोष्ठ लखनऊ के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर महासभा के अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## बीबीएयू कुलपति को मिला मानद कर्नल का दर्जा

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो संजय सिंह को राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय द्वारा मानद कर्नल के पद से सम्मानित किया गया है। ब्रिगेडियर विक्रम रैना ने विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में कुलपति को उपाधि प्रदान की। प्रो संजय सिंह शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और एनसीसी की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के पहले कुलपति हैं। इस मौके पर कर्नल अरुण सूर्यवंशी, कमांडिंग ऑफिसर 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कर्नल गौतम गुहा, कमांडिंग ऑफिसर 67 यूपी बटालियन एनसीसी लेफ्टिनेंट राज श्री, एएनओए 20 यूपी बटालियन एनसीसीए और लेफ्टिनेंट मनोज डढवाल एएनओ 67 यूपी बटालियन एनसीसी सूबेदार मेजर एमए खान, सूबेदार सैय्यद अनवर 67 यूपी बटालियन एनसीसी और वरिष्ठ संकाय सदस्य, गैर शिक्षण कर्मचारी, विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स समारोह के दौरान उपस्थित थे।

## केजीएमयू के प्लाज्मा बैंक की शुरुआत आज से

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में शनिवार को यूपी के पहले प्लाज्मा बैंक की शुरुआत होगी। प्लाज्मा बैंक का उद्घाटन प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्लाज्मा बैंक के शुरू होने से कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्लाज्मा थेरेपी को बढ़ावा मिलेगा।

## ग्रामप्रधान की हत्या व दुर्घटना में बच्चे की मृत्यु पर सीएम दुखी

- पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता, थानाध्यक्ष तथा चौकी इंचार्ज निलम्बित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आजमगढ़ के तरवां थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान की हत्या तथा दुर्घटना में एक बच्चे की मृत्यु का संज्ञान लिया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना की है। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति/जनजाति एक्ट के तहत दी जाने वाली सहायता राशि के अलावा मुख्यमंत्री सहायता कोष से 05.05 लाख रुपए की अतिरिक्त धनराशि पीड़ितों के परिजनों को दिए जाने की घोषणा की है। उन्होंने सम्बन्धित थानाध्यक्ष तथा चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपराधियों के विरुद्ध गैंग्स्टर एक्ट के तहत कार्यवाही कर उनकी सम्पत्ति जब्त करते हुए एनएसए लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ हीए इस तरह की घटना के लिए जिले के अधिकारियों के खिलाफभी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## भगवान शिव के मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली

**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी गांव में शुक्रवार को जोरदार धमाके के साथ बाईपास पर मौजूद प्राचीन शिवमन्दिर पर आकाशीय बिजली गिर गई। धमाका इतना भयावह था कि मन्दिर और आसपास मौजूद लोगों के कान में काफी देर तक उसकी आवाज गूंजती रही। इस दौरान मची भगदड़ में विद्युत कर्मियों समेत कई लोग गिरकर मामूली रुप से चोटिल हो गए। जबकि मन्दिर का ऊपरी हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। मोहनलालगंज के सिसेण्डी गांव में बाईपास पर मौजूद प्राचीन शिवमन्दिर के निकट जेई राजेश कुमार की अगुवाई में विद्युत कर्मचारी खराब ट्रांसफार्मर का चबूतरा जोखिम भरा हो गया था। इसी बीच बारिश होने लगी। भीगने से बचने के लिए जेई और कुछ कर्मचारी बाजार की ओर चले गए। जबकि विद्युतकर्मी सरवन एलवकुश और नीलू अन्य ग्रामीणों के साथ शिव मन्दिर में चले गए।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर०पी० एच०, कानपुर**
**अल्पकालीन ई–निविदा की तिथि बढ़ाने की सूचना**

अपरिहार्य कारणोंवश अल्पकालीन ई–निविदा सं0–20/कान्श0/2020–21 जो दिनांक–14.08.2020 को खोली जानी थी, के प्रथम भाग को अब दिनांक 21.08.2020 को पूर्व नियत समय एवं स्थान पर खोली जायेगी। ई–निविदा की शेष अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। उपरोक्त ई–निविदा केस्को की बेवसाइड https://etender.up.nic.in/www.kesco.co.in पर भी उपलब्ध है। **अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)** पत्रांक–932 दिनांक 14.8.2020 "राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं"


## आज सम्मानित होंगे पीजीआई कर्मी

**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर संस्थान के कर्मठ सदस्यों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। निदेशक डॉ आरके धीमान के हाथ से सम्मानित होने वालों में नर्सिंग संवर्ग की नर्सिंग अधीक्षका नारदी भट्ट, उप नर्सिंग अधीक्षका नीलम खोखर, तकनीशियन संवर्ग में वरिष्ठ तकनीकी अफसर वी श्रीधरन, लेखा संवर्ग से वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ हरेंद्र कुमार, सहायक लेखाकार लालता प्रसाद शामिल है। प्रशासनिक संवर्ग से पीपीएस हनुमान शंकर त्रिपाठी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुकेश सक्सेना, अवर वर्ग सहायक राजेश पाल को भी उनकी कार्य कुशलता के लिए सम्मानित किया जाएगा।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मथुरा**

**स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम

पेयजल/खाद्य पदार्थ/भोजन के जरिये अधिक मात्रा में फ्लोराइड शरीर में पहुंचने के कारण .फ्लोरोसिस रोग हो जाता है। मुख्यतः अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल, काला नमक, सुपारी तम्बाकू, फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट एवं काली चाय के लगातार उपयोग से फ्लोररास रोग होता है।
लक्षण :

| | |
|---|---|
| 1. मतली, उल्टी आना | 5. बार–बार पेशाब आना |
| 2. भूख कम लगना | 6. अत्यधिक प्यास |
| 3. पेट में दर्द होना | 7. मांसपेशियों/जोड़ों में दर्द |
| 4. गैस बनना, पेट फूलना, दांतों का रंग बिगड़ना | 8. लम्बी दूरी तक चलने में असमर्थता |

भरपूर मात्रा में सब्जियों, फलों, दूध और दुग्ध उत्पादों वाला संतुलित भोजन करें।
**स्वच्छ पानी पियो, फ्लोरोसिस से बचो।**

**(जितेन्द्र सिंह)** जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी मथुरा
**(संजय सिहोरिया)** जिला कार्यक्रम प्रबन्धक मथुरा
**(डा. दिलीप कुमार)** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा
**(डा. संजीव यादव)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा

पत्रांक – मु.चि.अ./एन.एच.एम./फ्लोरो0–विज्ञा0/2020/4277 दिनांक 14.08.2020



**नगर पालिका परिषद ललितपुर**

**15 अगस्त 2020 स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ललितपुर के समस्त नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करती है**
नगर के चहुमुखी विकास हेतु पालिका दृढ़ संकल्पित है। नगर पालिका अपने नगरवासियों से अपेक्षा करती है कि–
1. कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेंस का पालन करें, मास्क का प्रयोग करें, आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें

| | |
|---|---|
| 1. करों का भुगतान समय से करें। | 6. नाला–नालियों एवं सडक किनारे पटरियों पर अतिक्रमण न करें। |
| 2. कूरा करकट नियत स्थान पर ही डालें। | 7. सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसलिए प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करें। |
| 3. मार्गप्रकाश बिन्दुओं को क्षतिग्रस्त न करें। | 8. घर से निकला कचरा पॉलिका के वाहन में ही डालें। |
| 4. जन्म मृत्यु पंजीयन समय से 21 दिन के अंदर करायें। | 9. खुले में शौच का प्रयोग पूर्णतः बंद करें। |
| 5. अपने पालतू पशुओं को आवारा सड़क पर न छोड़े। | |

पार्षदगण– श्रीमती रामवती रजक, श्री मुकेश रजक, श्री रामबाबू यादव, श्रीकृष्ण कुमार पंथ, श्रीमती पूजा ग्वाला, श्री रोहित राठौर, श्रीमती रजनी रजक, श्री उदय प्रताप पटेल, श्री भारत भूषण चौरसिया, श्री अफजुल रहमान, श्रीमती नाजिया रजा मस्तफा खाँ, श्रीमती मंजू लवली शर्मा, श्रीमती कुंजलता कुशवाहा, श्रीमती जमुना बाई प्रजापति, श्री महेन्द्र कुमार सिंघई, श्री हरिओम कुशवाहा, श्री मोदी पंकज जैन, श्री आलोक कुमार जैन मयूर, श्री जगभान कुशवाहा, श्रीमती शिवानी पाठक, श्रीमती गीता यादव, श्री बाकर अली भोलू, श्री जहीर अली रान, श्रीमती आशा श्रीवास्तव, श्री अनुराग चौबे, श्री अनुराग जैन शैलू
नामित पार्षद– श्री देवेन्द्र श्रीवास्तव, श्री भरत पुरोहित, श्री गोकुल प्रसाद लोधी, श्री घनश्याम साहू, श्रीमती रजनी अहिरवार


**रमेशचन्द्र** अपर उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, ललितपुर


**रजनी साहू** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, ललितपुर


**अनिल कुमार मिश्र** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ललितपुर


**योगेश कुमार शुक्ल** जिलाधिकारी ललितपुर

कार्यालय अधीक्षक :– विशाल सिंह–8795571373, सहायक कार्यालय अधीक्षक – चन्द्रविनोद मिश्रा, सफाई व्यवस्था हेतु सम्पर्क सूत्र :– सन्दीप कुमार (सफाई एवं खाद्य निरीक्षक), मो. 9933554002, जितेन्द्र स्वरूप तिवारी–95062218446



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हमीरपुर**

पत्रांक –: 297/सी0सी0/स्व0भा0मि0/स्व0दिवस/2020–21/दिनांक : 14.8.2020

स्वतन्त्रता दिवस 15 अगस्त 2020 के राष्ट्रीय पर्व पर समस्त हमीरपुर नगरवासियों को नगर पालिका परिषद, हमीरपुर की ओर से हार्दिक शुभकामनाओं के साथ अपील है कि –:
- ★ समस्त नगरवासी अपने नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें।
- ★ नगर की स्वच्छता हेतु पालिका द्वारा डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है। कृपया अपने घर का कूड़ा डोर–टू–डोर कलेक्शन कर्मचारी को ही देकर अपना सहयोग प्रदान करें।
- ★ नगर की नालियों पर बच्चों को लैट्रीन करने व खुला मल बहाये जाने से रोके एवं नालियों में कूड़ा पॉलीथीन आदि न डाले जिससे संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हो सकें।
- ★ वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु मा0 मुख्यमंत्री महोदय के कथन (दोगज की दूरी, मास्क है जरूरी) का अक्षरशः पालन करें। जिससे नगर को कोरोना संक्रमण से बचाया जा सकें।
- ★ नगर के नाले, नालियों व पटरी पर अतिक्रमण न करें।
- ★ नगर के ढेलों आदि से कटे सड़े फल न खरीदे और न ही प्रयोग करें।
- ★ नगर में प्रकाश व्यवस्था हेतु लगाये गये बल्ब, राड, स्ट्रीट लाइट आदि की सुरक्षा करें।
- ★ वृक्षारोपण के दौरान लगाये गये पौधों की सुरक्षा करें।

**(संजीव कुमार शाक्य)** अधिशाषी अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर नगर पालिका परिषद, हमीरपुर
समस्त सभासद नगर पालिका परिषद, हमीरपुर
**(कुलदीप निषाद)** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, हमीरपुर



**कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ–रायबरेली**

पत्रांक :– मेमो/ अधि.अधि/न.पं0ड0/2020 दिनांक : 13/8/20

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर आदर्श नगर पंचायत डलमऊ जनपद रायबरेली समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें देती है।
एवं
कोरोना वायरस से सुरक्षा के उपाय क्या करें और क्या न करें।

**क्या करें**
1. अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें
2. छींकने और खासने के दौरान अपने मुख पर कपड़ा/रूमाल रखें
3. अपने हाथों को नियमित अन्तराल कर एल्कोहल आधारित हैण्डवास सेनेटाइजर व साबुन से हाथों को साफ करें।
4. अस्वस्थ महसूस होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

**क्या न करें**
1. यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी या फ्लू जैसे लक्षण दिखे तो उससे सम्पर्क न बनाये।
2. सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें।
3. चिकित्सक की सलाह के बिना दवा का सेवन न करें।
4. भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे किसी से हाथ न मिलायें।

नोवल कोरोना वायरस कोविड–19 सही जानकारी ही संक्रमण से सबसे बड़ा बचाव है जागरूकता फैलाये अफवाह नहीं कोरोना वायरस से न घबराये खुद बचें दूसरो को बचायें


**(अमित कुमार सिंह)** अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ रायबरेली


**(शुभम गौड़)** प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ रायबरेली


**(पं0 बृजेश दत्त गौड़)** अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ रायबरेली

सम्मानित सदस्यगण – नीलूसोनकर, माधवेन्द्र मिश्रा, सन्तलाल, विनोद निषाद, शकुन्तला मौर्या, शिवप्रसाद साहू, रेशमा, मो0 जावेद, अन्जनी जायसवाल, विजयलक्ष्मी जायसवाल, नामित सभासद सुधीर जायसवाल अमरेश निर्मल, महेन्द्र पटेल, अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम् गौड़ शोहराब अली (लिपिक), सतीश जायसवाल एवं समस्त कर्मचारीगण।


**कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सीतापुर**

पत्रांक–1818 /सा0प्रशा0/मो0दु0दा0अधि0/नियु0/2020 दिनांक–14.08.2020

### विज्ञप्ति

उ0प्र0 शासन परिवहन अनुभाग–03 लखनऊ की अधिसूचना सं0–77/30–3–2018 दिनांक–09.01.2019 के माध्यम से मोटरयान अधिनियम–1958 (अधिनियम ) की धारा–65 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर प्रदेश के मोटर दुर्घटना सम्बन्धी मामलो के निस्तारण हेतु 75 मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण की स्थापना की गयी है तथा प्रत्येक जनपद दावा अभिकरण में एक पीठसीन अधिकारी का पद सृजित किया गया है।

उपरोक्त अधिकरण के कार्य संचालन हेतु उ0प्र0 शासन परिवहन अनुभाग–3 लखनऊ के पत्र सं0–1324/30–3–2019 दिनांक–26.07.2019 द्वारा सेवा निवृत्त कार्मिको को संविदा के आधार पर रखे जाने हेतु निर्णय उल्लिखित शर्तो के अधीन लिया गया है कि सेवा निवृत्त कार्मिको को संविदा के रूप में मिलने वाली राशि सम्बन्धित कार्मिक के अंतिम आहरित वेतन मे से शुद्ध पेंशन की धनराशि (राशिकरण के पूर्व यदि कोई हो) को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर होगी।

शासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अथवा चयनित सेवा प्रदाता/नियमानुसार नये सेवा प्रदाता का चयन कर कर्मचारियों को तैनात किये जाने हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। चयन के समय न्यायालयीय कार्यो से भिज्ञा सेवानिवृत्त कार्मिको को वरीयता दी जायेगी।

उपरोक्त सेवानिवृत्त कार्मिक एवं आउटसोर्सिंग से भरे जाने की व्यवस्था अनन्तिम रूप से की जा रही है। पूर्ण कालिक (सेवा स्थानान्तरण/प्रति. नियुक्ति) कार्मिको की तैनाती होने के उपरान्त उक्त व्यवस्था स्वत समाप्ह समझी जायेगी।

उपरोक्त अभिकरण में कार्य संचालन के लिए शासन द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित पदो हेतु सेवानिवृत्त योग्य इच्छुक कर्मचारियों से आवेदन पत्र दिनांक–05.09.2019 तक जिलाधिकारी सीतापुर के आदेशानुसार आमंत्रित किये जाते है:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदो की संख्या | अभ्युक्ति | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | आशुलिपिक | 01 | द्विभाषीय–अंग्रेजी/हिन्दी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग एवं स्टेनोग्राफर का ज्ञान | पीठासीन अधिकारी के साथ |
| 2 | कनिष्ठ सहायक | 01 | अंग्रेजी/हिन्दी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग का ज्ञान | न्यायालयीय/कार्यालय कार्य |
| 3 | सहायक लेखाकार | 01 | अंग्रेजी/हिन्दी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग का ज्ञान/लेखा सम्बन्धी जानकारी | न्यायालयीय/कार्यालय कार्य |
| 4 | अर्दली/चपरासी | 01 | आउट सोर्सिंग से भर्ती किया जायेगा। | पीठासीन अधिकारी के कार्यालय में |
| 5 | स्वीपर/सफाईकर्मी | 01 | आउट सोर्सिंग से भर्ती किया जायेगा। | पीठासीन अधिकारी के कार्यालय में |

**नोट:–**
1. सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रेषित किया जायेगा।
2. कनिष्ठ सहायक एवं सहायक लेखाकार पद से भिन्न अन्य लिपिक पद से कोई कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ है किन्तु लेखा सम्बन्धी कार्यो एवं अन्य प्रशासनिक/न्यायालयीय कार्यो के विषय में जानकारी रखता है तो वह भी आवेदन कर सकता है।
3. शासन द्वारा उपरोक्तानुसार लिये गये निर्णयों के क्रम में समिति द्वारा तैनाती किये जाने हेतु लिया गया निर्णय अंतिम होगा तथा सेवा शर्तें उक्तानुसार लागू होगी।
4. सेवानिवृत्त कर्मचारी के अपने पूरे सेवाकाल मे किसी प्रकार का कोई दण्ड न प्राप्त हुआ हो।
5. सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्त के स्थान/विभाग के अधिकारी से आवेदन पत्र अग्रसारित कराकर प्रेषित करना होगा।
6. उक्त पद के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में निर्धारित तिथि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा सभी औपचारिकतायें पूर्ण करके प्राप्त कराया जायेगा ताकि समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त विचार किया जा सके।

**(प्रवीण कुमार सिंह)**
**सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी**
**(प्रशासन) सीतापुर।**

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

1. सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम:–..........
2. पिता का नाम:–..........
3. सेवानिवृत्त हुए पद का नाम/तिथि:–..........
4. सम्बन्धित विभाग में प्रथम नियुक्ति की तिथि/पदनाम/विभाग..........
5. जन्मतिथि:–..........
6. शैक्षिक योग्यता..........
7. स्थाई/पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित)..........
8. सेवा अभिलेखानुसार किसी प्रकार का कोई दण्ड प्राप्त हुआ अथवा नही तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी के विरूद्ध कोई प्रकरण न्यायालय आदि में लम्बित है अथवा नहीं।
9. सेवानिवृत्त की तिथि को उसका वेतनमान तथा प्राप्त होने वाले पेंशन का विवरण।

फोटो

**(अग्रसारण अधिकारी के हस्ताक्षर)** मोहर सहित नाम पदनाम व विभाग का नाम
**(आवेदक के हस्ताक्षर)** पता पिनकोड/तिथि एवं मोबाइल नम्बर सहित

## 36 लाख सैम्पल की जांच का नया रिकॉर्ड

# तमिलनाडु को पछाड़ यूपी बन गया नंबर वन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** टेस्टिंग के मामले में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को पीछे कर शुक्रवार को देश नया कीर्तिमान हासिल कर कुल जांच के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश को यह सफलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से जांच की संख्या बढ़ाने व जोखिम वाले क्षेत्र कंटेनमेंट जोन में सभी लोगों का कोविड टेस्ट कराने के निर्देश के आधार पर हासिल हुई है।यूपी में शुक्रवार को प्रदेश की विभिन्न प्रयोगशालाओं में कुल 96ए106 कोरोना नमूनों की जांच की गई। इसे मिलाकर कुल जांच का आंकड़ा अब 3598210 पहुंच गया है, जो देश में सर्वाधिक है। कुछ दिनों पहले तक उत्तर प्रदेश सिर्फ तमिलनाडु से पीछे चल रहा था।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक जब टेस्टिंग शुरू की गई थी तब से 24 जून तक कुल 603390 लाख नमूनों की जांच हुई थी। वहीं 24 जून से 30 जुलाई के बीच 16 लाख से अधिक नमूनों की जांच हुई और आंकड़ा 2209810 पहुंच गया। इसके बाद प्रदेश में जांच की संख्या में और इजाफा किया गया और कई बार एक दिन में एक लाख से अधिक नमूनों की जांच की गई। बीते दिनों प्रदेश ने कुल 34 लाख जांच का आंकड़ा पार किया और फिर 35 लाख तक पहुंचने के बाद 15 अगस्त से पहले 3598210 सैम्पल की जांचकर यूपीए देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि पहली से 11 अगस्त के बीच जो टेस्ट किए गए हैं उसमें पॉजिटिविटी का प्रतिशत 4०8 प्रतिशत है। इस महीने भी पॉजिटिविटी 5 प्रतिशत से कम बनी हुई है।

### रोज एक लाख के आसपास नमूनों की हो रही थी जांच

**सबसे ज्यादा और कम पॉजिटिविटी वाले जिले:** प्रदेश में सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी जिन पांच जनपदों में देखी गई उसमें कानपुर नगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज और लखनऊ शामिल हैं। वहीं सबसे कम पॉजिटिविटी वाले पांच जनपद हाथरस, बागपत, महोबा, कासगंज, बुलंदशहर है।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## कल्प हमीरो

समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं खुले में शौच से आजादी कार्यक्रम एवं कोरोना महामारी से बचाव समस्त जनपद वासियों से अपील की जाती है कि**

1. दो गज दूरी का रखे ध्यान साथ ही करें मास्क का प्रयोग, समय–समय पर साबुन से 20 सेकेण्ड हाथ धोते रहें अथवा सेनेटाइजर का प्रयोग करे।
2. खुले में शौच की आदत का त्याग कर तथा दो सोख्ता गड्ढे वाले शौचालय बनवाकर उसको इस्तेमाल करें।
3. शौच क्रिया के बाद व खाना खाने के पहले साबुन से हाथ अवश्य धोयें।
4. घर के आस–पास कूड़ा–करकट गन्दगी एवं जल भराव न होने दें। इस स्थिति पर उसका निर्माण करायें ताकि गन्दगी व कोरोना जैसी महामारी व संचारी रोगो से बचा जा सके।
5. बच्चों को साफ–सफाई, शौचालय के प्रयोग से होने वाले लाभ एवं गन्दगी से होने वाली हानि से अवगत कराये।
6. खुले में शौच मुक्ति के लिए कार्यरत निगरानी समितियों का सहयोग कर ग्राम पंचायत को शौच मुक्त हो जाने के उपरान्त इसके स्थायित्व हेतु कार्य करें।
7. कूड़ा–करकट के निस्तारण हेतु कूड़ेदान अथवा ग्राम पंचायत द्वारा बनाये गये गड्ढों का प्रयोग करें।
8. अपनी ग्राम पंचायतों को पॉलीथीन मुक्त ग्राम बनाने हेतु पॉलीथीन का प्रयोग न करें।

**सौजन्य से–स्वच्छता प्रबन्धन समिति जनपद हमीरपुर**

| (राजेन्द्र प्रकाश) | (कमलेश कुमार वैश्य) | (ज्ञानेश्वर त्रिपाठी) |
|---|---|---|
| जिला पंचायत राज अधिकारी | मुख्य विकास अधिकारी | जिलाधिकारी |
| हमीरपुर | हमीरपुर | हमीरपुर |

## लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

कुप्रशासन — **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** — भ्रष्टाचार

मंत्रियों, विधायकों व अन्य लोकसेवकों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, पद के दुरूपयोग व कुप्रशासन के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले परिवादों (अभिकथन/शिकायत) को ग्रहण करके लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश के द्वारा उसका निराकरण कराते हुए उत्तरदायी मंत्रियों, विधायकों और लोकसेवकों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संस्तुतियाँ सक्षम प्राधिकारी (मुख्यमंत्री/मुख्य सचिव) को प्रेषित की जाती है और वार्षिक प्रतिवेदन माननीय श्री राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाता है।

### अधिकारिता

उत्तर प्रदेश शासन के समस्त विभाग, सरकारी कम्पनियाँ, सहायक सरकारी कम्पनियाँ, निगम, सोसाइटीज व परिषदें (जो अधिसूचित की गई हों) से संबंधित परिवादों (अभिकथन/शिकायत) के मामलें तथा सेवानिवृत्त देयकों के भुगतान, मृतक आश्रित सेवायोजन, विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद, निराश्रित एवं वृद्ध महिलाओं के पेंशन, अनुसूचित जाति व जनजातियों के आरक्षण (सेवा) संबंधी मामलें।

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त अधिकारीगण (धारा–22 में वर्णित न्यायाधीश/न्यायिक अधिकारी, महालेखाकार आदि को छोड़कर) एवं कर्मचारियों के साथ–साथ मंत्रीगण (मुख्यमंत्री को छोड़कर), विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर महापालिका, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों तथा अध्यक्ष, जिला पंचायत (ग्राम प्रधान को छोड़कर) भी सम्मिलित हैं के विरूद्ध परिवाद (अभिकथन/शिकायत)। शासकीय लोक सेवकों के सेवानिवृत्त/सेवाकाल में मृत्यु से संबंधित देयकों के प्रकरण से संबंधित परिवाद जो कि शिकायत की श्रेणी में आते हैं प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

### अभिकथन/शिकायत की प्रक्रिया

प्रदेश के लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त को अभिकथन तथा शिकायत सम्बन्धी परिवाद निर्धारित प्रपत्र पर तीन प्रतियों में (यथासंभव राजभाषा हिन्दी में) टंकित कराकर धारा–9(2) के अनुसार नोटरी शपथ पत्र एवं धारा–9(3) के अनुसार परिवाद, शपथ पत्र, संलग्नक/अनुलग्नक का सत्यापन परिवादी स्वयं के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करके एवं अभिकथन रूपी परिवादों में रू 2,000/– प्रतिभूति निर्धारित लेखा शीर्षक "8443 सिविल निक्षेप–00–103 प्रतिभूति निक्षेप–00–00" के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक अथवा कोषागार में चालान के माध्यम से जमा करके मूलप्रति सहित प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि प्राप्त परिवाद मिथ्या/फर्जी पाया जाता हैं तो ऐसे परिवादियों पर माननीय लोक आयुक्त द्वारा रू 50,000/– तक की धनराशि का हर्जाना लगाया जा सकता है एवं प्रतिभूति की धनराशि जब्त की जा सकती है।

**नोट–** राज्य सरकार द्वारा ई–पेमेन्ट से भुगतान किये जाने के कारण, परिवादी अपना राष्ट्रीयकृत बैंक का बचत खाता संख्या, बैंक व शाखा का नाम, जिला एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड के साथ–साथ पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति, परिवाद दाखिल करते समय प्रतिभूति की धनराशि के मूल चालान के साथ उपलब्ध करायेंगे तभी उनको प्रतिभूति की धनराशि वापस किया जाना सम्भव होगा। परिवादी को अपना पूरा नाम, पता, मोबाइल नम्बर/ई–मेल के साथ अंकित करना चाहिए।

**वर्तमान पता**–टी0सी0–46/वी–1 विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा
पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, **फैक्स नं0** – (0522) 2306647
**फोन नं0** – (0522) 2728660, 2306717, 2728865, 2306088, 2306160 (पी0बी0 एक्स), 2306412
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत चन्दौली, जनपद – चन्दौली

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर नगर पंचायत चन्दौली अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है तथा उनसे निम्न अपेक्षाएं करती है।

**एक नया सवेरा लायेंगे,**
**नगर पंचायत चन्दौली को स्वच्छ और सुन्दर बनायेंगे।**

1– पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एवं वृक्षों की देखभाल करें।
2– पालीथीन का प्रयोग न करें, ताकि इससे उत्पन्न होने वाली बीमारी से बचा जा सके।
3– खुले मे शौच न करें, शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच करते पकड़े जाने पर 500 रु0 का जुर्माना का प्राविधान है।
4– कोरोना वायरस महामारी (कोविड–19) से बचाव हेतु जारी निर्देशों का पालन करें।
5– कोरोना वायरस से बचाव हेतु आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें तथा लोगों को भी इसे डाउनलोड करने हेतु प्रेरित करें।
6– प्रकाश स्तम्भों को क्षति न पहुचायें।
7– नगर के विकास में अपना बहुमूल्य सुझाव देवे तथा विकास में सहयोग करें।

1. श्री रविशंकर, 2 श्रीमती अर्चना 3. श्री उपेन्द्र तिवारी, 4. श्री रामन्द्र 5. श्रीमती कृष्णावती देवी, 6. श्री अजीत कुमार 7. श्री अशोक, 8. श्रीमती सीमा देवी, 9. श्री विजय जायसवाल 10. श्रीमती प्रियंका देवी, 11. श्री नागेन्द्र सिंह, 12 श्री महेश कश्यप 13. श्री बबलू सोनी, 14. श्रीमती रीता देवी, 15 श्री जमशेद खाँ, 16, श्री सन्तोष कश्यप 17. श्री विजय मोर्या, 18 श्री जगत तिवारी

| (राजेन्द्र प्रसाद) | (समस्त सभासदगण) | (रविन्द्र नाथ) |
|---|---|---|
| अधिशासी अधिकारी | नगर पंचायत चन्दौली | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत चन्दौली चन्दौली। | चन्दौली। | नगर पंचायत चन्दौली। |

पत्रांक :– मेमो /अ0 अ0/न0 पं0 च0/2020–21/दिनांक 14 अगस्त, 2020

## आज रिहा होंगे 74 सिद्धदोष बंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 74 वें स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर 15 अगस्त 2020 को प्रदेश के विभिन्न कारागारों में निरुद्ध 74 सिद्धदोष बंदी रिहा किए जाएंगे। प्रदेश के कारागारों में निरूद्ध इन बंदियों में से ऐसे 40 सिद्धदोष बंदी जो न्यायालय द्वारा दी गयी सजा पूरी कर चुके हैए लेकिन अर्थदण्ड न जमा कर पाने के कारण रिहा नही हो पा रहे थेए उनको मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिन्हित कर उनकी रिहाई के प्रयास किये गये है। इसके साथ ही शेष 34 ऐसे सिद्धदोष बंदीए जो आजीवन कारावास की सजा से दण्डित थेए उनके संतोष जनक आचरण को देखते हुए समयपूर्व रिहा करने का निर्णय लिया गया है।अपर मुख्य सचिवए गृह एवं कारागार द्वारा इस संबंध में 15 अगस्तए 2020 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कारागारों में निरुद्ध बंदियों को रिहा किये जाने के लिये पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें को आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। 15 अगस्त के अवसर पर रिहा किये जाने वाले 74 सिद्धदोष बंदी प्रदेश के विभिन्न जिलों के कारागारों मे निरूद्ध हैं। इसी क्रम में बशीर एसण् केण् पुत्र जलालुद्दीनए राजाराम पुत्र चंद्रमोहन और गोविंद प्रसाद पुत्र लक्ष्मण को लखनऊ जेल से रिहा किया जाएगा।

## चंद्रिका देवी मंदिर स्थित कुंड में मिला युवती का शव

**बख्शी का तालाब ।** लखनऊ

**पौराणिक** तीर्थ स्थल चंद्रिका देवी मंदिर के प्रांगण में स्थित कुंड में युवती का शव उतरता मिला । सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव शवगृह में रखवा दिया है । मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।

शुक्रवार सुबह करीब सात बजे मेला समिति के लोगो ने एक युवती का शव मंदिर के समीप स्थित सुघ्नवां कुंड में उतरता देखा । सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। युवती की उम्र करीब 23 वर्ष होंगी । रंग सांवला व उसने हरे रंग का सलवार सूट पहन रखा था। मृतका का पूरा शरीर अकड़ गया था । पुलिस ने आस पास के लोगो से शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नही मिली। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में भी जांच की गयीं । लेकिन लड़की कहीं भी आती जाती नही दिखी थी। वही थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के दो तीन दिन पूर्व के फुटेज खोजे जा रहे है।

**बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत, सड़क के किनारे पड़ा मिला शव:** लखनऊ। गुडम्बा इलाके में एक बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गया। शाम को घर से निकले बुजुर्ग का शुक्रवार सुबह सड़क के किनारे शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह पहाड़पुर चौराहा स्थित शराब के ठेके के पास एक बुजुर्ग का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़।

संख्या 400/न0पा0प0 मु0 वर्ष 2020–21/ दिनांक 13 अगस्त 2020

**15 अगस्त 2020 "स्वतन्त्र दिवस" की वर्षगाँठ के अवसर** पर नगर पालिका परिषद मुबारकपुर अपने समस्त नागरिकों का हार्दिक अभिन्दन एवं स्वागत करती है तथा इस वैश्विक महामारी कोविड–19 संकट के दौरान अपने नागरिकों से निम्न निवेदन करती है।

01– सोसल डिस्टेसिंग का पालन करें।
02– मास्क का उपयोग करें, बार–बार नाक, कान, ऑख व चेहरे को न छुयें।
03– कोरोना वायरस से न घबरायें, खुद बचे और सबको बचाये।
04– खाँसी, बुखार एवं श्वास लेने में तकलीफ हो तो तुरन्त सरकारी डाक्टर से परामर्श लें अथवा स्वास्थ विभाग के टोल–फ्री हेल्पलाईन पर कॉल करें।
05– जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण अवश्यक करायें।
06– जल ही जीवन है, जल का अनावश्यक दुरूपयोग न करें, टोटियां खुली न छोड़ें।
07– प्रकाश बिन्दुओं को जलता हुआ पाये जाने पर तत्काल नगर पालिका को सूचित करें।
08– साफ सफाई में सहयोग करें तथा नगर पालिका द्वारा कूड़ा उठवाने के बाद कूड़ा सड़क पर न फेंके।
09– सार्वजनिक पोखरी/गढही, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें।
10– कोरोना के मरीज कोरेन्टाईन में रहे, इधर उधर न घूमें, कन्टेनमेन्ट जोन का पालन करें।

| मा0 सभासदगण | (राजपति बैस) | हा0 अब्दुल मजीद |
|---|---|---|
| | अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़। | अध्यक्ष प्रतिनिधि |
| (करीमुन्निसा) अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़। | (नरेन्द्र सिंह) अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आजमगढ़। | (राजेश कुमार) जिलाधिकारी आजमगढ़। |

## कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर, जनपद–कानपुर देहात

संख्या–20/01/एन0पी0एम0/विकास कार्य/2020–21 दिनांक 13/08/2020

### अल्पकालिक निविदा सूचना

एतद् द्वारा समस्त फर्मों/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नव गठित नगर पंचायत मूसानगर में 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले अति आवश्यक निर्माण कार्यो कार्य/आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के पदनाम से एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बैंक ड्राफ्ट अथवा विशेष परिस्थितयों में नगद जमा की जा सकती है। निविदा बिक्री कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में दिनांक 16.08.2020 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 24.08.2020 को सायं 5:00 बजे तक की जायेगी, एंव प्राप्त निविदायें दिनांक 25.08.2020 को अपरान्ह 3:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय मूसानगर में रखे टेण्डर बॉक्स में फर्मो/ठेकेदारों/कम्पनी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा कमेटी द्वारा उसी दिन 3:30 बजे खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात के पद नाम बन्धक करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम एवं पता | आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित | 2% अर्नेस्टमनी की धनराशि | निविदा प्रपत्र जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय में अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष हेतु नवीन कक्ष का नव निर्माण कार्य। | 9,98,000.00 | 19,960.00 | 1120.00 | 45 दिवस |
| 2 | पुराने पंचायत भवन का पुनर्रोद्वार एवं रंगाई पुताई कार्य। | 4,97,000.00 | 9,940.00 | 560.00 | 45 दिवस |
| 3 | कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर की बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई आदि का कार्य। | 4,08,681.00 | 8,174.00 | 504.00 | 45 दिवस |
| 4 | कार्यालय परिसर से संलग्न 100 मी0 कवर्ड नाली निर्माण कार्य। | 5,91,500.00 | 11,830.00 | 672.00 | 45 दिवस |

| क्र0 सं0 | क्रय की जाने वाली सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | सफाई व्यवस्था हेतु झाड़ू आपूर्ति कार्य। | प्रति नग | 15 दिवस |
| 2 | फावड़ा, गैती, फरोही आदि। | प्रति नग | 15 दिवस |
| 3 | कार्यालय हेतु कम्प्यूटर, प्रिंटर, एवं मेज कुर्सी आदि कम्पलीट सेटअप आपूर्ति कार्य। | प्रति नग | 15 दिवस |

नोट– नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मूसानगर**
**कानपुर देहात**

# गहलोत ने जीता विश्वास

## कांग्रेस को संतुलन बनाने की जरूरत

**कांग्रेस** आलाकमान का दावा है कि उसने राजस्थान में संकट समाप्त कर राज्य सरकार को बचा लिया है तथा अशोक गहलौत व सचिन पायलट के बीच दोस्ती हो गई है, लेकिन यह स्थिति कब तक बनी रहेगी? परिवार में एकजुटता का दावा करते हुए दोनों पक्ष कह रहे हैं कि केन्द्रीय नेतृत्व ने उनकी बात मानी। अभी स्पष्ट नहीं है कि मुख्यमंत्री को क्या आश्वासन मिला है क्योंकि उनके सहायक रहे पायलट दिल्ली के बजाय अपनी कर्मभूमि राजस्थान लौट आए हैं तथा उनकी क्या भूमिका रहेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उचित ही फिलहाल एक असहज समझौते और बाद में टकराव की भविष्यवाणी की है। वे व्यथित हैं क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने अविश्वास प्रस्ताव पर उनके 6 विधायकों के मतदान पर रोक नहीं लगाई जो कांग्रेस में चले गए थे। उम्मीद है कि गहलोत के पास मामूली बहुमत है और भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की घोषणा से कांग्रेस फिलहाल एकजुट रहेगी। लेकिन गहलौत और पायलट की सार्वजनिक अभिव्यक्ति दोस्ती के बजाय झगड़े की अधिक लगती है। इसी कारण केन्द्रीय पार्टी के दूत जयपुर में बने हुए हैं और संकट दूर रखने के लिए विधायकों से मिल रहे हैं। भले ही गहलोत का बहुसंख्य विधायक समर्थन कर रहे हों, पर गांधी-नेहरू परिवार उनसे प्रसन्न नहीं है। वह पायलट को 'निकम्मा', 'पार्टी तोड़ने वाला' और 'अंग्रेजी बोलने वाला सुंदर चेहरा' आदि कहे जाने से प्रसन्न नहीं है। गहलौत चाहते थे कि पायलट राजस्थान न लौटें, पर उनसे कहा गया कि पायलट को स्थान देना होगा क्योंकि पार्टी ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह एक और नौजवान को नहीं खोना चाहती है। इसी कारण गहलोत ने अपने समर्थकों से 'माफ करो, भूलो और आगे बढ़ो' की बात की है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि उनके विधायक 'स्वाभाविक रूप से नाराज' हैं।



उन्होंने 'देश की सेवा' और 'लोकतंत्र की रक्षा' जैसी बातें कह कर अपनी नैतिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया है, लेकिन वे यह भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि आलाकमान द्वारा पायलट का पक्ष लेने से उनके समर्थक नाराज हैं। यह टकराव जारी रहेगा। पायलट को उप मुख्यमंत्री व राज्य पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया जा चुका है तथा उनके समर्थक दो मंत्रियों को भी बाहर किया गया है। विश्वास मत प्राप्त होने तक गहलोत ने अपने विधायकों को जयपुर के एक होटल में ही रखा है। हालांकि, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्होंने पायलट से दोस्ती का प्रदर्शन करते हुए उनको 'अपना' कहा, लेकिन स्पष्ट है कि अभी विश्वास का संकट बना हुआ है।

पायलट ने भी यह दावा कर अपनी नैतिक विजय का संकेत दिया है कि वैचारिक मतभेदों को बदले का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए तथा वरिष्ठ या युवा विधायकों को असहमति का अधिकार है। वे लगातार कह रहे हैं कि उनको पद की कोई इच्छा नहीं है तथा वे साथ मिल कर काम करने को तैयार हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने सही कदम उठाया है। दिल्ली के विशिष्ट लूटियन वर्ग और अच्छी शिक्षा के बावजूद वे राजस्थान गए, वहां की स्थानीय बोली स्वीकार की तथा जमीन पर काम किया। वे जातीय संरचना तथा गुज्जर वोटबैंक पर अधिकार से अपनी स्थिति मजबूत मानते हैं। इस परंपरागत शक्ति के साथ ही उन्होंने प्रशासन और संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दिया है। वे राष्ट्रीय भूमिका के लिए भी उपयुक्त हैं क्योंकि उनके प्रति नौजवानों में आकर्षण है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जमीन पर लौटने का निर्णय कर स्पष्ट कर दिया है कि वे कठोरतम चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। पायलट ने 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसके बावजूद गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने स्थानीय निकाय उपचुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित की। अब देखना होगा कि कैबिनेट के पुनर्गठन मे उनको क्या स्थान मिलता है।

# पाकिस्तान का कश्मीर एजेंडा

(कश्मीरियों के साथ एकजुटता दिखाने के बजाय विफल राज्य बनने से बचने के लिए पाकिस्तान को अपना घर ठीक करना चाहिए। उसे सिंधियों, बलूचों व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ न्यायोचित व्यवहार करना होगा।

**अनिल गुप्ता**
लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)





कश्मीर के प्रति पाकिस्तान के मोह ने उसे आर्थिक रूप से दीवालिया बना दिया है तथा आतंकवाद का गढ़ होने के कारण दुनिया भर में उसका सम्मान नष्ट हुआ है। पाकिस्तानी राजनीतिक व सैनिक नेतृत्व नागरिकों को 'कश्मीर विभाजन का अधूरा एजेंडा' व 'कश्मीर पाकिस्तान की नाभि मूल' बता कर उनका ब्रेनवाश करता रहता है। इस्लामाबाद का मोह इस तथ्य से स्पष्ट है कि उसने 1947 के बाद भारत के साथ तीन युद्ध लड़े हैं तथा कारगिल में टकराव किया है। भारतीय सेना को पराजित करने में विफल रहने पर उसने 'भारत को हजारों घाव देने' की रणनीति अपनाई जिसकी अवधारणा जियाउल हक ने बनाई थी। उसने जिहादी आतंकवाद के साथ कश्मीर में छद्म युद्ध छेड़ा और इसे 'धार्मिक उग्रवाद' का नाम दिया। कश्मीर के प्रति मोह के इसी कारण से उसने आतंकवाद को राज्य नीति का अंग बनाया तथा पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों को 'रणनीतिक संसाधन' के रूप में बनाए रखा। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ की सिर पर लटकती तलवार के बावजूद पाकिस्तान थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ आतंकवाद का लगातार समर्थन कर रहा है।

पाकिस्तान के कश्मीर एजेंडे से दुनिया भर में व खासकर इस्लामी देशों में उसके दोस्तों की संख्या घटी है। कश्मीर पर शुरुआत में उसे थोड़ी अंतरराष्ट्रीय संवेदना प्राप्त थी, पर खासकर आतंकवाद व अन्य तरीकों से भारत से कश्मीर छीनने के प्रयासों के कारण उसका वैश्विक समर्थन घटा है। वर्तमान समय में एक-दो देशों को छोड़ कर कोई भी देश कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करने को तैयार नहीं है और अधिकांश देशों ने इसे 'भारत का आंतरिक मामला' बता दिया है। कश्मीर के प्रति इस्लामाबाद का मोह समझना कठिन नहीं है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से वह सिंधु नदी के पानी पर कब्जा करना चाहता है। पाकिस्तान को भय है कि यदि भारत उसे अतिरिक्त पानी देना बंद कर दे तो उसका नहर संजाल बेकार हो जाएगा। भारत यह काम नदी जल साझे पर किसी अंतरराष्ट्रीय संधि का उल्लंघन किए बिना कर सकता है।

पाकिस्तानी सेना देश पर शासन करती है और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री इमरान खान कश्मीर मुद्दा गरम बनाए रखते हुए जनता को खुश कर रहे हैं। वे यह भ्रम बनाए रखना चाहते हैं कि भारत एक 'हिंदू देश' है, 'इस्लामोफोबिया' के कारण उनके लिए मूल खतरा है और यदि सेना न हो तो भारत पाकिस्तान पर कब्जा कर मुस्लिम-बहुल पाकिस्तान की पहचान बदल देगा। लेकिन इस्लामाबाद ने अपनी एकपक्षीय कार्रवाइयों से पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके की जनसंख्या संरचना बदली है, चीन को अवैध रूप से उसका क्षेत्र सौंपा है तथा जनता को नागरिक व राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया है। ऐसे में यदि भारत को बड़े सैनिक खतरे की तरह न पेश किया जाए तो पाकिस्तानी सेना का वर्चस्व समाप्त हो जाएगा।

1971 में भारतीय सेना के हाथों अपमानजनक पराजय और पूर्वी पाकिस्तान समाप्त होने के बाद इस्लामाबाद ने कश्मीर छीन कर बदला लेने का विचार पाल लिया है। कश्मीर पाकिस्तानियों को एकसाथ जोड़ने वाली गोंद की तरह है। भावनात्मक ब्लैकमेल तथा मुस्लिम भाइयों पर अत्याचार की बात करने के माध्यम से पाकिस्तानी नेतृत्व गंभीर घरेलू मुद्दों से नागरिकों का ध्यान भटकाने में सफल रहा है। पाकिस्तान एक विफल राज्य है और कश्मीर उसके नागरिकों के दिल और दिमाग में गरमी पैदा कर देश को एक रखता है। यह गरमी गायब होने पर देश छिन्न-भिन्न हो जाएगा।

इस प्रकार निर्धारित 'लक्ष्य' प्राप्त करने के लिए पाकिस्तानी अवस्थापना जिहादी आतंक समेत सारी चीजों का प्रयोग इसे 'पाने' के लिए कर रही है। कश्मीर में प्रत्यक्ष व परोक्ष हस्तक्षेप के साथ ही उसने दशकों से वैश्विक समर्थन पाने के लिए कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण का प्रयास किया है। उसे उम्मीद थी कि इससे क्षेत्र संबंधी यथास्थिति उसके पक्ष में आ जाएगी। लेकिन 5 अगस्त, 2019 को भारत द्वारा लिए कुछ निर्णयों के कारण पाकिस्तान की योजना ध्वस्त हो गई है जिसमें राज्य का दो केन्द्रशासित क्षेत्रों में विभाजन शामिल है। दुनिया द्वारा कश्मीर में परिवर्तन को भारत का आंतरिक मामला मानने के बाद इस मुद्दे पर पाकिस्तान अप्रासांगिक हो गया है। इससे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के इलाकों पर भारत का दावा भी स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है। इसमें पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से चीन को दिए क्षेत्र भी शामिल हैं। इस घटनाक्रम से इमरान खान और उनके सैनिक संरक्षक स्पष्ट रूप से आश्चर्यचकित हैं।

इसके बाद से पाकिस्तान के सारे कदमों से उसकी निराशा स्पष्ट दिखाई देती है। उसने नियंत्रण रेखा-एलओसी पर सेना एकत्र की, संयुक्त राष्ट्र महासभा में मुद्दा उठाया, इस्लामी देशों से अपील की, इस्लामी संधि संगठन देशों-ओआईसी की आपात बैठक बुलाने की प्रार्थना की, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अपने तर्क रखे, आतंकवाद को बढ़ावा दिया, युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया तथा भुगतान प्राप्त थिंक टैंकों व सोशल मीडिया जिहाद समेत भारत-विरोधी वैश्विक प्रचार को बढ़ावा दिया। लेकिन पाकिस्तानी नेतृत्व को भारी अपमान का सामना करना पड़ा।

भारत कश्मीर में प्रशासनिक सुधारों, आतंक-विरोधी कार्रवाइयों, रोजगार सृजन, विकास परियोजनाओं व जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत कर स्थिति ठीक कर रहा है, पर पाकिस्तान स्थिति खराब करने के सारे प्रयास कर रहा है। हालांकि, कश्मीर में अभी बहुत कुछ करना बाकी है, पर जनता ने पाकिस्तान और पाक-प्रायोजित आतंकवाद को अस्वीकार कर दिया है। इसका प्रमाण ज्यादा से ज्यादा कश्मीरियों द्वारा आतंकियों के बारे में सुरक्षा बलों को सूचनायें देना है। इसके बावजूद इस साल 5 अगस्त को पाकिस्तान ने 'काला दिवस' मनाया तथा 'कश्मीरियों से एकजुटता' के माध्यम से अपनी प्रासांगिकता बनाए रखने का प्रयास किया। इनमें विदेशी मीडिया की यात्रा, संरा. में कश्मीर मुद्दा उठाने, राजनेताओं व सैनिक नेताओं से बयान दिलवाने, प्रिंट मीडिया में विशेष सप्लीमेंट देने, एलओसी पर संरा. सैनिक पर्यवेक्षकों का दौरा, रावलपिंडी-मुजफ्फराबाद मार्ग का नाम बदल कर कश्मीर राजमार्ग तथा मुजफ्फराबाद-उरी मार्ग का नाम बदल कर श्रीनगर मार्ग रखने जैसे कदम शामिल हैं। सुरक्षा परिषद में चीन की सहायता से मुद्दा उठाने को कोई समर्थन नहीं मिला और चीन का भी अपमान हुआ। युद्धविराम उल्लंघनों का भारत ने कड़ा जवाब दिया जिससे पाकिस्तानी सैनिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी सेना को अपना वर्चस्व खोने का भय सता रहा है। अतः अपने मुहरे प्रधानमंत्री के माध्यम से वह कश्मीर मुद्दा गरम बनाए रखना चाहती है।

समय आ गया है कि पाकिस्तान अपनी इस ख्याली दुनिया से बाहर निकले। उसे स्वीकार करना चाहिए कि वह युद्ध हार चुका है। इसके बजाय उसे अपने नागरिकों के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए जिसकी राजनीतिक नेतृत्व से प्रतीक्षा है। पाकिस्तान विस्फोट के मुहाने पर खड़ा है और अच्छा होगा कि इमरान खान इसकी चिन्ता करें। उन्होंने अनेक अवसरों पर स्वयं स्वीकार किया है कि विश्व समुदाय भारत के साथ है। उनको यह कठोर यथार्थ समझना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय संबंध भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता पर आधारित होते हैं। पाकिस्तानी सेना को नागरिकों का गुस्सा भड़कने के पहले अपनी सोच बदलनी चाहिए। कश्मीरी समझदार और व्यावहारिक हैं। शुरुआती विरोध के बाद, जैसा कि हर परिवर्तन के साथ होता है, उन्होंने नई व्यवस्था स्वीकार की है जो उनका व भावी पीढ़ियों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करती है। उन्होंने अपनी बेहतरी के लिए पाकिस्तान को खारिज कर दिया है। अब पाकिस्तान को समझना है कि वह कश्मीर में अपनी ऊर्जा का दुरुपयोग बंद करे। पाकिस्तान को विफल राज्य बनने से बचने के लिए पहले अपना घर ठीक करना होगा। कश्मीरियों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के बजाय उसे सिंधियों, बलूचों, पठानों, शियों, अहमदियों व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ संवेदान व एकजुटता प्रकट करनी चाहिए।

# जलीय जीवन के लिए खतरनाक तेल रिसाव

> जलीय जीवन की बेहतरी एवं उसे पर्यावरणीय त्रासदियों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक समन्वित वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है।

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



अब जबकि भारत महामारी से जूझ रहा है, ऐसे में लगता है देश में आने वाली अन्य सभी आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं है। इस तथ्य से बड़ा उदाहरण और क्या होगा कि आमजन के बीच हिन्द महासागर क्षेत्र में हुए तेल के रिसाव को लेकर कोई जागरूकता या हो-हल्ला सुनाई नहीं दिया? 25 जुलाई को, चीन से ब्राजील जा रहा एमवी वाकाशिओ नामक एक जापी तेल टैंकर मॉरीशस के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में प्वाइंट डी इज्ने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पोत का ढांचा टूट गया, जिसके कारण उसमें लद हुआ अधिकतर सामान हिन्दमहासागर में बह गया। तेल में 4,000 टन तेल था और इसमें से 1,000 टन ईंधन पिछले सप्ताह पहले ही हिन्दमहासागर में बह गया था।

इस घटना के मॉरीशस के निकट होने के कारण यह सोचा जा सकता है कि भारत तेल रिसाव के भयावह परिणाम झेलने से बच गया। मगर दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं है। शक्तिशाली सागरीय धाराओं के कारण, सागर में मिलने वाला तेल न केवल मालदीव और मॉरीशस में समुद्री जीवन के लिए खतरा है बल्कि यह लक्ष्यदीप के चारों ओर के जल जन्तुओं के लिए भी गंभीर खतरा बना हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त पनडुब्बी की स्थिति, तेजी से बहता तेल और पोत के ढांचे को पहुंची क्षति के चलते मारीशस तथा भारतीय अधिकारियों के लिए कई चुनौतियां पैदा हो गई हैं, जो स्थिति पर निकट से निगाह रखे हुए हैं। यह खासकर गंभीर मामला है, ताजा जानकारियां को ध्यान में रखते हुए जिनसे संकेत मिलता है कि पोत टुकड़ों में विभाजित होने के कगार पर पहुंच गया है।

वर्तमान में हुई त्रासदी हिन्दमहासागर में विद्यमान नाजुक प्रवाल भित्तियों के लिए मौत का फश्रमान है, खासकर उस क्षेत्र के लिए जहां पोत मौजूद है। प्रवाल कैल्शियम कार्बोनेट से बने समुद्री जीव हैं और इन प्रवालों के ऊतकों के भीतर शैवाल होते हैं। प्रवाल एवं शैवाल के बीच एक सहजीवी संबंध होता है। जैसे ही रसायन और तेल प्रवाल भित्तियों पर आच्छादित हो जाते हैं, शैवाल उनसे बाहर हो जाता है, और इसके फलस्वरूप प्रवाल सूखने लगते हैं। यह पारिस्थितिकीय रूप से विनाशकारी प्रक्रिया है जो अपरिवर्तनीय है और मामला और भी ज्यादा बिगड़ जाता है क्योंकि सागर में लगभग 25 प्रतिशत मछलियां जीवित रहने के लिए स्वस्थ प्रवाल भित्तियों पर निर्भर होती हैं। अभी तक जितना तेल सागर में मिल चुका है उससे समुद्री जीव जन्तुओं की अनगिनत प्रजातियां नष्ट हो चुकी होंगी। सबसे बुरा पक्ष यह है कि इस त्रासदी से बचा जा सकता है। उत्कृष्ट उपग्रहीय चित्रण एवं पनडुब्बी के भू-स्थिति आंकड़े पहले से ही मॉरीशस के अधिकारियों के पास उपलब्ध थे। लेकिन इसके बावजूद, तेल टैंकर की मदद के लिए तीव्र गति से पहल नहीं की गई।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पोत 13 दिनों तक अटका रहा, तेल रिसता रहा, लेकिन मॉरीशस सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप न किया जाना दुखद है। यदि त्रासदी का पैमाना मॉरीशस की क्षमता से परे था, तो उसे फौरन अंतरराष्ट्रीय मदद मांगनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और परिणामस्वरूप, बहुमूल्य वातावरण तेल से भर गया है जिसके निष्प्रभावी होने में वर्षों लग जाएंगे और हो सकता है कि कभी खत्म न हो।

यह चिंताजनक रुझान है जिसका तत्काल उल्लेख करने की आवश्यकता है। विश्व आमतौर से, और भारत खासतौर से, प्रदूषण के साथ जीने का आदी हो चुका है। उदाहरण के लिए, मुंबई के लोग तेल की टार बालों से प्रदूषित होने वाले समुद्र तटों के आदी हो चुके हैं, जो बालू के संपूर्ण विस्तार के लिए दृष्टिगोचर हो रहा है। ये टार बाल्स दुर्घटनावश तेल के रिसाव अथवा तेल टैंकरों द्वारा जानबूझकर अपने बैलास्ट जल को समुद्र में बहाए जाने के कारण पैदा होते हैं जिससे विषैले रसायन एवं ईंधन जल में घुलमिल जाते हैं और अंततः मुंबई जैसे तटीय शहरों में समस्या का कारण बनते हैं। दुर्भाग्य से, ये स्थितियां केवल उन देशों में हैं जो पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धताओं को लेकर उदासीन रहते हैं। इसी प्रकार की लापरवाही और समुद्र तटों के प्रदूषण यूरोपीय देशों के तटीय शहरों में पाया जाता है।

तेल का रिसाव समुद्री जीव जन्तुओं के लिए निरंतर खतरा बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय टैंकर स्वामी प्रदूषण परिसंघ (आईटीओपी) के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में दुनियाभर में तेल रिसाव की पांच बड़ी घटनाएं हुईं थीं। सबसे बुरा था 2019 में ब्राजील में हुआ तेल रिसाव जिसके चलते लगभग 3,000 किलोमीटर तक तट रेखा दूषित हो गई। इंटेकओपेन के अनुसार, सभी स्रोतों से एक वर्ष में 3.2 मिलियन टन तेल का रिसाव होता है। लेकिन इस तेल का सर्वप्रमुख ग्रहणकर्ता समुद्र है। पर्यावरण के लिए तेल रिसाव किस हद तक विनाशकारी साबित हो सकता है इसे एक्जॉन वाल्डेज तेल रिसाव का अध्ययन करके पता लगाया जा सकता है जिसमें अलास्का के निकट 11 मिलियन टन तेल समुद्र में प्रवाहित हो गया था। इस त्रासदी के परिणामस्वरूप, लगभग 35,000 समुद्री पक्षी अलास्का की खाड़ी में मृत पाए गए थे और अनगिनत मछलियां व समुद्री जीवों की मौतें हुईं थीं।

बहुत विलंब से, मॉरीशस ने पर्यावरण आपदा घोषित की है। लेकिन यह तेल रिसाव की पहली घटना नहीं है, नही अंतिम होगी। जलीय जीवन की बेहतरी एवं उसे पर्यावरणीय त्रासदियों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक समन्वित वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए, टैंकरों एवं समुद्री पोतों की गतिविधियों पर नजदीक से निगरानी रखनी होगी। भारत को एक विशेष कार्यबल का गठन करना होगा जो हिन्दमहासागर क्षेत्र में प्रत्येक टैंकर का हिसाब रखे। बैलास्ट जल के रूप में इन टैंकरों से होने वाले प्रत्येक उत्सर्जन एवं संभावित तेल रिसाव पर अंकुश लगाना व उसे रोकना होगा।

समुद्री जीव जन्तुओं के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी उल्लंघन पर कठोर अर्थदंड लगाकर एवं विशिष्ट सागरीय मालवाही गलियारों से होने वाली समुद्री यात्रा के निरस्तीकरण के द्वारा दंड सुनिश्चित करना होगा। हो सकता है ऐसे दंडात्मक प्रयास पर्याप्त न हों लेकिन वे प्रतिरोधक साबित हो सकते हैं तथा समुद्री जीवन को फलने-फूलने का अवसर प्रदान कर सकते हैं।

## आप की बात

### स्वतंत्र आत्मनिर्भर भारत

**स्वतंत्रता** दिवस यानी 15 अगस्त को इस बार भारत अपनी 74 वीं वर्षगांठ के आयोजन का साक्षी बनेगा। इस वर्ष जो स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा उसकी थीम आत्मनिर्भर भारत की होगी।वस्तुतः आत्मनिर्भरता सदैव ही भारत का लक्ष्य रहा है परंतु वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रंखला के बाधित होने से इस दिशा में गंभीरता के साथ प्रयास करने की आवश्यकता को महसूस किया गया है। अभी के समय में देखा जाए तो भारत निरंतर आत्मनिर्भरता को अपना रहा है। भारत में किसी भी बड़े देश के दबाव में आए बिना ऐतिहासिक रूप से स्वतंत्र विदेश नीति का पालन किया है।बताते चलें की विदेश नीति एक डांटा है जिसके भीतर देश की सरकार बाहरी दुनिया के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग स्वरूपों से पेश करती है और संचालित करती है। वर्तमान सरकार द्वारा राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों से परस्पर संवाद के माध्यम से विदेश नीति को दोबारा से परिभाषित किया जा रहा है। जो कि एक बहुत ही अच्छी पहल है। इससे भारत की विदेश नीति मजबूत बनती हुई नजर आ रही है क्योंकि इस समय जहां पर हम नेतृत्व विहीन थे वहां पर हम नेतृत्व कर्ता के रूप में आ रहे हैं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### भारतीय खेलों को प्रोत्साहन

**भारतीय** खेलों के प्रति युवा पीढ़ी में रुझान कम हुआ है। आउट डोर गेम्स के बजाय बच्चे वर्तमान में वीडियो गेम एवं मोबाइल से चिपके रहना पसंद करते हैं। यही कारण है कि एशियन और ओलंपिक गेम्स में हमारी स्थिति कमजोर रहती है। हॉकी, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती आदि मूल भारतीय खेलों को खेल मंत्रालय द्वारा प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इन खेलों के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए कोच, प्रशिक्षण, अनुदान आदि की व्यवस्था हो ताकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हमारे देश का नाम रोशन हो सके। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सरकार द्वारा शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की जाना चाहिए। योग्य और श्रेष्ठ खिलाड़ियों का दायित्व सरकार को स्वयं उठाना चाहिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले कई पूर्व खिलाड़ियों की दुर्दशा देखकर भी युवा हतोत्साहित होते हैं। देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का आत्म सम्मान बरकरार रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अभिभावकों और समाज का दायित्व है कि वे बच्चों में भारतीय खेलों के प्रति आकर्षण और रुचि पैदा करें ताकि वे स्वस्थ रहें और उनकी फिटनेस भी बनी रहे।

– **ललित महलकारी**, इंदौर


### कर सुधार के प्रयास

**कर सुधार की** ओर भारत सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे जरूरी व स्वागतयोग्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में कराधान व्यवस्था को सुधारने के इरादे से जो घोषणाएं की हैं, उनसे टैक्स चुकाने वालों को निश्चित ही खुशी हो रही होगी। इन सुधारों का मुख्य लक्ष्य यदि ईमानदार करदाताओं को बढ़ावा देना है, तो इसकी जरूरत दशकों से महसूस की जा रही थी। अव्वल तो स्वयं प्रधानमंत्री ने बता दिया है कि 130 करोड़ लोगों के देश में केवल डेढ़ करोड़ कर चुकाते हैं। 130 करोड़ लोगों के देश में केवल डेढ़ करोड़ कर चुकाते हैं। तो इसकी वजह कृषि आय में शत प्रतिशत छूट देना है कई बड़े नेता उद्योगपति व अधिकारी कृषि आय के नाम पर अपनी अधिकतर आए हो काली से सफेद कर लेते हैं जबकि उन्होंने कभी फसल उगाई ही नहीं हो अतः सबसे पहले तो 10 लाख से अधिक कृषि आय वाले पर आयकर आरोपित किया जाए तो अभी जो 1 प्रतिशत से भी कमाई कर देता है उनकी संख्या बढ़कर 30 से 40 प्रतिशत हो जाएगी।

– **सुभाष बुडनवाला**, रत्लाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कोविड-19** महामारी न केवल वैश्विक निर्धनता व शांति हेतु हमारे संघर्षों की उपलब्धियों के लिए खतरा है बल्कि नए संघर्षों को भी जन्म दे सकती है।

– **संयुक्त राष्ट्र प्रमुख**
एंटोनियो गुटरेस



**जम्मू-कश्मीर** में बगैर किसी भेदभाव के विकास को गति मिलनी चाहिए। हमारा उद्देश्य राजनीति करना नहीं बल्कि प्रदेश की आत्मा को देश के साथ एकीकृत करना है।

– **मनोज सिन्हा**
जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल



**जब** देश के ईमानदार करदाता का जीवन सहज हो जाता है तो वह विकास के लिए कदम आगे बढ़ाता है और देश का भी विकास होता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## क्विक न्यूज

### स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गाए जाएंगे नए गीत

**प्रयागराज।** स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के कालातीत गाने ये देश है वीर जवानों का के साथ देश की मजबूत भावना को सलाम करने के लिए तैयार हैं। पेय ब्रांड माउंटेन ड्यू सारेगामा के इस प्रभावशाली गाने पर माउंटेन ड्यू के विचार को संगीत निर्माता संगीतकार राम संपत द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इसमें बॉलीवुड गायक सुखविंदर सिंह की आत्मा को झकझोरने वाली आवाज सुनाई देगी। प्रसिद्ध गीतकार स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखित यह गीत डर के आगे जीत है के ब्रांड दर्शन को दोहराता है और कठिन समय से विजयी होते देश की भावना को सलाम करता है। स्वतंत्रता दिवस पर साहसी होने और डर पर काबू पाने की इस भावना को सलाम करते हैं। एक ऐसा दर्शन जिसके साथ माउंटेन ड्यू हमेषा से खड़ा है। गाने के बोल देश को प्रेरित करेंगे और इस कठिन समय में विजयी होने की प्रेरणा देंगे।

### संवेदनशील होने की जरूरतः आदित्य

**प्रयागराज।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को आईएन टेन मीडिया नेटवर्क अपने एक अद्भुत ओटीटी प्लेटफार्म एपिक ऑन को नए लुक में लाइव करेगा। जो बेहद रोमांचक ब्रांड प्रोपोजिशन और आने वाले दिनों में बेहतरीन कंटेंट प्रदान करेगा। आईएन तेन मीडिया नेटवर्क के प्रबंध निदेशक आदित्य पित्ती ने प्लेटफॉर्म की पेशकश में रणनीतिक बदलाव को विस्तार से बताते हुए कहा कि आगामी दशक में जो कंटेंट लोग देखना चाहेंगे। वह गुणवत्ता भाषा और विभिन्नता से बढ़कर होगा। इसके साथ ही लोगों तक पहुंचने का माध्यम में भी बदलाव हो सकता है। एपिक ऑन के नए ऐप में एक नयापन है और बहुत सारी टेक्नॉलॉजी का प्रयोग किया गया है। यह एक सिफर से शिखर तक का सफर है। जो कि कंपनी के सारे टेक्निकल स्टाफके सहयोग से बन सका है।

### डब्ल्यूएचओ ने महामारी पर की सकारात्मक प्रशंसा

**प्रयागराज।** वैश्विक महामारी के शुरुआती दिनों से ही अमेज़न इंडिया एसोसिएट्स ग्राहकों और पार्टनरों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए स्थानीय अधिकारियों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के मार्गदर्शन के अनुसार फुलफिलमेंट सेंटर सॉर्टेशन सेंटर और डिलिवरी स्टेशनों में प्रोसेस संबंधी लगभग सौ परिवर्तन किये हैं। अमेज़न इंडिया ने छह और सात अगस्त को अपने दो दिवसीय शॉपिंग इवेंट प्राइम डे का आयोजन किया। जो देश भर के अमेज़न सदस्यों के लिए था। आयोजन ने अमेजन इंडिया के ऑपरेशन नेटवर्क में सामान्य दिनों के मुकाबले अधिक व्यस्तता बनाये रखी। कंपनी द्वारा किये गये कई तकनीकी प्रयासों में से चार के बारे में बताया गया है। प्रयासों के कारण कंपनी अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारत में प्राइम डे के दौरान बिना किसी रुकावट के ग्राहकों से किये गये वादों को बड़े पैमाने पर पूरा करने में सक्षम रही।

### डीरेका में स्वच्छता सप्ताह के तहत किया श्रमदान

**वाराणसी।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारतीय रेल में दिनांक 10 से 16 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । इसी परिप्रेक्ष्य में आज दिनांक 14 अगस्त को डीजल रेल इंजन कारखाना स्थित सूर्य सरोवर एवं पश्चिमी बाजारए जलालीपट्टी में अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा वृहद श्रमदान किया गया। कार्यक्रम समन्वयक महेश कुमार मुख्य संरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में संरक्षा अनुभाग की टीम ने पश्चिमी बाजार जलाली पट्टी स्थित गुमटी मार्केट में सभी स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष रूप से प्लास्टिक कचरों का उचित निस्तारण किया गया। इसी क्रम में कारखाना परिसर स्थित समस्त शॉपों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वृहद स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया।

### बढ़ाव पर गंगा घाटों का टूटा अंतरसंबंध

**वाराणसी।** गंगा के जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज किया जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग के मध्य कमान की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक फिलहाल गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय जल आयोग के मध्य कमान की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार प्रातः गंगा का जल स्तर 62० 92 दर्ज किया गया है। ऊपरी क्षेत्रों में बारिश के चलते गंगा बढ़ाव पर है ऐसे में अनुमान लगाया जा था है कि फिलहाल गंगा के जलस्तर बढ़ने की संभावना है। गंगा अभी खतरे के निशान 70० 262 के नीचे बह रही है। गंगा के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के चलते घाटों से आवाजाही बाधित हो गई है। कई स्थानों पर गंगा ने घाटों कि सीढ़ियों के उपर से बह रही है। घाटों पर पानी भर जाने से गंगा किनारे किनारे की आवाजाही बाधित हो गई है।

# बदमाशों ने युवक की हत्या की आभूषण व नगदी लेकर फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**चितईपुर के** इंदिरा नगर कॉलोनी में बदमाशों युवक की हत्या कर नकदी और आभूषण लेकर फरार हो गए। हत्या कि सूचना मिलते सएसपी और एसपी सिटी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि चोरी की नीयत से घर से घुसे बदमाशों और युवक के बीच गुथम गुत्थी भी हुई होगी। जिसके बाद बदमाशों ने युवक की हत्या कर नकदी और आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब शुभ परिजन नींद से जगे और दूसरे कमरे और किचन का हाल देखा। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी अमित पाठक एसपी सिटी विकास चन्द्र त्रिपाठी और लंका थाने की पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच में जुट गई। मिली जानकारी के मुतबिक इंदिरानगर में किराए के मकान में दो किराएदार ब्रह्मानंद दूबे व अंतिम दूबे काफी लंबे समय से रहते हैं। मकान को देर रात बदमाशों ने निशाना बनाया। परिजनों के अनुसार बदमाश चोरी करने के लिए अंतिम दूबे के रूम से सटे किचन का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे होंगे और कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिया होगा। इसी बीच ब्रह्मानंद के छोटे बेटे विशाल दुबे की नजर बदमाशों पर पड़ी होगी और विरोध करने पर बदमाशों ने उसे मौत के घाट उतारा होगा। सुबह जगने पर मृतक के माँ अर्चना और भाभी को घटना की जानकारी हुई। अर्चना ने बताया कि रात में विशाल के साथ क्या हुआए उनको भनक तक नहीं लगी। कमरें का दरवाजा बाहर से बन्द था। पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा खोलवाया गया। किचन से लेकर विशाल के कमरे तक सामान अस्त.व्यस्त पड़ा था। जगह.जगह खून भी गिरा हुआ था। परिजनों के मुताबिक चोरों ने करीब 40 हजार नकद और तीन लाख के गहने ले गए है। मौके से पुलिस व फारेंसिक टीम को बीयर व देशी शराब की बोतल और चमड़े की चप्पल मिली है। पुलिस टीम ने कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि विशाल की हाईकोर्ट में नियुक्ति भी होने वाली थी। मृतक विशाल दो भाइयों में छोटा था। पिता ब्रह्मानंद दूबे बड़े बेटे वैभव से मिलने प्रतापगढ़ गए हुए थे। वैभव जूनियर इंजीनियर पर पर पोस्टेड है। मौत की जानकारी होते ही दोनों बनारस के लिए निकल पड़े। बेटे की मौत से पूरा परिवार में कोहराम मच गया। रोती बिलखती माँ ने कहा कि मेरे बेटे को छोड़ देना था मेरे बेटे को क्यों मारा। पैसा व गहना ले जाते पर उसे छोड़ देते। घटना से क्षेत्र में भी दहशत व्याप्त है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही हमलावर गिरफ्त में होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर सेवा पदक से सम्मानित होंगे शशिभूषण राय

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**उत्कृष्ट सेवा** के लिए जैतपुरा इंस्पेक्टर शशिभूषण राय को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें पुलिस महानिदशक स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदान करेंगे। पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी जैतपुरा में तैनात शशिभूषण राय को प्रशंसा पत्र से सम्मानित करेंगे। राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव बक्सर के इंस्पेक्टर शशिभूषण राय सन 2001 में बतौर सब इंस्पेक्टर पुलिस विभाग को ज्वाइन किया था। प्रमोशन पाने के बाद 2016 में वह इंस्पेक्टर बने। बनारस के अलावा उन्होंने आजमगढ़ए जौनपुरए सोनभद्र और मऊ में अपनी तैनाती के दौरान बेहतरीन काम किया है। इंस्पेक्टर शशि भूषण राय को वर्ष 2012 में राष्ट्रपति की ओर से वीरता पदक ;गैलंट्री अवॉर्डद्ध दिया गया था। गौरतलब है कि मऊ में तैनाती के दौरान पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हुई थी। बदमाशों से मुठभेड़ करने वाली टीम में इंस्पेक्टर शशिभूषण राय भी शामिल थें। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में निरीक्षक गोविंद सिंह गोली लगने से शहीद हो गए थें। करीब पांच घंटे चली मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को मार गिराया था। इंस्पेक्टर गोविंद सिंह शहीद हो गए थें। बदमाशों ने जिस घर के परिजनों को बंधक बनाया था उसके एक सदस्य की हत्या कर दी गई थी। मारे गए बदमाशों की पहचान नीरज और विकास के रूप में हुई थी। बदमाशों ने घर में घुसने के कुछ देर बाद रामजीत की हत्या कर दी थी जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चों को बंधक बनाकर घर के अंदर से पुलिस पर लगातार गोलियां चलाते रहे। इस बीच थाने की पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल गोविंद सिंह बदमाशों की गोली लगने से शहीद हो गए जबकि एक सिपाही घायल हो गया था। पांच घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद दोनों बदमाशों को पुलिस ने मार गिराया गया था।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह तैयारियां पूरी, सुरक्षा पुख्ता बंदोबस्त





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जश्ने आजादी** का पर्व भारतीय स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वतंत्रता दिवस तैयारियों के तहत सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। इस बार कोराना संक्रमण को देखते हुए समारोह में भीड़ भाड़ नहीं होगी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां की गई हैं। इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में एनसीसी कैडेटों की परेड नहीं होगी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राकेश भटनागर यहां झंडोत्तोलन करेंगे और एनसीसी ग्रुप ए के ग्रुप कमांडर कार्यक्रम ब्रिगेडियर नरेंद्र सिंह समारोह में शामिल होंगे। इस वर्ष एनसीसी के किसी भी यूनिट के कैडेट समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे। इस बार स्वतंत्रता दिवस परेड में एनसीसी के स्टाफ और अधिकारी ही शामिल होंगे।

डी जल रेल इंजन कारखाना प्रशासनिक भवन के प्रांगण में 74वां स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रातरू 9 बजे हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसके? कश्यप प्रमुख मुख?य विद्युत इंजीनियर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल सिविल डिफेंस एवं सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण किया जाएगा । कोविड.19 के कारण समारोह का मनाना सीमित किया गया है।

# कोविड-19 जांच को बढ़ाया जा रहा चिकित्सकीय संसाधन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जनपद के** सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों के नेतृत्व में रैपिड रिस्पोंस टीमों ;आरआरटीद्ध ने पॉज़िटिव मरीजों के घर संपर्क कर होम आइसोलेशन अथवा हॉस्पिटल शिफ्टिंग की संस्तुति तथा पॉज़िटिव मरीजों के क्लोज़ कोंटेक्ट ट्रेसिंग का कार्य करा रहे हैं। सर्विलान्स टीमों जिसमें शिक्षक भी सर्विलान्स कार्य भी लगाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही विभिन्न अन्य विभागों यथा आपूर्ति विभाग के अलावा सुरक्षा विभाग एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से जनपद में 15 हजार व्यक्तियों को आईवेर्मेक्टिन की 1० 20 लाख गोली वितरित की गई। जनपद में आज 1594 व्यक्तियों की सैंपलिंग और कोरोना जांच की गयी। जिले में संचालित सर्विलान्स अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कुल 782 और शहरी क्षेत्र में कुल 200 टीमें लगी हुई हैं। इस तरह से पूरे जनपद में कुल 982 टीमें कार्य कर रही हैं। लक्षणयुक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर सैंपलिंग कराया जा रहा है। सर्विलान्स डाटा फीडिंग और हॉस्पिटल फ़ैसिलिटी की डाटा फीडिंग की मॉनिटरिंग कराते हुये इन कार्यों में अतिरिक्त मानव संसाधन लगाया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य स्तर एवं उच्च स्तर पर वार्ता कर कोविड के अंतर्गत विभिन्न अन्य संसाधनों को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। जनपद प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि जनपद में उपलब्ध विभागीय मानव एवं अन्य संसाधनों के समुचित प्रयोग के साथ ही साथ आवश्यकतानुसार अन्य संसाधन फील्ड एवं हॉस्पिटल में बढ़ाएं जाएँ। जिलाधिकारी के मुतबिक़ किसी भी स्तर पर मानव या अन्य चिकित्सा संसाधनो की कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी और सभी के सहयोग से बढ़ते हुये कोरोना संक्रमण पर जल्द ही काबू करने का हर संभव प्रयास जारी रहेगा।

# बंद कमरे में दम्पति के शव मिलने से सनसनी

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले की घटना

**संवाददाता।** उन्नाव

**गंगाघाट कोतवाली** क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले में शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध हालत में बंद कमरे में दम्पति के शव पड़े मिलने से हडकंप मच गया। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंगाघाट के गांधीनगर मोहल्ला निवासी अधेड़ सुशील पाल कानपुर लालबंगला में ज्वैलरी की दुकान में कारीगर था। शुक्रवार की दोपहर दम्पति कमरे से बाहर नहीं निकले। जिसके बाद छोटे भाई ने आवाज दी। कोई हरकत न होने पर दरवाजे में धक्का मारा। जिसके बाद दरवाजा खुल गया। बेड के नीचे अलग-अलग दम्पति के शव पड़े हुए थे। जिससे उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई शंकर ने बताया कि सुशील का लॉकडाउन के बाद काम बंद चल रहा था। जिससे परेशान रहता था। इसके साथ ही करीब 15 दिन से बीमार चल रहा था। उसे खांसी और बुखार की शिकायत थी। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। उधर, परिजनों के मुताबिक बेरोजगारी और बीमारी से परेशान होकर खुदकुशी की घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है।

### रायबरेली की युवती ने लगाई फांसी, मौत

**उन्नाव।** रायबरेली निवासी युवती सरला ने शहर के ईदगाह पत्थर कॉलोनी मोहल्ला निवासी शिवसिंह यादव से कोर्ट मैरिज कर ली थी। दोनों ने शहर आने के बाद किराए का कमरा लेकर रहने लगे थे। कुछ दिनों बाद शिव सिंह लड़की को छोड़ के अपने घर आ गया। क्योंकि शिवसिंह दूसरी शादी करने की फिराक में था और इसका केस रायबरेली कोर्ट में चल रहा था। जिसमें रायबरेली कोर्ट से सुलहनामा हुआ था। लड़की 11 अगस्त जन्माष्टमी के दिन शिव सिंह के घर आई, तो उसके ससुरालीजनों ने उसे मारा और घर के अंदर घुसने नहीं दिया। सरला तीन दिन तक घर के बाहर ही बैठी रही और उसने उन्नाव पुलिस को भी सारी जानकारी दी। मगर पुलिस से कोई कार्रवाई नही की गई और जिसका नतीजा शुक्रवार की सुबह 14 अगस्त को उसने घर के गेट में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत चार पर केस दर्ज कराया है।

**छात्र का फांसी पर लटकता मिला शवः** आसीवन थाना क्षेत्र के रहीमाबाद गांव के मजरा मत्तूखेडा निवासी चंद्रशेखर पुत्र केशन 16 के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मृतक हाई स्कूल का छात्र था और एक साल मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। शुक्रवार को छात्र का फांसी पर शव लटकता मिला।

# विश्व सितार सम्मेलन में सुप्रिया शाह की होगी प्रस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**प्राचीन कला** केंद्र गुणीजनखाना और नवरस स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स के संयुक्त त्वावधान में ऑनलाइन विश्व सितार सम्मेलन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय परफॉर्मिंग आर्ट्स की असिस्टेंट प्रोफेसर सुप्रिया शाह सितार की प्रस्तुति देंगी। इस आयोजन में सुप्रिया शाह राग मधुवंती में अलाप जोड़ झाला की प्रस्तुति देंगी। जश्ने आजादी के मौके पर 15 अगस्त की शाम 5० 30 बजे से ऑनलाइन विश्व सितार महोत्सव का आगाज होगा। इसमें सितारवादक सुप्रिया शाह मैहर घराने कि प्रस्तुति देंगी। विश्व सितार महोत्सव में दुनिया के 12 देशों के 35 कलाकाार प्रस्तुति देंगे। सुप्रिया शाह ने 13 साल की उम्र में संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी।सुप्रिया शाह वर्तमान में ग्रैमी पुरस्कार विजेता पद्म भूषण विश्व मोहन भट्ट से प्रशिक्षण ले रही है। इस दौरान 1904 के सितार की ध्वनि की पहली रिकॉर्डिंग से सितारस्टार्टिंग की दुर्लभ अभिलेखीय रिकॉर्डिंग का एक भाग भी प्रसारित कियाा जाएगा।

# आठ लाख की नगदी व दस लाख के जेवरात चोरों ने किए पार

- शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासिफ अली सराय की घटना
- पुलिस का दावा जल्द घटना का किया जाएगा खुलासा, चल रही जांच पड़ताल



**उन्नाव।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासिफअली सरांय में गुरूवार की रात चोरो ने एक घर से आठ लाख की नगदी समेत करीब एक दस लाख रूपए के जेवरात पार कर दिए है। सुबह घर का सामान अस्त ब्यस्त देख पीड़ित ग्रहस्वामी ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द की घटना का खुलासा किया जाएगा। जांच पड़ताल की जा रही है। शहर के मोहल्ला कासिफ अली सराय निवासी शोएब अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि देररात चोरों ने उसके बगल के कमरे का ताला तोड़कर 8 लाख 300 रुपए व करीब 10 लाख रूपए के जेवरात पार कर दिए है। पीड़ित के अनुसार रात ग्यारह बजे के बाद उसके भाई शबाब अहमद, शादाब अहमद, मां अफसर जहां, बहन नौशाबा 2व भतीजी जौफिशा के अलावा कानपुर में ब्याही बहन शाइस्ता अपने-अपने कमरो में सोने चले गए थे। तभी देररात में किसी समय दाखिल हुए चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। शुक्रवार सुबह सोकर उठी बहन से घर का सामान अस्त ब्यस्त देखा तो पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर किला चौकी प्रभारी प्रेंमप्रकाश दीक्षित, शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। पुलिस का दावा कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। मामले की जांच पड़ताल चल रही है।

# कार व ट्रक की भिड़ंत में पिता की मौत, बेटा घायल

- आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज संडीला मार्ग पर हुई घटना

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज संडीला मार्ग पर कार व ट्रक की भिड़ंत में पिता की मौत हो गई। जबकि कार चला रहे बेटा घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसीवन थाना क्षेत्र के हैदराबाद कस्बा के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी वृद्ध होरीलाल अपने बेटे मनोज के संग कार से गौराकला गांव में सुरेश के यहां शुक्रवार को बोरिंग करने के लिए गए थे। मगर वह किसी काम से कहीं चला गया था। जिसके बाद पिता पुत्र वापस लौट रहे थे। दोनों लिंक मार्ग से मियागंज संडीला मार्ग पर पहुंचे थे कि चकलवंशी से संडीला की ओर डस्ट लाद कर जा रहे ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। जिससे पिता होरीलाल की मौके पर ही मौत हो गई और कार चला रहा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया घटना की जानकारी पर रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मृतक वृद्ध बोरिंग मिस्त्री का काम करता था और इस सिलसिले में शुक्रवार को पुत्र के साथ बोरिंग करने के लिए गया था। जहां से दोनों वापस लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया और पिता की मौत हो गई।

# ट्रिपल आईटी और समरकंद विवि ने किया समझौते पर हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भारतीय सूचना** प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद तथा समरकंद राज्य विश्वविद्यालय उज्बेकिस्तान दोनों मिलकर अगले चार वर्ष तक आपस में शैक्षणिक सहयोग के आदान प्रदान के लिए आगे आये हैं। दोनों संस्थान ने आज एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। संस्थान की ओर से प्रोफेसर शिर्षू वर्मा कुलसचिव तथा समरकंद राज्य विश्वविद्यालय उज्बेकिस्तान की तरफ से प्रो आरआई खलमुरदोव कुलपति ने हस्ताक्षर किये। संस्थान की तरफ से निदेशक प्रोफेसर पी नागभूषण डॉ विजयश्री तिवारी अध्यक्ष प्रबंधन अध्यन विभाग उपस्थित रहे। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन संपन्न हुई। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर पी नागभूषण ने बताया कि दोनों संस्थान शैक्षणिक ज्ञान का आदान प्रदान करेंगे। दोनों संस्थान में एक दूसरे के यहाँ संकाय सदस्यों के आदान प्रदान की सुविधा प्रदान करेंगे। जिससे अनुसंधान एवं शोधकार्य की गतिविधियों को साझा करेंगे। दोनों पक्ष उपलब्ध क्षेत्रों में शोध को साझा करते हुए इसे प्रोत्साहित करेंगे। अनुसंधान परियोजनाओं और उनके संगठन की सुविधा प्रदान करेंगे जिसके अंतर्गत सेमिनार कार्यशाला सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि इंडो उज्बेकिस्तान के बीच सूचना संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी केन्द्र की स्थापना की जायेगी। संकाय सदस्यों द्वारा विषयों के पठन पाठन के वार्षिक मूल्यांकन एक दूसरे के यहां ठहरने की अवधि शुल्क आदि को अलग से इस प्रारुप का निर्धारण किया जायेगा। इसी परिप्रेक्ष्य में समझौते के तत्काल बाद एक टास्कफोर्स कमेटी का गठन किया गया है जो सूचना भारतीय सूचना प्रौद्योकिगी संस्थान इलाहाबाद में इंडो उज्बेक संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी केन्द्र की स्थापना की जाएगीं। संस्थान में टास्क फोर्स कमेटी में प्रो शिर्षू वर्मा समन्वयकए डाण् विजयश्री तिवारी सह समन्वयक डाण् प्रीतिश भरद्वाज डा माधवेन्द्र मिश्र डा वृजेन्द्र सिंह डाण् सुनील यादव डाण् उत्कर्ष गोयल डाण् रेखा वर्मा तथा अन्शू आनन्द सदस्य होगें।

# 74वां स्वतंत्रता आज, कोविड की गाइड लाइन के तहत होगा ध्वजारोहण

- स्कूल कालेजों और कार्यालय में फहराया जाएगा ध्वज

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**74 वां** स्वतंत्रता दिवस समारोह शनिवार शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। कोरोना वायरस को लेकर कोई कार्यक्रम तो आयोजित नहीं होंगे लेकिन सामाजिक दूरी का पालन करते हुए झंडारोहण किया जाएगा। स्कूल कालेजों के साथ तमाम संस्थाएं स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे। इसके साथ ही हाइकोर्ट कलेक्ट्रेट कमिश्नरी रेलवे कोर डीआरएम में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के सभी सदस्य 15 अगस्त शनिवार को कोविड 19 का अनुपालन करते हुए अपने अपने घरों पर झंडा लगायेंगे तथा राष्ट्रगान करेंगे। संस्था के संरक्षक पूर्व सूबेदार श्याम सुन्दर सिंह पटेल ने समिति की ओर से दी है। गर्वनमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज का ध्वजारोहण कार्यक्रम कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए प्रातः 10० 30 बजे क्लाइव रोड स्थित हीरा वाटिका में आयोजित किया गया है। ध्वजारोहण कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष के निर्देश पर मीडिया प्रभारी श्याम सुन्दर सिंह पटेल ने दी है। विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान द्वारा 15 अगस्त शनिवार को ध्वजारोहण के पश्चात पूर्वान्ह 11 बजे महाराष्ट्र लोक सेवा मण्डल अलोपीबाग में होगा। दो नाटकों प्रबोध जोशी रचित तीन बंदर तथा अभिलाषा नारायण लिखित प्रेम धरोहर प्रेम प्रतीक का वाचन सामाजिक दूरी को ध्यान रखते हुए किया जायेगा। प्रयागराज व प्रतापगढ़ के लोक जीवन द्वारा स्वतंत्रता और स्वराज पर केंद्रित वर्चुअल कार्यक्रम हमारा हिन्दुस्तान 15 अगस्त को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। भयहरणनाथ धाम के महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर की प्रेरणा से प्रयागराज पर्यटन एवं सामाजिक विकास संस्थान व दैनिक लोक मित्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक संतोष भगवन ने बताया कि कार्यक्रम में देश के नामी कवि शायर तथा ख्याति लब्ध पार्श्व गायक भाग लेंगे।जिसमें अंतरराष्ट्रीय शायर डाण् कलीम कैसर गोरखपुर अन्तरराष्ट्रीय कवि डाण् सुरेश अवस्थी कानपुर अन्तरराष्ट्रीय शायर सागर त्रिपाठी मुम्बई अंतरराष्ट्रीय शायरा प्रीता बाजपेयी प्रयागराज डाण् अखिलेश मिश्र अन्तरराष्ट्रीय कवि विशेष सचिव ट्रांसपोर्ट उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कवि लोकेश शुक्ला डायरेक्टर आकाशवाणी प्रयागराज रवि शुक्ला राष्ट्रीय शायर बीकानेर राष्ट्रीय कवि अमन अक्षर इन्दौर नूपुर राही राष्ट्रीय कवयित्री कानपुर हरि बहादुर हर्ष कवि प्रतापगढ़ साक्षी त्रिपाठी नई दिल्ली आदि भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुंबई से प्रख्यात पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी एवं संगीतकार विष्णु मिश्र विशेष रूप से भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रयागराज पर्यटन एवं सामाजिक विकास संस्थान की सचिव डाण् नीलिमा मिश्रा शायरा प्रयागराज करेंगी। 74 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को प्रातः 9 बजे कायस्थ पाठशाला के मुख्यालय पर ध्वजारोहण होगा। ध्वजारोहण कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष जितेन्द्रनाथ सिंह द्वारा किया जायेगा। उक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता व अति सचिव प्रशासन अनिल कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

# मानक के अनुसार संबंधित कार्यों में तेजी लाने के डीएम ने दिए निर्देश

**संवाददाता।** अयोध्या



**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास के प्राथमिकता के कार्यक्रमो की समीक्षा की गई। इस बैठक में विकास, चिकित्सा, पंचायत, समाज कल्याण, नगर निगम, कृषि, सिचाई, वन, ऊर्जा, ग्राम्य विकास, पीडब्लूडी आदि विभागो के अधिकारियो ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के चार माह व्यातीत हो चुके है संबंधित विभाग के अधिकारी अपने.अपने विभाग के कार्यो को समय से पूरा करे कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्वच्छता कार्यक्रम को बढ़ाये, समाजिक कल्याण के विधवा, द्विव्यांग, वृद्धावस्था आदि पेंशन के कार्यो को सत्यापन कर इनको लाभ पहुॅचाये। जनपद में 804 ग्राम पंचायतो में से 502 ग्राम्य पंचायतो में सामुदायिक शौचालयो का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है तथा 165 ग्राम सभाओ में पंचायत भवन, 35 ग्रामो में महिला कम्पलेक्स आदि के निर्माण कार्य शुरू हो चुके है। जिलाधिकारी ने मानक के अनुसार संबंधित कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत के कार्यो में बेहतर समन्वय से राजस्व विभाग के साथ कार्य चलाने का आहवान किया निर्माण कार्यो में तेजी लानेए किसानो के लिए उर्वरक आदि की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागो के कार्य अंतिम चरण में है उसकी भी सूची बनाये ताकि जो अधूरे कार्य हो उसकी भी सूची बनाये तथा शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूरा करें। इस बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारीध्सहायक उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार ने विकास प्राथमिकता के कार्यो का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यूरिया की कमी को देखते एआर कोआपरेटिव कार्यवाही करे तथा इनको शोकाज नोटिस जारी किया जाये और उसकी प्रति प्रमुख सचिव सहकारिता को भी भेजी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगो की ड्यूटी कन्टेनमेटजोन में लग रही है उसके कार्यालाध्यक्ष सुनिश्चित करे कि वो अधिकारी मौके पर ड्यूटी जाये तथा कोविड के प्रसार को रोकने में निर्देशो का पालन करे। जिलाधिकारी द्वारा 15 अगस्त के कार्यो के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि 9 बजे सभी सरकारी भवनो पर ध्वजारोहण होगा इसके अलावा वेसिक शिक्षाधिकारी ओर जिला विद्यालय निरीक्षक यह सुनिश्चित करे कि किसी विद्यालय में भीड़ न हो तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाये।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रतियोगिता आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के रोवर्स–रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व सन्ध्या पर रोवर्स–रेन्जर्स के द्वारा कोरोना काल में यूवाओं की भूमिका विषय पर निबन्ध, कविता, भाषण तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें कूल 116 रोवर्स/रेन्जर्स ने प्रतिभाग किया। निबन्ध प्रतियोगिता में मुस्कान दयाल को प्रथम, डिम्पल सिंह हो द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कविता प्रतियोगिता में अनुष्का तिवारी को प्रथम तथा राहुल कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अनुष्का तिवारी द्वारा रोग लागे न केहू और के नाम से एक भोजपुरी गीत भी प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में राहुल कुमार को प्रथम तथा डिम्पल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चित्रकला तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आनलाईन आयोजन कराया गया। जिसमें 170 स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। निबन्ध प्रतियोगिता में आयूष यादव को प्रथम, रूपम को द्वितीय एवं आदित्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में आयूष कुमार यादव को प्रथम, अंजली शर्मा को द्वितीय तथा ज्वाला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम अमर शहिदों तथा कोरोना संकट में कोरोना वालेंटियर्स के सम्मान में किया गया।

## 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे सभी सरकारी व गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाय

**संवाददाता।** अयोध्या

**उप्र सरकार** के मुख्य सचिव के द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने हेतु विस्तृत आदेश जारी किया गया है जिसमें हमारे देश के गौरवशाली इतिहास स्वतंत्रता सेनानियो के इतिहास ओर बलिदान की याद दिलाने वाला 74वा स्वतंत्रता दिवस समारोह कोविड.19 को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशो का अनुपालन करते हुए परम्परागत रूप रूप से सादगीए खुशी एवं आकर्षक ढंग से मनाये जाने हेतु अपेक्षा की गई है जिसके क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 20 जुलाई 2020 को जारी दिशा निर्देशो के अनुसार 15 अगस्त 2020 को प्रात: 9 बजे सभी सरकारी गैर सरकारी इमारतो पर राष्टीय ध्वज फहराया जाये तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन हो। राष्टीय ध्वज में पुष्पो की पंखुड़िया बांधकर उसे फहराया जाये। इस कार्यक्रम की स्थानीय स्तर पर रूपरेखा का निर्धारण किया गया है जिसके क्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का विवरण जारी किया गया है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम के महान विभूतियों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेंगे तथा 15 अगस्त को प्रात: 6 बजे से ग्राम स्वावलम्बी विद्यालय खादी आश्रम द्वारा कोविड.19 का प्रोटोकाल का पालन करते हुए पांच व्यक्तियों द्वारा कताई एवं सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में पूर्ण रुप से कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए ही कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रात: 10 बजे चिकित्सालयों में फल वितरण किया जायेगा तथा 3 बजे जिला कारागार में बंदियों को फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा। सायं 4 बजे से पांच बजे तक छात्रों द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के छात्र विद्यार्थियों द्वारा बदलते परिवेश पर आनलाईन शिक्षा विषय पर निबन्ध आयोजित होगा तथा 6 से 8 कक्षा के छात्रों के द्वारा देशभक्ति विषय पर कविता का 2 मिनट का वीडियों अपलोड किया जायेगा । इसके संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी होंगे।

कक्षा 9 से 12 तक स्वरचित कोरोना व देशभक्ति पर दो मिनट का लाईव परफारमेंस आनलाइन किया जायेगा। इस कार्यक्रम की रुपरेखा शिक्षा विभाग के अधिकारी निर्धारित करेंगे। सभी शासकीय कार्यालयों को 14 अगस्त की सायं से पार्को सहित आदि स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए समबद्धता के साथ इन कार्यक्रमों को सम्पन्न करायें।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को सम्मानित करते एसडीएम व सीओ पायनियर

**कोरोना** वायरस महामारी के दृष्टिगत स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को तहसील जलालपुर के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी धर्मराज वर्मा निवासी ग्राम शेखूपुर, श्रीराम निवासी ग्राम शेखूपुर, रामउजागिर पाण्डेय निवासी ग्राम निजामपुर, अभयराज सिंह निवासी ग्राम नत्थूपुर लोधना एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 रामलौटन वर्मा की पत्नी जमुना देवी को उपजिलाधिकारी जलालपुर महेन्द्र पाल सिंह, तहसीलदार जलालपुर बृजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी जलालपुर रामप्रवेश राय एवं राजस्व निरीक्षक बन्दीपुर प्रवेश कुमार व राजस्व निरीक्षक सम्मनपुर प्रेमप्रकाश तिवारी द्वारा उनके आवास पर जाकर शाल व मिष्ठान देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया एवं स्वतन्त्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# जनकल्याण के लिए समर्पित भाजपा सरकारः वेद गुप्ता

**संवाददाता।** अयोध्या



**कोरोना** महामारी के कारण पूरे विश्व में जहां विकास का पहिया पूर्ण रूप से थम सा गया था वही भारतवर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में विकास की गंगा निरंतर वह रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश को विशेषकर अयोध्या को विकास योजनाओं की सौगात निरंतर प्रदान किया जा रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर परिस्थिति में जन कल्याण के लिए विकास के लिए संकल्पित हैं समर्पित है। उक्त उदगार अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने नगर के देवकाली में स्थित पार्वती मैरिज लॉन में विधायक निधि योजना के अंतर्गत 20 सड़कों का शिलान्यास व पूर्वांचल विकास निधि योजना के अंतर्गत 19 सड़कों का लोकार्पण करते हुए कहा। नगर विधायक ने कुल 39 सड़कों की सौगात अयोध्यावासियों को दी। अयोध्या विधानसभा के ग्रामसभा अलावलपुर, पलिया शाहबदी, करमा कोडरी, शिवदासपुर, कुढ़ा केशवपुर, रामपुर हलवारा, फतेहपुर मुमताजाबाद, करौंदी, सरेठी, उसरू, गजराज का पुरवा, द्वारिकापुर देवगढ़, गद्दोपुर, खजुरावन, नारायणपुर, पुनहद, खानपुर, डाभासेमर, कस्तूरीपुर, सरायचैमल, शांतीपुर, गंजा, भदोखर, रामपुर सर्धा, राजेपुर, महेशपुर, मिर्जापुर माफी व अन्य ग्रामसभा में सड़क निर्माण से ग्राम वासियों के आवागमन में सुविधा होगी विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, बालकृष्ण वैश्य, नंदकुमार सिंह, रवि सोनकर, पार्षद संजय शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, हरिभजन गोंड, शैलेंद्र मोहन मिश्र छोटे, लक्ष्मण वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, अरविंद सिंह, दीपक पाण्डेय, संजय गुप्ता, आनंद जयसवाल, दीपक सिंह गब्बर, प्रदीप सिंह, सौमिल गुप्ता, अमल गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता डीपी सिंह, एक्सईएन रविकुल, अजय शुक्ला, आरईएस विभाग के अनिल वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

# समाज के अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना है भाजपा का उद्देश्य : कपिल देव

**● विभिन्न दलों से भाजपा में आये लोगों को जिलाध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता**

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



लोगों को भाजपा में शामिल करते जिलाध्यक्ष पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ता राजनैतिक कार्यों की अपेक्षा सामाजिक कार्यों में अपनी उपयोगिता सिद्ध करते हुए समाज में पूरी तनमयता से कार्य करते हैं।भाजपा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना है।उपरोक्त विचार शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में विभिन्न राजनैतिक दलों को छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने व्यक्त किया।श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा गरीबों,असहायों और निरीह लोगों का ध्यान रखते हुए उनके हितों के संरक्षण का कार्य करती है। भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा के कार्यों और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर शुक्रवार को अटल भवन में अमिता सिंह चौहान एडवोकेट कटेहरी विधान सभा,निरंकार जगन्नाथ पांडेय कांग्रेस पार्टी अकबरपुर विधान सभा, टांडा विधान सभा के शशि भागवत शुक्ल (पिंटू शुक्ला) बीएसपी,पूर्व प्रधान अनिल वर्मा बीएसपी,लालू पटेल बीएसपी,विकल यादव समाजवादी पार्टी,सुड्डू राजभर बूथ अध्यक्ष समाज वादी पार्टी, बी डी सदस्य गोविंद कन्नौजिया बीएसपी,विकास गौड़ बीएसपी,रक्षा राम राजभर समाजवादी पार्टी ने अपने दर्जनों साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

## सर्पदंश से आठ वर्षीय बच्ची की मौत

**अम्बेडकरनगर।** थानाक्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम देवरिया बुजुर्ग निवासी सुरेंद्र निषाद उर्फ भोला निषाद की 8 वर्षीय पुत्री की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गयी जिससे परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल हो गई है। मालूम हो सुरेन्दर निषाद की 8 वर्षीया पुत्री अंजल अपने घर में सोई थी सुबह लगभग 05:00 बजे एक विषैले सर्प ने बच्ची के हाथ में काट लिया। साँप काटने की जानकारी मिलते ही परिजन स्थानीय लोगों के साथ बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया । मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया लोगोंने अंजल को मृत अवस्था में अपने घर लाये तो बच्ची के मौत की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। खबर सुनते ही मृत बच्ची के परिजन समेत ननिहाल वालों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया वहीं सैकड़ों की संख्या में लोग शोकसम्वेदना व्यक्त करने पहुँच गये जहाँ परिवार की चीत्कार सुन सभी की आँखे नम हो गयी।

# सीएम ने किया शोक व्यक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**डॉ. मधुसूदन** सिंह के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके पुत्र सतेन्द्र कुमार सिंह, ग्राम व पोस्ट भौवापर थाना बेलीपार, को भेजे गए शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि डॉ. मधुसूदन सिंह के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर अत्यंत दुख हुआ। उनके असामयिक निधन से आपके परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है । महायोगी गुरु गोरखनाथ जी से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को चिर– शांति प्रदान करें तथा आप सबको अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।

### चिकित्साकर्मियों ने किया शोक सभा

**गुरु श्री गोरक्षनाथ** चिकित्सालय के सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मधुसूदन सिंह के आकस्मिक निधन पर समूचे चिकित्सालय में शोक की लहर है। उनकी आत्मा की शांति हेतु चिकित्सालय परिसर में आज शोक सभा अयोजन किया गया। शोक सभा मे चिकित्सालय के निदेशक डॉ. के. पी. बी. सिंह ने बताया की डॉ. मधुसूदन सिंह सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर वर्ष 2004 से कार्यरत थे।

शोक सभा में अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ.सी.एम. सिन्हा, ए.सी.एम.एस. डॉ. देवी प्रसाद, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. आर.पी. पाण्डेय, डॉ.एस.के. शर्मा, डा. संजीव शर्मा, डॉ. राजीव शाही, डा. संजीव गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. शशांक ओझा, डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डी.एस.अजीथा, विनोद सिंह नेगी, अनूप पाठक, देवेश पाण्डेय, सूबेदार पूरन साहू , शिव शंकर उपाध्याय, युगुल किशोर निगम, मनोज सिंह, सुनील कुमार चौधरी, वरिष्ठ आवासीय चिकित्सक सहित चिकित्सालय से सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# पंचायत भवनों के निर्माण की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

**● जिले में 405 पंचायत भवनों का होना है निर्माण**

**अम्बेडकरनगर।** शासन द्वारा संचालित गरीब कल्याण रोजगार अभियान योजनान्तर्गत जनपद के समस्त विकास खण्डों में निर्माणाधीन पंचायत भवनों की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। अवगत कराना है कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में कुल 405 पंचायत भवनों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमें से अब तक 146 पंचायत भवनों का नींव स्तर, 178 पंचायत भवनों के प्लिन्थ स्तर 49 पंचायत भवनों के लिंटर स्तर एवं 32 पंचायत भवनों के छत स्तर का कार्य संचालित किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त विकास खण्डों में निर्माणाधीन पंचायत भवनों की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा किया गया। समीक्षा में विकास खण्ड रामनगर एवं जहांगीरगंज में निर्माणाधीन पंचायत भवनों की प्रगति संतोषजनक नही पायी गयी जिस पर नाराज जिलाधिकारी ने रामनगर के एडीओ पंचायत अग्निवेश एवं जहांगीरगंज के एडीओ पंचायत अजय कुमार मौर्य को फ्टकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने की हिदायत दिये। साथ ही साथ उन्होंने उक्त एडीओ पंचायत के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश डीपीआरओ शेषदेव पाण्डेय को दिये। उन्होने यह भी हिदायत दिये कि समस्त एडीओ पंचायत, पंचायत भवनों के प्रतिदिन कि प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय उपस्थित होकर प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त एडीओ पंचायत को जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों में तेजी लायें। अधिकारीगण अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को समय के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# जलालपुर विधायक सुभाष राय कोरोना संक्रमित

**● मेडिकल कालेज में कोरोना संक्रमण से दो की मौत**

**● 15 पर पंहुची संख्या**

**● शुक्रवार को 25 लोगों में मिला कोरोना का संक्रमण**

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर





राजकीय मेडिकल कालेज अम्बेडकरनगर पायनियर

**जिले में** कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती दो मरीजों की मौत हो गयी। इससे जिले में कोरोना संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या 15 पर पंहुच गयी है। जानकारी के अनुसार शहजादपुर अब्दुल्लापुर निवासी एहताशमुल हक 40, 11 अगस्त को हुई कोरोना संक्रमण की जांच में पाजिटिब पाया गया था। उसे 12 अगस्त को जिला अस्पताल लाया गया जहां सांस लेने में परेशानी होने के कारण उसे राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। वहां पर भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नही आया और भर्ती होने के तीसरे दिन ही उसकी मौत हो गयी। इसके अलावां टाण्डा विकास खण्ड के सम्हरिया आसोपुर गांव निवासी रामकेवल वर्मा 75 को भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद 12 अगस्त को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया गया था। राम केवल की भी शुक्रवार की सुबह मौत हो गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार ने मौतों की पुष्टि की है। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी से जलालपुर विधायक सुभाष राय शुक्रवार को हुई ट्रू–नाट जांच में कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। फ्लिहाल अभी वह होम आइसोलेशन में हैं। लक्षण सहित संक्रमण होने के कारण आवश्यकता पड़ने पर उन्हें लखनऊ भी भेजे जाने की तैयारी है। इसके अलांवा शुक्रवार को आई रिपोर्ट में विधायक समेत 25 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये हैं जिसमें एक गर्भवती महिला तथा पुलिस लाइन का सिपाही भी शामिल है। गौरतलब है कि राजकीय मेडिकल कालेज में कोरोना संक्रमित मरीजों की आये दिन हो रही मौत पर भी सवाल उठने शुरू हो गये हैं। सूत्रों की मानें तो यहां पर वेंटीलेटर की सुविधा तो उपलब्ध करायी गई है लेकिन वे सक्रिय स्थिति में नही बताये जा रहे हैं। संभवत: यही कारण है कि मेडिकल कालेज में मरने वाले सर्वाधिक लोगों की मौत का कारण सांस फूलना ही रहा है। हालांकि सीएमओ से जब इस सम्बन्ध में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

## क्विक न्यूज

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरब रौतवा निवासी 20 वर्षीय रमेश कुमार उर्फ सोनू पुत्र पंचम पासी की शुक्रवार सुबह दस बजे मछली पकड़ते समय तालाब में डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज खंडासा अभिषेक त्रिपाठी ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश कुमार गडौली सम्पर्क मार्ग के पास स्थित तालाब में मछली पकडने गया हुआ था। मछली पकड़ते वक्त अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह गहरे तालाब में गिर गया और डूबने लगा। वहां मौजूद ग्रामीणो ने देखा तो दौड कर बचाने की कोशिश की। लेकिन जब तक ग्रामीण सोनू को तालाब से निकालते उसकी डूबकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया । परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। चौकी इंचार्ज खण्ड़ासा अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### कमिश्नर, डीएम, पुलिस महानिदेशक व एसएसपी ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डा0 संजीव गुप्ता, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने मण्डल एवं जनपद वासियो को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई दी हे तथा कहा है इस दिवस पर हमे भारत के उन महानसपूतो को याद करना चाहिये जो इस देश को आजादी दिलाने में अपना सबकुछ खो दिया है उनको याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करना चाहिए एवं उनके बताये गये विचारो पर चलकर देश को आगे बढ़ाना चाहिए। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए इस पर्व को मनाये। सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनो पर ध्वाजारोहण 09 बजे होगा। तथा उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने भी साहित्यकारोए पत्रकारो एवं मीडिया कर्मियो को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी है।

### डीएम ने की उर्वरक समीक्षा बैठक

**अम्बेडकरनगर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उर्वरक समीक्षा बैठक में बिक्री केन्द्रों पर माह अगस्त में यूरिया उर्वरक की उपलब्धता न होने के कारण जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के सभी बिक्री केन्द्रों पर यूरिया उर्वरक रैक प्वाइंट से ही सीधे बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जायेगी। इससे जनपद में एक-दो दिवस के अन्दर जनपद के समस्त सक्रिय समितियों पर यूरिया उर्वरक उपलब्ध हो सकेगी। तात्कालिक रूप से प्रीपोजीसनिंग से 1461 मी0 टन यूरिया जिलाधिकारी के अनुमति से अवमुक्त कर 15 से 16 अगस्त तक सभी समितियों पर यूरिया उपलब्ध हो जायेगी। कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि समितियों पर यूरिया उपलब्ध होने पर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

### मंडलायुक्त-जिलाधिकारी ने दी बधाई

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त जयन्त नार्लिकर एवं जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पांडियन ने मण्डल एवं जनपद वासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी है। अधिकारी द्वय ने मण्डल एवं जनपद वासियों से अपील किया है कि कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत दो गज की दूरी तथा मास्क का प्रयोग अवश्य करें और सुरक्षित रहे।

### नगरीय स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**गोरखपुर।** कोविड-19 के दृष्टिगत शासन से आये नोडल अधिकारी/विशेष सचिव सिंचाई प्रेम रंजन सिंह ने आज जनपद के नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर तथा आरोग्य केन्द्र हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का निरीक्षण कर कार्यों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर तैनात कर्मचारियों से कोरोना संक्रमण से बचाव एवं जांच आदि के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए आशा एवं ए.एन.एम. के कार्यों को भी देखा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एन.के. पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### प्रभारी अधिकारी धान खरीद नामित

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पांडियन ने बताया है कि खरीफविपणन वर्ष 2020-21 के लिए जनपद में धान खरीद कार्य हेतु अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) को प्रभारी अधिकारी धान खरीद नामित किया गया है तथा निर्देशित किया गया है कि शासनादेश में दिये गये निर्देशों एवं समय सारिणी के अनुसार समस्त अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित कर नियमित रूप से धान खरीद की समीक्षा करते हुए उन्हें अवगत करायें। उन्होंने बताया है कि प्रभारी अधिकारी धान खरीद के दूरभाष नं. 0551-2337792, 0551-2337791, मोबाइल नं. 9454417615 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### संविदा विद्युतकर्मी की मौत

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना अंतर्गत राप्ती नगर फेज प्रथम राप्ती नगर पावर हाउस रोड अंबेडकर स्कूल के पास लगे ट्रांसफार्मर पोल पर विद्युत संविदा कर्मचारी द्वारा विद्युत ठीक करते समय अचानक सप्लाई आ जाने से विद्युत संविदा कर्मचारी की दर्दनाक मौत। जानकारी के अनुसार खोराबार थाना अंतर्गत कुरमौल केवटलिया निवासी 40 वर्षीय शिवचरण आज ट्रांसफार्मर के पोल पर चढ़कर कार्य कर रहा था, तभी विद्युत सप्लाई आ जाने से लाइनमैन की दर्दनाक मौत हो गई।

### सांसद रवि किशन ने शुभकामनाएं दीं

गोरखपुर। 74 वें स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने क्षेत्र वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह महापर्व हम सभी के लिए पवित्र और महत्वपूर्ण है। देश की अस्मिता का प्रतीक यह तिरंगा हम सभी का स्वभिमान है। स्वतन्त्रता सेनानियो के संघर्ष का परिणाम है कि आज हम सभी आजाद भारत में सांस ले रहें हैं। हम भाग्यशाली है कि हमें महान देश भक्तों का आजाद भारत और नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमन्त्री मिला है। जिन्होंने पूरे विश्व में तिरंगे को बुलंदियों पर पहुंचाया। आज देश आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किये कार्यों से लोगों के लिए विकास के रास्ते खुले है।

### शिव प्रताप ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं


**गोरखपुर।** राज्यसभा सांसद, राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शिव प्रताप शुक्ला ने समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की 74 वीं वर्षगांठ पर देशवासियों के प्रति हृदय से बधाई देते हुए कहा है कि 200 वर्षों तक इस देश पर शासन करने वाले अंग्रेजों को इस देश से निकालने के लिए भारत मां के लाखों सपूत शहीद हो गए, तब जाकर इस देश से अंग्रेज भागे और 14 अगस्त 1947 की मध्य रात्रि भारत और भारत वासियों को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि गरम दल के नौजवानों में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ,सरदार भगत सिंह, अशफाक उल्ला खान, रोशन लाहिरी जैसे तमाम भारत मां के लाल ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता संग्राम के लिए संघर्ष करने वाले युवाओं से सीख लेनी चाहिए।

# देश में एक दिन में 8.5 लाख नमूनों की हुई जांच

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड-19**

**● स्वस्थ होने की दर 71.17 प्रतिशत हुई**



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने प्रतिदिन दस लाख नमूनों की जांच के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य की कड़ी में कोविड-19 के लिए एक दिन में रिकॉर्ड 8,48,728 नमूनों की जांच की है। मंत्रालय ने कहा कि सतत आधार पर जांच सुविधाएं बढ़ाते रहने की वजह से अब तक देश में कुल 2,76,94,416 नमूनों की जांच की जा चुकी है। इस बीच देश में कोविड-19 से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 17.5 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। मंत्रालय ने कहा कि आक्रामक तरीके से जांच करने, सघन तरीके से मामलों पर नजर रखने और प्रभावी तरीके से उपचार करने से आज की तारीख में संक्रमितों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 71.17 प्रतिशत हो गई है, वहीं रोगियों के मानकीकृत उपचार प्रोटोकॉल के माध्यम से प्रभावी क्लीनिकल प्रबंधन के परिणामस्वरूप कोविड-19 के रोगियों में मृत्युदर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। उसने कहा, कोविड-19 संक्रमितों की मृत्यु दर आज की तारीख में 1.95 फीसद हो गई है और लगातार कम हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि स्वस्थ हुए लोगों की संख्या इस समय कोरोना वायरस के मौजूद मामलों की तुलना में 10,89,960 अधिक हो गई है। उसने कहा कि भारत में इस समय संक्रमितों की संख्या 6,61,595 है जो देश में अब तक आए संक्रमण के कुल मामलों का 26.88 फीसद है। गुरुवार को 24 घंटे की अवधि में रिकॉर्ड 8,48,728 नमूनों की जांच की गई और अब तक कुल 2,76,94,416 नमूनों की जांच की जा चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 के संदर्भ में सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक कदमों के समायोजन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य मानदंड पर अपने दिशानिर्देश नोट में संदिग्ध मामलों पर व्यापक निगरानी रखने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने यह परामर्श भी दिया है कि किसी देश में प्रति दस लाख आबादी पर 140 नमूनों की जांच प्रतिदिन की जानी चाहिए।

# भारत ने जुलाई में पांच देशों को 23 लाख पीपीई का किया निर्यात

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि भारत ने जुलाई में अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात समेत पांच देशों को 23 लाख निजी सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) का निर्यात किया। इससे देश को इन किट के वैश्विक बाजार में खुद की स्थिति को मजबूत करने में मदद मिली है।

इसमें कहा गया कि सरकार द्वारा निर्यात नियमों में ढील के बाद जिन देशों को पीपीई निर्यात की गईं, उनमें सेनेगल और स्लोवानिया भी हैं। मंत्रालय के अनुसार, आत्मनिर्भर भारत अभियान में निहित मेक इन इंडिया की भावना से देश पीपीई समेत अनेक चिकित्सा उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बना है।

केंद्र सरकार जहां पीपीई किट, एन95 मास्क और वेंटिलेटर आदि की राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों को आपूर्ति कर रही है, वहीं राज्य इन्हें सीधे भी खरीद रहे हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मार्च से अगस्त 2020 के बीच राज्यों ने अपने खुद के बजट प्रावधानों से 1.40 करोड़ स्वदेशी पीपीई किट खरीदी हैं। इसी अवधि में केंद्र सरकार ने राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय संस्थानों को 1.28 करोड़ पीपीई निशुल्क बांटीं।

मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि महामारी की शुरुआत में एन95 मास्क, पीपीई किट और वेंटिलेटर आदि समेत सभी तरह के चिकित्सा उपकरणों की वैश्विक स्तर पर कमी थी। उसने कहा कि कई उत्पादों का शुरुआत में देश में उत्पादन नहीं किया जा रहा था क्योंकि कई जरूरी घटक अन्य देशों से खरीदे जाने थे। महामारी के कारण बढ़ती वैश्विक मांग के चलते विदेशी बाजारों में इन संसाधनों की कमी आ गई थी।

मंत्रालय ने कहा कि महामारी को चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन के लिए अपने घरेलू बाजार को तैयार करने के अवसर में बदलते हुए स्वास्थ्य, कपड़ा, फार्मास्युटिकल्स मंत्रालयों, उद्योग संवर्धन और आंतरिक विभाग, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा अन्य के समन्वित प्रयासों से भारत ने अपनी खुद की उत्पादन क्षमता मजबूत की।

# पेज एक का शेष

## कीर्ति चक्र...

न केवल खुद को बचाने के लिए ढाल का बेहतरीन इस्तेमाल किया बल्कि चीनी सेना के अग्रिम सैनिकों को बहुत ही करारा जवाब देकर स्थिति को नियंत्रण में किया। चीनी सैनिकों के धोखे से किए हमले के खिलाफअपने सैनिकों का बहादुरी से लड़ने का जिक्र करते हुए आईटीबीपी ने कहा कि उच्च पेशेवर कौशल का प्रदर्शन करते हुए बल के सैनिक कंधे से कंधा मिलाकर लड़े और युद्ध में घायल अपने सैनिक साथियों को पीछे लेकर आए। बयान में आगे कहा गया है कि आईटीबीपी के जवानों ने पत्थरबाज चीनी सैनिकों का पूरी रात बहादुरी से मुकाबला किया जबकि मुंह तोड़ जवाब देते हुए अपने जवानों को कम से कम नुकसान होने दिया। गतिरोध वाले स्थान पर आईटीबीपी के जवान लगातार लगभग 17 से 20 घंटे तक डटकर लड़े। आईटीबीपी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में तैनाती, बेहद ऊंचाई वाले बिंदुओं पर लड़ाई के लिए प्रशिक्षण और युद्धाभ्यास के अनुभव के कारण आईटीबीपी के जवानों ने चीनी सेना की टुकड़ियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और लगभग सभी मोर्चों पर कड़े से कड़ा जवाब देकर ऊंचाई वाले अपने कई क्षेत्रों को सुरक्षित रखा। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के चार जवानों महावीर प्रसाद (सब इंस्पेक्टर), एरना नायक, (हेड कांस्टेबल), महेंद्र कुमार पासवान व सतीश प्रसाद (दोनों कांस्टेबल) को भी मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 12 साल पहले हुई बटला हाउस मुठभेड़ में बलिदान देने वाले दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन शर्मा को भी मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विभिन्न पुलिस बलों और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए कुल 926 पदक की घोषणा की है। पुरस्कारों में एक कीर्ति चक्र, नौ शौर्य चक्र (चार सीआईएसएफको मिले), पांच बार सेना मेडल (गैलेंट्री), 60 सेना पदक (वीरता), चार नाव सेना पदक (गैलेंट्री) और पांच वायु सेना पदक (वीरता) शामिल हैं। राष्ट्रपति ने सेना के कार्मिकों को विभिन्न सैन्य अभियानों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 19 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी मंजूरी दी है, जिसमें ऑपरेशन मेघदूत और ऑपरेशन रक्षक के लिए आठ मरणोपरांत शामिल हैं।

## राजधानी में...

में 10, कैसरबाग में 10 गुड़ंबा में 8, सरोजनी नगर में 7ए रायबरेली रोड में 11, नाका में 15, काकोरी में 7, हसनगंज में 3 और सआदतगंज में 15 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक माधवगंज पटेलनगर, हरदोई निवासी 72 वर्षीय पुरुष, नया गाँव कोतवाली देहात हरदोई निवासी 60 वर्षीय पुरुष, खीरो लखनऊ निवासी 70 वर्षीय पुरुष और वजीरगंज लखनऊ निवासी 50 वर्षीय पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं सूबे में कोरोना के शुक्रवार को 4600 नए मरीज पाए गए जबकि 50426 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 2335 मरीजों की मौत हो चुकी है। अभी तक प्रदेश में 142952 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 3742 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 92526 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 652, कानपुर में 289, गाजियाबाद में 142, नोएडा में 72, वाराणसी में 162, प्रयागराज में 213, गोरखपुर में 283, बरेली में 159, झांसी में 62, जौनपुर में 26, बलिया में 76, मेरठ में 73, मुरादाबाद में 74, अलीगढ़ में 68, देवरिया में 127, आगरा में 31, आज़मगढ़ में 65, सहारनपुर में 55 बाराबंकी में 74 गाज़ीपुर में 42 अयोध्या में 65, शाहजहांपुर में 63, रामपुर में 65, बस्ती में 27, कुशीनगर में 109, बुलंदशहर में 38, हरदोई में 34, सिद्धार्थनगर में 90, सुल्तानपुर में 71, महराजगंज में 93 संत कबीर नगर में 28 पीलीभीत में 56 हापुड़ में 11 गोण्डा में 70 मथुरा में 53, चंदौली में 21, उन्नाव में 10, बहराइच में 48, कन्नौज में 17, सम्भल में 12, मुजफ्फरनगर में 48, मिर्जापुर में 32, इटावा में 33, सीतापुर में 56, बिजनौर में 45, सोनभद्र में 13, मैनपुरी में 16, लखीमपुर खीरी में 74, अमरोहा में 12, प्रतापगढ़ में 27, फिरोजाबाद में 27, राय बरेली में 30, मऊ में 19, जालौन में 25, फतेहपुर में 29, भदोही में 19, अमेठी में 4, फर्रुखाबाद में 19, बदांयू में 17, बागपत में 10, औरैया में 27, ललितपुर में 32, शामली में 12, एटा में 28, कासगंज में 10, बलरामपुर में 23, कानपुर देहात में 57, कौशाम्बी में 31, अम्बेडकरनगर में 22, बाँदा में 24 हमीरपुरा में 6, हाथरस में 8, श्रावस्ती में 24, महोबा में 1, चित्रकूट में 14, कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए है।

## बाहुबली विधायक...

मुकदमा दर्ज होने के बाद से विधायक गायब हो गए थे। इस बीच विजय मिश्रा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि ब्राह्मण होने के नाते उन्हें परेशान किया जा रहा है और पुलिस कभी भी उनका एनकाउंटर कर सकती है। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी रामलली और बेटे विष्णु को फर्जी मामले में फंसाया जा रहा है। विधायक महाकाल दर्शन को गए थे वापसी के दौरान आगर. मालवा पुलिस ने उन्हें वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। विधायक की एमएलसी पत्नी रामलली के प्रयागराज से गायब होने की बात को पुलिस ने गलत बताया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के भय से बचने के लिए वह खुद गायब हैं। विधायक पर हाल के दो मुकदमों को लेकर कुल 73 आपराधिक मुक़दमें दर्ज हैं। हालांकि इसमें अधिकांश मुकदमों में विजय मिश्र को क्लीन चिट मिल चुकी है। इसी आपराधिक मुक़दमें में यूपी सरकार में मंत्री नंदगोपाल नन्दी पर हमले का भी मामला है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, प0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, जनपद-चन्दौली**


मा0 आशुतोष टण्डन जी (नगर विकास मंत्री)

**स्वच्छ पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर**
**सुन्दर पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर**


श्री नवनीत सिंह चहल जिलाधिकारी चन्दौली

नगर पालिका परिषद, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जनपद, चन्दौली 15 अगस्त 2020 स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हैं एवं अपील करती है कि –

**ए नया सवेरा लायेंगे।**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनायेंगे।**

1. कूड़ा-करकट निर्दिष्ट स्थानों पर ही समय से फेंके तथा सफाई कार्य में नगर पालिका का सहयोग करे।
2. घर में जनित कूड़े को गीला व सूखा अलग-अलग डस्टबीन में डाले।

**'एक दूसरे से एक मीटर की दूरी बनाये रखें, और कोरोना से बचें'**

3. कर का भुगतान समय से करें।
4. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
5. वृक्षों की रक्षा करें।
6. पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगायें व वृक्षों की देख-भाल करें।

**'भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें'**
**'कोरोना को घर में लाने से बचें'**

7. जल ही जीवन है, टोटी खुली न छोड़े।
8. पालिथीन का प्रयोग न करें।
9. जानवरों को खुला न छोड़ें।
10. जन-जन तक संदेश पहुंचाना है, पर्यावरण को बचाना है।

**'सामाजिक दूरी बहुत जरूरी' 'कोरोना से रहेगी दूरी**

1. श्रीमती रीना देवी, 2. सुश्री शुभम् भारती, 3. श्री सिकन्दर पासवान, 4. श्री रवि सोनकर 5. श्री भरत सिंह चौहान, 6. श्रीमती मनीषा यादव, 7. श्री विनय यादव (डब्बू), 8. श्रीमती माया देवी, 9. श्रीमती शीला देवी, 10. श्री वकार जाहिद, 11. श्रीमती सन्तरा देवी, 12 श्रीमती रेखा देवी, 13. श्री जितेन्द्र गुप्ता, 14 श्रीमती पिंकी शर्मा, 15. श्री नायाब अहमद रिंकू, 16. श्रीमती मुर्शिदा बेगम, 17. श्री अशोक कुमार जायसवाल, 18. श्रीमती निधि तिवारी, 19. श्रीमती सरिता पटेल, 20. श्री सुनील विश्वकर्मा, 21. श्रीमती आरती यादव, 22. श्रीमती प्रियंका तिवारी, 23. मो0 ईशा खाँ, 24. श्री बृजेश गुप्ता, 25. श्री राजेश जायसवाल, 26 श्री अशोक सोनकर, 27 श्री आनन्द मोहन चौरसिया, 28 श्री विशाल तिवारी, 29. श्री विकास सिंह, 30. श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता।

**(कृष्ण चन्द्र)**
अधिशासी अधिकारी/
उपनगर आयुक्त
नगर पालिका परिषद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर
चन्दौली

समस्त सभासद गण
नगर पालिका परिषद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर
चन्दौली

**(सन्तोष खरवार)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर
चन्दौली

पत्रांक 160/अ0अ0/न0पा0प0पं0दी0उ0न0/2020-21 दिनांक : 13 अगस्त 2020







I INDIA

**"कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली"**


**अदिति सिंह**
सदर विधायक, रायबरेली

नगर पालिका परिषद, रायबरेली नगर के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना करती है साथ ही उनसे निम्न अपील करती है कि :-

1. कोविड-19 (कोरोना) के दृष्टिगत सामाजिक दूरी का पालन अवश्य करें।
2. कोविड-19 (कोरोना) के दृष्टिगत मास्क अवश्य लगाये।
3. सार्वजनिक स्थानों पर खाँसते व छीकेंत समय टिश्यू पेपर एवं रूमाल का इस्तेमाल करें।
4. हाथों को बाबर-बार साबुन और पानी से 20 सेकेण्ड तक अवश्य धोयें।
5. अपनी आँख नाक व मुँह को छूने से बचे।
6. खाँसी, साँस लेने में परेशानी या बुखार होने पर डाक्टर से तुरन्त सम्पर्क करें।
7. यह नगर आपका है इसे साफ सुधरा रखें।
8. परिषद के देयकरों का समय से भुगतान कर विकास कार्यो में अपना सहयोग प्रदान करें।
9. घरो के कूलर की नियमित सफाई करे, घर में कहीं भी जल एकत्र न होने दे, जिससे डेंगू/मच्छर जनित रोगों से बचाव किया जा सके।
10. जन्म मृत्यु पंजीकरण आवश्यक है इसे समय से नगर पालिका परिषद रायबरेली कार्यालय में अंकित करायें।
11. पॉलिथीन सरकार द्वारा पूर्णतयः प्रतिबन्धित है इसका प्रयोग न करें।
12. सार्वजनिक सड़को, नालो, नालियों, पार्को आदि पर अतिक्रमण न करें, न किसी को करने दें।
13. खुले में शौच न करे, शौचालय का प्रयोग करें।
14. गीला कचरा हरे डस्टबिन में, सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डाले।
15. अपने घरो/सार्वजनिक स्थलो के नलो को खुना न रखें जिससे पानी का अपव्यय न हो।





**(बाल मुकुंद मिश्र)**
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
रायबरेली

**(मुकेश श्रीवास्तव)**
अध्यक्ष प्रतिनिधि
नगर पालिका परिषद,
रायबरेली

**(पूर्णिमा श्रीवास्तव)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
रायबरेली



**कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा (हमीरपुर)**

पत्रांक सं0 मेमो/न0पा0परि0 मौदहा/अपील/2020-21 दिनांक 13 अगस्त, 2020

**अपील**

15 अगस्त 2020 **स्वतन्त्रता दिवस** के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद मौदहा जनपद हमीरपुर आप समस्त नगर वासियों का हार्दिक अभिनन्दन करती है तथा उक्त पावन पर्व पर अध्यक्ष महोदय सहित पालिका के सभी सभासदों व कर्मियों की ओर से नगर के विकास में निम्न सकारात्मक सहयोग की अपील करती है–

- ❖ आइये इस स्वतन्त्रता दिवस पर हम नगरवासी संकल्प लें, कि गाँधी जी के सपनों का भारत बनाने में सहभागिता करेंगे।
- ❖ यह नगर आपका है इसे स्वच्छ रखें।
- ❖ प्रतिबन्धित पॉलिथीन का प्रयोग न करें और अन्य को प्रयोग न करने हेतु जागरूक करें।
- ❖ पर्यावरण को स्वच्छ बनायें।
- ❖ जन्म मृत्यु का पंजीयन अवश्य एवं समय से करें।
- ❖ जल ही जीवन है, व्यर्थ में बर्बाद न करें।
- ❖ सार्वजनिक मार्गों, गलियों, नालियों पर अतिक्रमण न करें।
- ❖ नगर पालिका के समस्त करों का भुगतान समय से करके विकास में भागीदार बनें।

**अधिषासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा (हमीरपुर)**

**(समस्त सभासद)**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा (हमीरपुर)**

**(रामकिशोर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा (हमीरपुर)**





# धोनी शिविर में पसीना बहायेंगे



**भाषा। चेन्नई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स के टीम के उनके साथी खिलाड़ी इंडियम प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए यूएई रवाना होने से पहले अभ्यास शिविर में भाग लेने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में शनिवार से शुरू होने वाले एक सप्ताह के शिविर के लिए धोनी के अलावा सुरेश रैना, दीपक चाहर, पीयूष चावला और केदार जाधव भी यहां पहुंचे। सीएसके के एक अधिकारी ने कहा, टीम के 16 भारतीय खिलाड़ियों में से धोनी सहित 13 या 14 खिलाड़ी शिविर को हिस्सा होंगे। ए खिलाड़ी कोविड-19 की जांच कराकर यहां पहुंच रहे है, ऐसे में उनका अगला परीक्षण 21 अगस्त को यूएई रवाना होने से 72 घंटे पहले होगा। आईपीएल की तीन बार की चैम्पियन टीम ने धोनी और दूसरे खिलाड़ियों के चेन्नई पहुंचने की तस्वीरों को अपने सोशल मीडिया पेज पर साझा किया है। पिछले साल जुलाई में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भारतीय टीम की हार के बाद से धोनी से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। हरफनमौला रविंद्र जडेजा को छोड़कर लगभग सभी खिलाड़ियों के शिविर में भाग लेने की उम्मीद है। सीएसके के एक अधिकारी ने कहा कि जडेजा व्यक्तिगत कारणों से अभ्यास शिविर में भाग नहीं लेंगे और टीम की रवानगी से पहले टूर्नामेंट स्थल पर उनसे जुड़ेंगे। अधिकारी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों का यहां दो बार जांच होगा और अगर इस जांच में उनका नतीजा निगेटिव आया तभी उन्हें दुबई जाने की अनुमति होगी।

# सेरेना ने 31वीं भिड़ंत में वीनस को हराया

**भाषा। लेक्सिंगटन**

तेईस बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सेरेना विलियम्स ने टॉप सीड ओपन के दूसरे दौर के मैच में अपनी बहन वीनस विलियम्स को 3-6 6-3 6-4 से शिकस्त दी। सेरेना और वीनस के बीच हुए 31वें मुकाबले में सेरेना ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी की और अगले दौर में जगह बनाई। अब शीर्ष वरीय सेरेना का सामना अमेरिका की वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली शेल्बी रोजर्स से होगा जिन्होंने कनाडा की क्वालीफायर लेलाह फर्नांडिज को 6-2 7-5 से पराजित किया। जिल टेचमान ने भी पांचवीं वरीय यूलिया पुतिंतसेवा पर 6-2 6-2 से जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया और अब उनका सामना सिसि बेलिस से होगा जिन्होंने जेसिका पेगुला को 6-3 6-2 से मात दी।






# संदेश

## तिरंगा हमारी शान है, भारत की पहचान है


स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि उन लोगों को नमन करने का दिन है जिनके बलिदानों की वजह से आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे हैं।

आज वक्त है अपनी आने वाली पीढियों को आजादी के महत्व को समझाने का, तिरंगा हमारी शान है, भारत की पहचान है। देश की खातिर प्राण देने वाले शूरवीरों को सादर प्रणाम है।

भारत को आजादी दिलाने में जिन रणवाकुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी होगी और उनके सपनों को पूरा करना होगा। आज भी समाज का बहुत बड़ा हिस्सा तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। दलितों, पिछड़ों तथा शोषितों को बराबरी का दर्जा मिले। सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की कामना के साथ सुधी पाठको, विज्ञापन दाताओ, शुभचिन्तको, मित्रो को स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व की जनपद को हार्दिक शुभकामनाएं।



विनय सिंह
ब्यूरो चीफ



विकास दुबे
संवाददाता



देवेन्द्र श्रीवास्तव
संवाददाता

कार्यालय होटल हिन्दुस्तान के निकट फर्रुखाबाद मो. 9450102322



मोहनलाल गौड़
नगर संवाददाता



अनिल मिश्रा
कायमगंज
संवाददाता



जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**कौशल बीज भण्डार**
मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद
**प्रो. पंकज कुमार गुप्ता**


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**वीरेश यादव**
ग्रामसभा सितबनपुर पिथू
मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**संतोष यादव**
मार्केटिंग इन्सपेक्टर
नबावगंज- फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**प्रदीप सिंह**
मार्केटिंग इन्सपेक्टर
मोहम्मदाबाद- फर्रुखाबाद।



जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**प्रदीप कुमार यादव**
मार्केटिंग इन्सपेक्टर
सातनपुर - बढ़पुर फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**राजेन्द्र यादव**
अंबेडकर नगर मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**नूर मोहम्मद** प्रधान — **मो. सनी** पुत्र
श्याम बैण्ड ताजपुर रोड, मोहम्मदाबाद
ग्रामसभा अभयपुर कमालगंज फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**सुरेश चन्द्र पाल**
एडीओ पंचायत विकास खण्ड कमालगंज फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**रामनरेश यादव**
मार्केटिंग इन्सपेक्टर
कमालगंज- फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**सावन कुमार**
मार्केटिंग इन्सपेक्टर
राजेपुर- फर्रुखाबाद।



जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**चांद मियां (शाहिद सिद्दीकी)**
ग्रामसभा ईसापुर कमालगंज फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**मो. सगीर प्रधान**
भड़ौसा, कमालगंज फर्रुखाबाद।






जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**बबलू भाई**
ग्रामसभा भड़ौसा, कमालगंज फर्रुखाबाद।


जनपद एवं क्षेत्र वासियो को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद।
**मुन्ने खां**
भड़ौसा, कमालगंज फर्रुखाबाद।

जनपद व क्षेत्रवासियो को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
**महाराजा हरिश्चन्द्र कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन/लॉ कॉलेज, सवायजपुर, हरदोई**
**प्रवेश प्रारम्भ-** कोर्स- बी0 ए0, बी0एस0-सी0, बी0 कॉम0
एम0ए0 (हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल)
एल0एल0बी0 (त्रिवर्षीय) बी0एड0
**संपर्क करें-** 9794295123, 9839592676।



डॉ0 हरिश्चन्द्र तिवारी
संस्थापक


रोहित तिवारी
प्रबंधक


डॉ0 राहुल तिवारी
सचिव

**नगर पालिका परिषद, कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद**


( श्री आशुतोष टण्डन जी )
नगर विकास मंत्री
उ.प्र. सरकार


( श्री योगी आदित्य नाथ जी )
मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश


श्री मानवेन्द्र सिंह ( आई ए एस )
जिलाधिकारी
( फर्रुखाबाद )

**15 अगस्त 2020 के शुभ अवसर पर समस्त नगर वासियों को हार्दिक बधाई।**

**नगर की जनता से अपील**
1- जल अमूल्य है कृपया इसे व्यर्थ न बहाएं।
2- पॉलीथीन का प्रयोग न करें व घर से थैला लेकर निकले।
3- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष कम से कम एक वृक्ष एवश्य लगाये।
4- पालिका के समस्त देयो का भुगतान समय से करें।
5- अपने -अपने घरो में हुए जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनो के अंदर करायें।
6- सार्वजनिक सड़को, गलियों,व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
7- सड़को, गलियों,व नालियो व चौराहो पर कूड़ा-कचरा न फेंके।
8-प्रतिदिन डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाले कर्मचारी को गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग- अलग दे।
9- आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले व सामाजिक दूरी का अनुपालन करें।
10-पालिका की सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त न करें।
11-सार्वजनिक स्थानो पर लगी लाईटो को दिन में न जलने दे व ऊर्जा की बचत करें।
12-पालिका से संहिधत किसी भी प्रकार की समस्या हेतु किसी भी कार्य दिवस में टौल फ्री नम्बर 05690-230001 पर संपर्क करें।


राम भवन यादव
प्रधान लिपिक
नगर पालिका परिषद, कायमगंज
फर्रुखाबाद ।


सीमा तोमर
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कायमगंज
फर्रुखाबाद ।


सुनील कुमार ( खटिक )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, कायमगंज
फर्रुखाबाद ।

**सभासदगण-** श्रीमती दरवेश कुमारी, श्री प्रेमचन्द्र, श्रीमती सीमा सिंह, श्री मौजी लाल, श्री सचिन यादव, श्री मोहम्मद आसिफ, श्रीमती माया शर्मा, श्रीमती पूनम कुमारी श्रीमती तृप्ती रस्तोगी, श्री लक्ष्मी, श्री आसिफ मंसूरी, श्री रामप्रकाश, श्री विजय बाबू, श्री अतुल कुमार, मसूद अली, श्री नरेश चन्द्र शर्मा, श्रीमती स्नेहलता, श्री मुकेश गंगवार, श्री आमिर खां, श्री सत्यपाल लोधी, श्रीमती रेखा कौशल, श्रीमती बेबी, श्रीमती रुबी, श्रीमती पूजा शुक्ला, श्री गौरव गुप्ता,श्री सुरेन्द्र सिंह कठेरिया (नामित सभासद) श्री आदेश अग्निहोत्री (नामित सभासद) श्रीमती अर्चना चौहान (नामित सभासद) श्री पिन्टू राठौर, (नामित सभासद) श्रीमती मंजू अग्रबाल (नामित सभासद)।

## नेतन्याहू ने भारत से कहा: आपके पास गर्व करने को बहुत कुछ है

**यरुशलम (भाषा)।** इजराइल केप्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत केप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताते हुए उन्हें और देश की जनता को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बधाई देते हुए कहा, आपकेपास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है। इजराइल केप्रधानमंत्री ने भारत केस्वतंत्रता दिवस से एकदिन पहले ट्वीट मे कहा, मेरे बहुत अच्छे दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अतुल्य भारत केसभी लोगो को आनंदित करने वाले स्वतंत्रता दिवस की बधाई।

WITH BEST COMPLIMENTS ON INDIPENDENCE DAY OF INDIA, 2020
FROM
AVADH SUGAR & ENERGY LIMITED
P.O. HARGAON, DISTT. SITAPUR (UP)
MANUFACTURERS OF WHITE CRYSTAL SUGAR,
SPIRIT, DENATURED SPIRIT, ABSOLUTE ALCOHOL, ETHANOL, GOOD QUALITY OF SANITIZER AND CO-GENERATION
Phone (Office) 05862-256220,
Fax. 05862-256225
Email- hargaon@birla-sugar.com
GSTN - 09AANCA3351L1ZC
REGD. OFFICE:
P.O.HARGAON-261121
Distt. Sitapur (UP)

D.K.SHARMA
EXECUTIVE PRESIDENT

कार्यालय नगर पंचायत ऊँचाहार, (रायबरेली)
पत्रांक मेमो/2020–21
दिनांक 14/08/2020
15 अगस्त 2020 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत ऊँचाहार की ओर से समस्त नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
जनहित में अनुरोध :–
1. कोविड–19 कोरोना वायरस से बचाव हेतु अनावश्यक रूप से बाहर न निकले।
2. कोविड–19 कोरोना वायरस से बचाव हेतु घर से निकलने पर मास्क/गमछा से मुंह ढक कर ही निकले।
3. कोरोना वायरस से बचाव हेतु सोशल डिस्टेन्स बना कर रखें।
4. नगर विकास हेतु अपने बकाया करों का अतिशीघ्र भुगतान करें।
5. मा. न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है। कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों में पॉलीथीन/कूड़ा आदि फेंके।
6. नगर को हरा–भरा रखने हेतु रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण कराएं।
7. सड़क पटरी, नाली पुलियों पर अतिक्रमण न करें इससे जहां आवागमन में व्यवधान होता है वही दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बढ़ जारी है।
8. पेयजल का अनावश्यक अपव्यय न करें नगर पंचायत की सम्पत्ति आपकी है अतः कृपया स्ट्रीट लाइट नलों की टोटियों एवं हैण्डपम्पों को क्षति न होने दें।
9. सड़े–गले कटे फलों का सेवन न करें।
10. कृपया जन्म–मृत्यु का पंजीयन निर्धारित अवधि में कराकर अनावश्यक परेशानियों से बचें।
11. अपने सुझाव एवं शिकायत से हमें अवश्य अवगत कराएं।

सदस्यगण–
नरेन्द्र गुप्ता, मो0 अन्सार, राजबहादुर मौर्य, रीता त्रिदेवा, मो0 सलीम कुरैशी, शशिप्रभा, ममता पाण्डेय, रजिया बानो, तबस्सुम खातून, मंसूर फात्मा

निखिलेश कुमार मिश्रा
अधिशासी अधिकारी
नामित सभासद
ओम प्रकाश साहू, दीपू मौर्य, अभिषेक वर्मा
शाहीन सुल्तान
अध्यक्ष


## ईरान के तेल टैंकरों को अमेरिका ने रोका

एपी। मियामी

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने वेनेजुएला को ईरान की ओर से तेल पहुंचाने की कोशिश कर रहे चार टैंकरों को जब्त कर लिया है।अमेरिकी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया दो प्रतिबंधित देशों पर दबाव बढ़ाने के लिए यह कार्वाई की गई।

वाशिंगटन में पिछले महीने संघीय अभियोजकों ने एक मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बिक्री की व्यवस्था ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के साथ संबंध रखने वाले एक व्यापारी द्वारा की गई थी। रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर को अमेरिका एक आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। उस समय, प्रतिबंध विशेषज्ञों का मानना था कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में अमेरिकी अदालत के आदेश को लागू करना असंभव होगा। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एपी को बताया कि इस कार्वाई में सैन्य बल का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि टैंकर जब्त नहीं किए गए हैं बल्कि अमेरिकी अधिकारियों ने नौका मालिकों और कप्तान को प्रतिबंधों की धमकी दी, जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को ए सौंप दिए। यह अब अमेरिका की सम्पत्ति है।


अन्य एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अभी नौकाएं या उनका सामान कहां है इसकी जानकारी कोई नहीं है। अभियोजकों ने आरोप लगाया कि चार नौकाएं 11 लाख बैरल तेल वेनेजुएला ले जा रही थीं। बेला, बरिंग, पंडी और लूना नाम के ए टैंकर कभी दक्षिण अमेरिकी देश पहुंचे ही नहीं और लापता हो गए। दो नौकाएं बाद में केप वर्ड के पास नजर आईं। वेनेजुएला में ईरान के राजदूत होजाद सुल्तानी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि ना ही नौकाएं और ना उनके मालिक ईरानी है।

नगर पालिका परिषद लहरपुर, जनपद सीतापुर
15 अगस्त 2020 स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है।
नगर पालिका बोर्ड के कार्यकाल की उपलब्धियां
प्रगति के आयाम
1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में समस्त सड़कों, गलियों की सफाई सुनिश्चित कर दैनिक कूड़े का निस्तारण तथा चूने का छिड़काव कराया जा रहा है, लक्ष्य के सापेक्ष 1600 व्यक्तिगत शौचालयों का लाभ नगर वासियों को दिलाया गया।
2. नगर के 500 मीटर की दूरी पर एक–एक सामुदायिक शौचालय, महिलाओं हेतु पिंक शौचालय तथा सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है।
3. शाहकुलीपुर में शारदा कैनाल रोड पर पालिका की भूमि पर एमआरएफ सेन्टर (कूड़े का निशपादन) का निर्माण कार्य कराने हेतु प्रस्तावित।
4. पुलिस चौकी में महिला चेन्जरूम व वाशरूम का निर्माण कार्य कराया गया।
5. नगर के मुख्य चौराहों पर फौव्वारों का निर्माण कार्य।
6. नगर की विभिन्न छतिग्रस्त मार्गो को प्राथमिकता के आधार पर इण्टरलाकिंग/सीसी रोड में परिवर्तित करना।
7. नगर के छतिग्रस्त नालों को पक्का कराकर जल निकासी में सुधार करना।
8. पेयजल व्यवस्था में पाइप लाइन विस्तार करते हुए जल संयोजन में वृद्धि करना।
9. प्रतिमाह नियमित अन्तराल पर, कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकांक को देखते हुए नगर को कई बार कीट–नाशक दवाओं से छिड़काव कर सेनेटाइज कराया जा रहा है।
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
नागरिकों से अपेक्षायें
1. पॉलीथीन का प्रयोग दण्डनीय अपराध है। इसका प्रयोग कदापि न करें।
2. गृहकर, जलकर व जलमूल्य व विविध लाईसेन्स शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।
3. शुल्क शौचालय का निर्माण व उपयोग दण्डनीय अपराध है। खुले में शौच करना दण्डनीय अपराध है।
4. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें, तथा नल की टोंटी खोली न छोड़ें।
5. सड़कों पर इधर–उधर कूड़ा न फेंकें। "स्वच्छ भारत मिशन" के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें तथा डोर–टू–डोर कूड़े वाले पालिका सफाई कर्मी को ही अलग अलग गीला–सूखा कूड़ा दे।
6. आप हमें सहयोग देंगें हम आपको समुचित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु वचनबद्ध हैं।
7. साबुन व पानी से दिन में कई बार कम से कम 20 सेकेण्ड तक हाथ धोए या एल्कोहल युक्त सैनेटाइजर का प्रयोग करें।
8. बाहर निकलने पर मास्क/रूमाल/गमछा आदि का प्रयोग करें। हाथ न मिलायें, नमस्ते करें।
9. बुखार, खांसी, जुखाम आने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
10. सार्वजनिक स्थलों पर एक दूसरे से कम से कम 02 गज अर्थात सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं वस्तुओं को अनावश्यक छूने से बचें।
11. योगासन प्राणायम करें अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ायें।
नगर आपका है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना अमूल्य सुझाव मुझे सदैव देते रहे, जिससे नगर पालिका बेहतर सेवा नागरिक मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सके।
आपकी सेवा में सदैव तत्पर आपका अपना

मो0 हनीफ खां
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद लहरपुर
सम्मानित सभासदगण

मो0 जासमीर अंसारी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद लहरपुर




कार्यालय नगर पंचायत अजमतगढ़-आजमगढ़

मा. श्री नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. श्री आशुतोष टंडन जी
नगर विकास मंत्री, उ.प्र. सरकार
मा. श्री आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार
समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देती है एवं नगर वासियों से नगर पंचायत अजमतगढ़ निम्न अपेक्षायें करती है।
कोरोना वायरस से संक्रमण के खतरे को कम करें।
कोरोना डर नहीं जागरुकता फैलाएं
1. साबुन और पानी से हाथ साफ़ रखें
2. छींकते वक्त नाक और मुंह ढंके
3. सर्दी या फ्लू से संक्रमित लोगों के पास जाने से बचे
4. पूरी तरह से पका हुआ मांस या अंडा ही खाएं
5. जीवित जंगली या पालतू पशुओं से दूर रहें
6. नगर पंचायत अजमतगढ़ में लगे वृक्षों को कोई क्षति न पहुचाएं। वृक्षों की देखभाल करें एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में हमारा सहयोग करें।
7. गृहकर एवं जलमूल्य का भुगतान समय से करें।
8. कूड़ा उठ जाने के बाद सड़क पर एवं नालियों में कूड़ा कदापि न फेकें।
9. जल ही जीवन है पानी की टोटियों को अनावश्यक खुला न छोड़े एवं जल का संचयन करें।
10. जिनके घरों में शौचालय नही है वे लोग नगर पंचायत द्वारा बनाये गये सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
11. खुलें में शौच करना दण्डनीय अपराध है खुले में शौच कदापि न करें।
12. पालिथीन प्रतिबन्धित है इसका प्रयोग कदापि न करें और पर्यावरण को स्वच्छ रखें।
13. जन्म–मृत्यु का पंजीयन 21 दिनों के अन्दर अवश्य करायें।
14. नगर पंचायत द्वारा लगाये गये प्रकाश बिन्दुओं को छति न पहुचायें एवं बल्ब जलाने व बुझानें में नगर पंचायत का सहयोग करें।
साथी रे हाथ से हाथ मिलाना,
गंदगी को दूर भारत से है भगाना।
स्वच्छता पखवारा
विशेष सफाई अभियान
7 अगस्त –17 अगस्त

स्वच्छ अजमतगढ़
स्वस्थ अजमतगढ़
अखिलेश कुमार यादव
पारस सोनकर
एकलाख अहमद
वरिष्ठ लिपिक
नरेन्द्र प्रताप सिंह
राजेश कुमार
मा. सभासदगण एवं कर्मचारी-: नगर पंचायत अजमतगढ़, आजमगढ़

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 15 अगस्त, 2020

# मैं खुशनसीब थी कि मुझे परिवार और वायु सेना से सहयोग मिला: गुंजन सक्सेना

**भाषा। मुंबई**



**भारतीय** वायु सेना की पायलट गुंजन सक्सेना की जिंदगी पर नेटफ्लिक्स पर एक फिल्म आई है। इस पर उठे एक विवाद के संदर्भ में वह कहती हैं कि वह खुशनसीब थीं कि उन्हें वायु सेना में अपने कमांडिंग अधिकारियों और वरिष्ठों का सहयोग मिला लेकिन जब भी किसी संगठन में बड़ा बदलाव होता है तो कुछ लोगों को तालमेल बैठाने में दूसरों से ज्यादा समय लगता है। वायु सेना ने सेंसर बोर्ड को पत्र लिखकर नेटफ्लिक्स पर बुधवार को रिलीज हुई फिल्म गुंजन सक्सेना : द करगिल गर्ल में अपनी छवि को नकारात्मक तरीके से दर्शाने पर आपत्ति जताई है। इसी सिलसिले में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सक्सेना की प्रतिक्रिया आई है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पत्र में वायु सेना में संस्थागत कार्य संस्कृति के रूप में फिल्म में लैंगिक पूर्वाग्रह दर्शाने के संबंध में चिंताओं का जिक्र किया गया है। करगिल युद्ध में पहली महिला पायलट बनने वाली सक्सेना ने एक बयान में कहा कि अनेक तरह के लोग होते हैं जो किसी संस्थान का माहौल तैयार करते हैं। उन्होंने कहा, जब आप किसी माहौल में होते हैं तो अनेक तरह के लोग होते हैं जो माहौल बनाते हैं। इसलिए जब कोई बड़ा बदलाव होता है तो कुछ लोग इस बदलाव को बहुत अच्छे से स्वीकार करने के लिए तैयार होते हैं, वहीं कुछ को इस परिवर्तन के साथ सामंजस्य बैठाने में समय लगता है।

# ऐरन कोहेन से एक्शन सीख रही हैं प्रीति जिंटा



जानी मानी अभिनेत्री प्रीति जिन्टा का कहना है कि 'कोई भी सपना जादू से वास्तविकता नहीं बन जाता। इसके लिए परिश्रम, संकल्प तथा पसीना बहाना पड़ता है। यही कारण है कि मैं यहां ऐक्शन करने के अपने सपने को पूरा करने के क्रम में परिश्रम कर रही हूं। सुगठित शरीर वाले ऐरन कोहेन के साथ कठिन प्रषिक्षण ले रही हूं। कोई भी ये कह नहीं सकता कि महिलाएं हिंदी फिल्मों में ऐक्षन नहीं कर सकतीं। आशा है कि सभी निर्देषक ये देख रहे हैं।

एनटीपीसी NTPC
रौशन करे जीवन







कुल संस्थापित क्षमता – 1100 MW
प्रथम चरण – 440 MW
द्वितीय चरण 5वीं इकाई – 660 MW

द्वितीय चरण विस्तारीकरण
विद्युत उत्पादन का लक्ष्य
छठी इकाई – 660 MW – निर्माणाधीन है

टांडा सुपर थर्मल पावर स्टेशन

सुन्दर अकबरपुर
स्वच्छ अकबरपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



गाँधी जी का सच हो सपना,
बहु बेटियों का हो सम्मान, हर घर दें शौचालय पर ध्यान,
शौचालय युक्त घर हो अपना जबतक स्वच्छता से अंजान,
नही रूकेगा यह अभियान।
शौचालय का करें प्रयोग, मिटे गन्दगी भागे रोग।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2020

के पुनीत अवसर पर

नगर पालिका परिषद अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

नगर वासियों का हार्दिक स्वागत एवं वन्दन करती है व समुचित नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध है एवं नगर विकास हेतु निम्न सुविधायें उपलब्ध है :–

- स्वच्छ भारत मिशन में अपना सहयोग प्रदान करें और शौचालय का निर्माण करायें एवं खुले में शौच न जायें।
- पालीथीन/थर्माकोल का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध कर दिया गया है। कृपया इसका प्रयोग न करें, यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।
- शहर के समस्त पथ–विक्रेता न0पा0परि0अ0 में पंजीकरण अवश्य करा लें ताकि उन्हे पी0एम0स्व0 निधि के अन्तर्गत आसान किस्तों पर ऋण (मु0 दस हजार) उपलब्ध हो सके।
- इस ऋण को प्राप्त करने हेतु वेण्डर का मो0न0, आधार से लिंक होना आवश्यक है। जिसे डाकघर से लिंक कराया जा सकता है।
- जो पथ–विक्रेता न0पा0परि0 अकबरपुर में रजिस्टर्ड नही होगा वह न0पा0 परिक्षेत्र में वेडिंग का कार्य नही कर पायेगा। वेण्डिंग कार्य करने के लिए उसके पास न0पा0 द्वारा निर्गत परिचय–पत्र पथ–विक्रेता प्रमाण–पत्र एवं न0पा0परि0 अकबरपर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
- करोना वायरस (कोविड–19) महामारी के दृष्टिगत मास्क व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें।
- अपने घरो से निकलने वाले निर्माण व विध्वंस सामाग्री को सड़क व पटरी के किनारे न रखें।
- अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को कृपया सूखे कूड़े को नीले डस्टबिन में तथा गीले कूड़े की हरे डस्टबिन में रखे तथा नगर पालिका परिषद अकबरपुर की गाड़ी पहुंचने पर डाल दें। सड़क पर न फेंके।



सुरेश कुमार मौर्य
अधिशाषी अधिकारी

दुर्गावती, विनय कुमार, सतीश तिवारी, निर्मला देवी, नन्दलाल सोनकर, वन्दना भारती, बलिराम, विवेक नन्दन, अमित कुमार, रूकसाना खातून, शिव कुमार, मंजू, गौरव श्रीवास्तव, उर्मिला देवी, ललित मोहन श्रीवास्तव, वन्दना त्रिपाठी, राजकुमारी, रूबी गुप्ता, सुनील कुमार, सन्दीप कुमार, बेबी तवस्सुम, संजय मद्धेशिया, तारा गुप्ता, ज्ञान कुमार मोदनवाल, रूकसाना।
सदस्यगण



सरिता गुप्ता
अध्यक्ष

नगर पालिका परिषद अकबरपुर, अम्बेडकरनगर
पत्रांक : 415/2020–21 (विज्ञापन) दिनांक : 14.08.2020

नगर पालिका परिषद घाटमपुर
जनपद कानपुर नगर

की ओर से समस्त नगरवासियों को
15 अगस्त, (स्वतंत्रता दिवस)
की हार्दिक शुभकामनाएं





'मेरा शहर साफ हों, इसमे मेरा भी हाथ हो'
(हमारा घाटमपुर, सुन्दर घाटमपुर)

वैश्विक महामारी कोविड–19 (कोरोना वॉयरस) को फैलने से रोकने हेतु नागरिकों से अपील

- वैश्विक महामारी कोविड–19 (कोरोना वॉयरस) से जानकारी ही बचाव है।
- सभी नागरिक अपने मुंह और नाक को अच्छे से ढके। मास्क, अंगौछा, दुपट्टा का प्रयोग करें।
- आपस में मिलते समय या भीड़ वाले स्थान में कम से कम 2 गज की दूरी का विशेष ध्यान रखें।
- अपने हाथों को कम से 20 सेकेण्ड तक साबुन से दिन में कम से कम 5 बार अच्छे से धोएं।
- खांसने या छीकने पर नाक और मुंह को कोहनी या टिश्यू पेपर से ढक लें।
- अगर आप ठीक महसूस नही कर रहे, तो घर पर ही रहे, अगर आपको बुखार खाँसी है और सांस लेने में परेशानी हो रही है तो डाक्टर के पास जाएं।
- जरूरी सावधानियां अपनाकर आप खुद को और अपने आस–पास के लोगो को सुरक्षित रख सकते हैं।

➢ संचारी रोगो से बचाव हेतु नागरिको से अपील :–

- अपने आस–पास पानी एकत्र न होने दे, क्योंकि इससे मच्छर पनपते है जिससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी भयानक बीमारियाँ उत्पन्न होती है।

नगरवासियों से अपील

- स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में घाटमपुर को स्वच्छता रैंकिग में नं0 1 बनाने में सहयोग प्रदान करें।
- खुले में शौच न जाएं, घर मे शौचालय बनवाएं।
- सफाई के पश्चात मार्गो एवं नालियों पर कूड़ा न फेकें एवं वार्डो में संचालित डोर–टू–डोर कलेक्शन हेतु लगाये गए कर्मचारियो को ही कूड़ा दे।
- गीला कूड़ा हरे कूड़ेदान में सूखा कूड़ा नीले कूड़ेदान मे डालें।
- सार्वजनिक मार्गो में जानवर बांध कर आवागमन बाधित न करें, और न ही जानवरों को अवारा छोड़ें।
- पॉलीथीन का उपयोग न करें, इसके स्थान पर कागज/जूट के बैग का प्रयोग करें।
- समय से समस्त करों (भवनकर, जलमूल्य आदि) का समय से भुगतान करें।
- पेयजल उपयोग के बाद नलों को खुला छोड़कर जल का दुरूपयोग न करें। भू–गर्भ जल का राष्ट्रहित मे संरक्षण करें।
- मार्गप्रकाश के बिन्दुओं को क्षतिग्रस्त न करे, यह आपकी सुविधा के लिए है।
- पालिका सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
- सभी पथ विक्रेता अपना रजिस्ट्रेशन पालिका में अवश्य कराएं।
- जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर अवश्य कराएं।
- पर्यावरण संतुलन हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें।
- नेत्रदान–महादान, नेत्रदान हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, कानपुर नगर से संपर्क करें।
- पालिका हित मे अपने सुझाव अवश्य दें।



(उमेश कुमार मिश्र)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर कानपुर नगर

आइए हम सब मिलकर घाटमपुर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का संकल्प लें।

समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर, कानपुर नगर



(संजय सचान)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
घाटमपुर कानपुर नगर

बेकाबू कोरोना बिगड़ रहे हालात

# आखिर कब होगा अदालत परिसर का सैनेटाइजेशन

● जज का अर्दली, पत्नी व बेटा भी मिला कोरोना पॉजिटिव, वकीलों में दहशत, सात दिन तक कचेहरी बंद करने की उठी मांग

संवाददाता। सीतापुर

**न्यायालय परिसर** में दो गेट कीपर एक पैरोकार के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद एक जज के अर्दली की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बावजूद कचेहरी परिसर में लापरवाही बरती जा रही है। परिसर को सैनिटाइज तक नहीं कराया गया है। जिम्मेदारों की लापरवाही को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। विगत दिनों अधिवक्ता कचेहरी परिसर में कोरोना से बचाव के मुक्मल बंदोबस्त किए जाने की मांग में प्रदर्शन भी कर चुके हैं। सीतापुर में एक बार फिर कोरोना ग्राफ उछल गया है। पिछले 24 घंटे में 60 नए केस मिले हैं। पीएनबी मण्डल कार्यालय में 4, एसबीआई मेन ब्रांच में 1 के साथ ही सिविल कोर्ट का 1 अर्दली की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। रोटीगोदाम में 6, आदर्शनगर में 4, होलीनगर व सिविल लाइन्स में 3-3, चुंगी चौकी में व विजय लक्ष्मीनगर में 2-2 और आलम नगर, आर्य नगर, आदर्श नगर, पाण्डेय नगर, जिला अस्पताल, सदर बाजार, तरीनपुर, दुर्गापुरवा, 11वीं बटालियन पीएसी व जेल रोड में 1-1 केस मिला है।




**ग्रामीण इलाकों में भी कोरोना का खौफ-** शहर के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी कोरोना का कहर जारी है। मिश्रिख के रत्नूपुर व रहिमाबाद के सर्फापुर में 2-2 कोरोना केस निकले हैं। सिधौली, करीमपुर, तम्बोर के शीर्ष टोला, महोले के ब्रम्हावली, थाना तम्बौर, रामकोट के लालपुर दहेलिया, चठिया इमलिया सुल्तानपुर, हरगांव के तसतपुर, मिश्रिख के बिराहिमपुर, दौलत भवन, दहेलिया सुल्तानपुर, चोटका राजपुर व मुआलपुर में 1-1 मरीज मिला है, जबकि 3 केस गैरजनपदों के हैं।

**कहीं भारी न पड़ जाए लापरवाही-** कोरोना से त्रस्त होने के बावजूद जनपद में हर तरफ सजगता का अभाव दिख रहा है। लापरवाही का आलम ऐसा कोरोना मरीज मिलने के बाद भी स्टेट बैंक मेन ब्रांच को एक दिन के लिए भी नहीं बंद किया गया। ऐसे में कर्मचारियों में दहशत व्याप्त है। नाम न उजागर करने की शर्त पर बैंक कर्मचारियों ने बताया कि बैंक परिसर को सैनेटाइज तक नहीं कराया है, कार्यालय में काम करना खतरे से खाली नहीं है।

# बाढ़ का कहर जिंदगी गई ठहर...



सीतापुर-घर में ठण्डे चूल्हे पर अगर खाली पतीली है, बताओ कैसे लिख दूं धूप फागुन की नशीली है, आप कहते सरापा गुल मुहर है जिन्दगी, हम गरीबों की नजर में इक कहर है जिन्दगी अदम गोंडवी की यह पंक्तियां गांजरी इलाके में उमड़े सैलाब में ठहरी जिन्दगी पर चरितार्थ हो रही है। इस तस्वीर को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि घरों में पानी भर जाने से जीवन चारपाई व तखत पर सिमट कर रह गया है। पेट की आग शांत करने के लिए लोग सूखी रोटी खाकर और बाढ़ का पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं।

## विहिप कार्यकर्ताओं ने बनाया भारत का नक्शा

**हरगांव सीतापुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सीतापुर के हरगांव में विष्व हिन्दू परिशद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सूर्यकुण्ड तीर्थ पर भारतमाता का नक्शा बनाया और 351 दीपों से सजया। कर्यक्र में शोभित शुक्ला, अनुज भदौरिया, सर्वेश, अजीत, सत्यपाल, वीरेन्द्र, अमित, मोनू, अभिषेक, देवेन्द्र, अभय,आकाश, विशाल, रजत, रितिक, हिमांशु, सन्नी, गुलशन, आकाश , प्रियांशु, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, प्रकाश सिंह, विजय आदि ने हिस्सा लिया।

## क्विक न्यूज

### आजम खां का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

**सीतापुर।** सपा के कद्दावर नेता पूर्व केबिनेट मंत्री सांसद आजम खां के जन्मदिन की धूम सीतापुर में भी दिखी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा शारिब खां ने लालबाग चौराहा व रोडवेज बस अड्डा पर मास्क, राष्ट्रीय ध्वज के सथ ही बिस्कुट व मिठाइयों का वितरण किया। इस दौरान फ्हीम खां, मुजीब दरबार, शादाब खां आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी तहरीर

**सीतापुर।** भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा और रोहित सरदाना द्वारा बदले की भावना से टिप्पणी किए जाने के कारण कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी की मौत होना मानते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने संबित पात्रा और रोहित सरदाना पर केस दर्ज करने की मांग करते हुए षहर कोतवाल टीपी सिंह को तहरीर दी सौंपी। इस जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष आमोद मिश्रा, उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, महासचिव चोक्ष विभु अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### रेडक्रास सोसाइटी ने कराया रक्तदान शिविर

**सीतापुर।** कोरोना काल में इण्डियन रेड इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी रक्तदान का पुनीत अभियान चला रही है। सोसाइटी 17 अगस्त तक रक्तदान करवाएगी। षुक्रवार को जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में सन्तोश मिश्रा, जावेद अंसारी, इनामुल हक, लालता प्रसाद व हसनैन साजिद ने रक्तदान किया। इस दौरान सोसाइटी के ललित श्रीवास्तव चंचल, डा. एके षुक्ल, रेडक्रास सचिव संजीव मेहरोत्रा, रेडक्रास कोआर्डिनेटर रियाज अहमद, रेडक्रास सर्व इन्स्ट्रक्टर जाहिद अली अंसारी, ललित श्रीवास्तव, हसनैन साजिद के साथ ही ब्लड बैंक प्रभारी डा0 प्रवीन कुमार, लैब टैक्नीषियन दिवाकर, मो0 आरिफ, संजय आदि मौजूद रहे।

### समाजसेवी डा. मुजम्मिल हुसैन का निधन

**सीतापुर।** लहरपुर कस्बे की दुखद खबर है। समाजसेवी डॉक्टर मुजम्मिल हुसैन 86 वर्ष की उमर में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही कस्बे में षोक की लहर दौड़ गई। पालिका अध्यक्ष जासमीर अंसारी, हाजी जावेद अहमद, सुरेश कुमार लेखवानी, जुनेद अंसारी हाजी, कमाल अहमद, हाजी नसरुद्दीन, रियाज अहमद, बबलू, वीरेंद्र पुरी, मनोज गुप्ता, घनश्याम शुक्ला, मोहम्मद खालिद, गौरी, हाजी सिराज अहमद, सलाउद्दीन गौरी, षिक्षक अब्दुल गफ्फार मोहम्मद कासिफ, जेड आर रहमानी, हरीश रस्तोगी, हाजी रईस अहमद, जुबेर अहमद आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### तालाब बने मौत का कुंआ, दो लोगों की डूबकर मौत

**सीतापुर।** शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। संदना थाना इलाके के गांव धरौली निवासी 18 वर्षीय अभिशेक मिश्रा पुत्र विनीत की गांव के बाहर बने तालाब में डूबकर मौत हो गई। अभिशेक तालाब में नहाने गया था। थाना सदरपुर के पिपरी गांव का निवासी 13 वर्षीय तहजीब पुत्र असलम उस वक्त तालाब में डूब गया जब वह अपने दोस्तों के साथ तालाब के पास खेल रहा था। इस बात की जानकारी बच्चों ने परिजनों को दी। करीब 3 घंटे बाद शव बरामद किया गया।

### ईनाम का लालच देकर 32 हजार ठगे

**सीतापुर।** 14 लाख और बाइक ईनाम में देने का झांसा देकर साइबर ठगों ने कमलापुर के रायपुर गांव निवासी कैलाष पुत्र रामावतार से 32 हजार रुपयों की ठगी कर ली। 11 से 13 अगस्त के बीच कैलाष के फोन पर कई कालें आई और सारे पैसे एक खाते में जमा करा लिए गए। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है।

### लापता युवती की नहर में डूबने की आशंका

**सीतापुर।** बीते सोमवार को तालगांव क्षेत्र के गांव बहादुरपुर की लापता हुई 20 वर्षीय सबीना पुत्री इसरार का दुपट्टा और चप्पल अकबरपुर के पास शारदा सहायक नहर के किनारे मिलने से परिजनों ने डूबने की आशंका जताई है। चाचा शोएब ने बताया सबीना मानसिक रूप से अस्वस्थ है। परिवार में विवाद होने के वो लापता हुई थी। जिसके पुलिस ने गुमशुदगी भी दर्ज की है।

### रालोद जिलाध्यक्ष ने बीडीओ को घेरा शिकायतों पर फर्जी आख्या का आरोप

**सीतापुर।** राष्ट्रीय लोक दल जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने खंड विकास अधिकारी एलिया जितेंद्र बहादुर सिंह (वर्तमान तैनाती सिधौली) पर शिकायतों पर गलत आख्या लगाने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने बताता कि उन्होनें ही सीएम योगी को आईजीआरएस संख्या 400154200359 कर विकास खंड की ग्राम पंचायत कुचकापुर में मनरेगा कार्यो की जाँच के सम्बंध में 3 अगस्त 2020 को शिकायत दर्ज कराई जिसकी जांच खण्ड विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर को दी गयी जिसमे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आख्या न दर्शा कर बिना आख्या के ही शिकायत का निस्तारण कर दिया।

महोली पुलिस को मिली सफलता, स्कूटी समेत 16 बाइकों के साथ पांच अंतरजनपदीय आटोलिफ्टर हुए गिरफ्तार...

## नंबर बदलकर कम दामों पर बाइकें बेचते थे शातिर चोर

**सीतापुर/महोली।** बाइके चोरी करके उनके नंबर बदलकर कम दामों पर बेंचने वाले अंर्तजनपदीय आटोलिफ्टर गैंग का महोली पुलिस ने खुलासा करते हुए 5 चोरों को स्कूटी समेत 16 बाइकों के साथ धर दबोचा है। इनमें से 13 बाइकें लखनऊ बाकी अन्य जिलों की है। एएसपी उत्तरी राजीव दीक्षित, सीओ सदर एमपी सिंह ने बताया कि महोली कोतवाल राजेंद्र शर्मा की टीम ने रवींद्र सिंह पुत्र चंद्रिका नि. चौफ्रा, छोटेलाल पुत्र गयादीन नि. अंदापुर, अजय, राकेश पुत्रगण रामकिशुन, नीरज पुत्र मोतीलाल निवासीगण कुंवरपुर गद्दी महोली को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिनकी निशांदेही पर 11 बाइके भुडकुडा के खेत से बरामद की गई। अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। टीम में निरीक्षक मुस्तकीम, उ.नि. कृष्णचंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**लाकडाउन का जमकर उठाया फायदा:** गैंग ने लाकडाउन का फायदा जमकर उठाया। सस्ते दामों पर बाइक खरीदने के लालच में लोग पुराने कागजों पर ही बाइक खरीद लेते थे। फर्जी कागज बनाने का कोई तरीका इस गैंग के पास नहीं था बावजूद इसके उन्होंने कई बाइकें बेंच दी। इस गैंग का एक अभियुक्त गोरखपुर निवासी संतोश सिंह अभी भी फरार है जो गैर जनपदों में चोरी करने के लिए इन सभी की मदद करता था। सभी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन एस.एन साबत द्वारा सफ्लता प्राप्त करने वाली टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

# कल होगी लोक सेवा आयोग की परीक्षा

● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर



बैठक करते सीडीओ संदीप कुमार मौजूद अधिकारीगण

**16 अगस्त** को जनपद के 34 परीक्षा केन्द्रों पर लोक सेवा आयोग की ओर खण्ड शिक्षा अधिकारी भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा होगी। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक हुई। सीडीओ संदीप कुमार अधीनस्थों को परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के टिप्स बताए। अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक ने आयोग के निर्देशों की जानकरी दी। उन्होंने बताया रविवार को अपरान्ह 12 से 2 बजे तक जनपद के 34 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा होगी, 15,552 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, परीक्षा केन्द्रों को 11 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, तहसीलदार सिधौली मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी मिश्रित राजीव पाण्डेय, उपजिलाधिकारी महोली शशिभूषण राय, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम शिशिर कुमार, तहसीलदार मिश्रिख चन्द्रकान्त त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सिधौली संतोष राय, जिला .षि अधिकारी अखिलानन्द पाण्डेय, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संतोष कुमार, तहसीदार सदर संजय यादव और तहसीलदार महोली आरपी सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनया गया है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा0 राजीव दीक्षित, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा सहित सभी केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# ओवरलोडिंग पर शासन ने कसा शिकंजा

● कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने की बैठक अधीनस्थों को दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर



बैठक करते जिलाधिकारी अखिलेष तिवारी व अन्य अधिकारीगण

**शासन ने** ओवरलोडिंग पर शिकंजा कस दिया है। सीएम के संज्ञान लेने के बाद ने भी डीएम अखिलेश तिवारी ने भी सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम परिवहन विभाग ओवरलोडिंग रोंकने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। एआरटीओ प्रर्वतन डा उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि वन विभाग, जिला खनन अधिकारी, अधिषायी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशाशी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, जिला माल पर्यवेक्षक, उत्तर रेलवे, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला प्रबन्धक, पीसीएफ, जिला प्रबन्धक, एफसीआई, प्रबन्धक, उ.प्र. राज्य चीनी निगम, प्रबन्धक, उ.प्र. राज्य भण्डारण निगम, प्रबन्धक, उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, महाप्रबन्धक, डालमियां षुगर मिल, रामकोट, महाप्रबन्धक, अवध शुगर मिल, रामगढ़, महाप्रबन्धक, डालमियां शुगर मिल, हरगांव, महाप्रबन्धक, दि किसान सहकारी शुगर मिल, महमूदाबाद, महाप्रबन्धक, दि किसान सहकारी शुगर मिल, बिसवां, महाप्रबन्धक व जी.बी. दारूका पेपर मिल, खगेशियामऊ के जिम्मेंदारों को साफबता दिया गया कि ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**एआरटीओ ने कसी कमर-** ओवर लोडिंग रोकने के लिए परिवहन विभाग ने एक कदम और आगे बढ़ाने जा रहा है। एआरटीओ प्रर्वतन डा. उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि ओवर लोडिंग को पकड़ने के लिए जल्द ही टोल प्लाजा खैराबाद पर वे-इन-मोशन मशीन लगवाई जाएगी, मशीन से ट्रेस किए गए ओवरलोड वाहनों का ई चालान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले माह 34 ओवर लोड वाहनों और 17 ट्रैक्टर ट्रालियों का चलान किया था, 11 लाख रूपये वसूले गए थे।

कोरोना वायरस के काले गुबार के बीच

## मौसमी ने दिया चार बच्चों को जन्म

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** रेउसा क्षेत्र के भदमरा गांव से एक ऐसी खबर है जो कि कोरोनावायरस के काले गुबार के बीच आपको मुस्कराने पर मजबूर कर देगी। गांव की 28 वर्षीया मौसमी देवी ने चार बच्चों को जन्म दिया है। नवजात बच्चों में तीन बेटियां और एक बेटा है। अनोखे माने जाने वाले इस मामले में खास बात यह है कि मां और बच्चे दोनों स्वस्थ हैं। बच्चे थोड़ा कमजोर जरूर हैं। जिला महिला अस्पताल की सीएमएस सुषमा कर्णवाल कहती हैं कि इस तरह के मामले बहुत कम होते हैं, अभी तक जो हुए भी हैं उनमें यह पाया गया है कि महिलाएं बच्चा पैदा करने की दवाइयां खाती थी। बता दें अप्रैल माह में बारबंकी के रामनगर इलाके के गांव कुतुलपुर में एक महिला ने 5 बच्चों को जन्म दिया था।

## 15 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**सीतापुर।** एसपी आरपी सिंह ने महकमें में फेर बदल करते हुए 15 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों को बदल दिया है। शहर कोतवाली की शाहमहोली चौकी इंचार्ज अतुल वर्मा को तालगांव, पुलिस लाइंस से दीनानाथ यादव को शाहमहोली चौकी, जितेंद्र बहादुर को तालगांव से चौकी इंचार्ज बड़ागांव महोली, धमेंद्र सिंह को हरगांव ककराही चौकी से थाना तालगांव, नवनीत मिश्र को इमलिया सुल्तानपुर से चौकी ककराही, राजेश कुमार सिंह को प्रभारी चौकी रामगढ़ संदना से कोतवाली नगर, आलोक धीमान को तालगांव से प्रभारी चौकी रामगढ़ संदना, राहुल शर्मा को प्रभारी चौकी मास्टरबाग थाना कमलापुर से मानपुर थाना, महेंद्र प्रताप सिंह को थाना मानपुर से प्रभारी चौकी मास्टरबाग, विनोद शर्मा को प्रभारी चौकी पैंतेपुर से पुलिस लाइंस, अवधराज सिंह सेंगर को बिसवां से प्रभारी चौकी कटीली, मुनीर अहमद को रामपुरकलां से पुलिस लाइन, मुकेश कुमार को पुलिस लाइन से रामपुरकलां भेजा गया है।

4 लाख 52 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से गांवों में भरा पानी

# कोरोना के साथ बाढ़ व कटान का दंश भी झेल रहे लोग

संवाददाता। सीतापुर



**इन दिनों** गांजरी क्षेत्र दोहरी मुसीबत झेल रहा है। कोरोना के कहर के साथ ही बाढ़ और कटान से महमूदाबाद, बिसवां व लहरपुर की करीब 40 हजार आबादी त्राहि-त्राहि कर रही है। षारदा व घाघरा में छोड़े 4 लाख 52 हजार क्यूसेक पानी के चलते सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। पीड़ितों ने पलायन करके ऊंचे स्थानों पर बसेरा बना लिया है, लेकिन उनके समक्ष भूलभूत सुविधाओं का सकंट है। न तो उनके पास पर्याप्त पेट भरने का इंतजाम है और न ही अन्य सुविधाएं। प्रषान पीड़ितों को भर पेट भोजन तक नहीं उपलब्ध करा पा रहा है। जिम्मेदारों की इस लापरवाही को लेकर बाढ़ व कटान पीड़ितों में आक्रोष है।

**शारदा की तेज धार उजाड़ रही आषियाना-**लहपुर तहसील क्षेत्र में शारदा की तेज धार आशियाना उजाड़ने पर अमादा है। कई दिनों से हो रही कटान में 21 घर नदी में समा गए हैं। कटान की दहशत से पीड़ितों ने घर छोड़ दिया है। मीतमऊ के उदय प्रताप भार्गव ने बताया कि प्रशासन ने मदद के नाम पर 15 दिन पहले लाई-चना बांटा था, इसके बाद से कोई झांकने नहीं आया है। षारदा रतौली गांव में भी तेजी से कटान कर रही है। रामचन्द्र, मनोज, कमलू सहित 15 ग्रामीणों के पक्के घर कट गए हैं। प्रधान प्रतिनिधि रामदत्त ने बताया भार्गव ने बताया कि रतौली में षारदा नदी दो तरफ से कटना कर रही है।

**200 मकानों में घुसा बाढ़ का पानी-** लहरपुर तहसील के लिए शारदा मुसीबतों का पर्याय बन गई है। ग्रामपंचायत हरकीबेहड़ के 200 मकानों में बाढ़ का पानी भर गया है। घरों में रखा अनाज बर्बाद हो गया है। पशुओं का चारा भी नहीं बचा है। डेढ हजार की आबादी तमाम मुश्किलों से गुजर रही है। खाद्यान्न किट तो दूर की बात पीड़ितों को अभी तक लाई-चना भी नहीं उपलब्ध कराया गया है। तीरथराम यादव, षम्भू दयाल, आनन्द यादव, संदीप यादव व सोबरन ने बताया कि तीन दिनों से घरों में दो फिट तक पानी भरा है।

**घाघरा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि-** घाघरा नदी के जलस्तर में लगातार बृद्धि हो रही है। रेउसा क्षेत्र में परेशानियों का सैलाब बह रहा है। परमेस्वर पुरवा गांव में 3 दिनों में 10 घर का कट चुके हैं। नदी गोलोक कोडर में भी कटान कर रही है। कटान की खैफसे लालजी व पुजारी ने पक्के मकानों को तोड़ दिया है और ईंट व गृहस्थी लेकर सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। चौकी पुरवा में पैकरमा का घर कटान के मुहाने पर है। राजापुर, लालपुर, रंडा कोंडर, मुजेहना, महेशपुर, सिपतपुर, दहला, हुसैनपुर खानी, डेलिया, सुकेठा, भरथा, हरिहर पुर, बसंतापुर, चहलारी, दुलामऊ तहापुर, किशोर गंज, बढही डीह सहित 30 ग्राम पंचायतों की 20 हजार आबादी बाढ़ व कटान से प्रभावित है। खेतों में पानी भरने से फ्सलें नश्ट हो गई हैं।

## दुष्कर्म पीड़िता की आरक्षी ने बचाई जान मिलेगा प्रशंसा चिन्ह

**सीतापुर।** हमेशा दागदार रहने वाली पुलिस का एक मानवीय चेहरा उस वक्त सामने आया जब एक दुष्कर्म पीड़िता की जान मानपुर में तैनात आरक्षी प्रवेश ने रक्तदान कर बचाई।

● दंडरहित सेवा करने वाले हेड कांस्टेबल को भी मिलेगा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह

इस कार्य को सराहते हुए पुलिस महानिदेशक एच.सी अवस्थी ने आरक्षी प्रवेश को प्रशंसा चिन्ह दिए जाने की घोषणा भी की है। वहीं पुलिस महकमें में दंडरहित सेवा करने वाले हेड कांस्टेबल इकबाल जावेद खां को स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस महानिदेशक एच.सी अवस्थी द्वारा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह दिए जाने का ऐलान भी किया गया है। इकबाल वर्तमान में जिला अभियोजन कार्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं।

मार्मिक...

## पत्नी की समाधि पर खुद को मारी गोली, मौत

**रेउसा सीतापुर।** मामूली विवाद में सात जन्मों का साथ छोड़कर जब दो महीने पहले पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली तो पति ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया और अपनी आखिरी सांस भी पत्नी की समाधिस्थल पर ही ली। मार्मिक घटना रेउसा के जगदीश गांव की है ग्रामीणों के मुताबिक यहां के निवासी अजय सिंह (40) का अपनी पत्नी किरन से दो महीने पहले विवाद हुआ जिसके बाद किरन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद अजय गुमसुम रहने लगा फिर शुक्रवार को अजय किरन की समाधिस्थल पहुंचा और खुद को असलहे से कनपटी पर गोली मार ली परिजन उसे लखनऊ लेकर रवाना हुए और रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस दंपति के दो बच्चे भी हैं जिनमें से एक बेटी मानसिक विक्षिप्त भी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का लिया जायजा

● अधीनस्थों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शुक्रवार** को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने तहसील निघासन के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का जायजा लिया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने तहसील निघासन के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का सघन दौरा करते हुए एसडीएम निघासन को निर्देशित किया कि अपने तहसील क्षेत्रातर्गत सभी बाढ़ ग्रस्त इलाकों में सतत भ्रमणसील रहकर सभी प्रभावितों को अनिवार्य रूप से खाद्यान्न किट सहित अन्य जरूरी वस्तुएं मुहैया कराए। वही एक्सईएन बाढ़ खंड ने वर्तमान परिस्थितियों के संबंध में जानकारी देते हुए नक्शे के माध्यम से सूरत, हाल को डीएम के सम्मुख बिंदुवार रेखाकित किया।

डीएम ने तहसील क्षेत्र के रननगर, इंदरनगर, पूर्वीया बस्ती सहित मोहना एवं कौड़ियाला के किनारे स्थित बाढ़ प्रभावित इलाकों का सघन भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ खंड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्र में तात्कालिकता को देखते हुए जो भी बाढ़ एवं कटान निरोधात्मक कार्य आवश्यक हो उन्हें तत्काल करवाया जाए। डीएम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की एक.एक बात कर समस्याएं जानी। इस मौके पर डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री बाढ़ एवं कटान को लेकर काफी संजीदा है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में जहां भी घर कट गए हैं उनमें तत्काल यथोचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा जो भी फसल की क्षति हुई है उसका सर्वे कराया जाएगा और शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में हर संभव मदद की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी निघासन ओम प्रकाश गुप्ताए अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड राजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी निघासन प्रदीप कुमार वर्मा, तहसीलदार धर्मेंद्र पांडे, कोतवाल तिकुनियां हनुमान प्रसाद, प्रधान रननगर एवं प्रधान इंदर नगर मौजूद रहे।

# असलहा फैक्ट्री चलाने वाले दो लोग चढ़े हत्थे

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**कोतवाली** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से असलहा फैक्ट्री चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से कई बने-अधबने असलहे व उपकरण बरामद किए।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 14 अगस्त को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मथना जंगल स्थित मजार के पास चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री में छापामारी की। पुलिस ने यहां से बने-अधबने असलहे बरामद किए। इनमें एक 315 बोर राइफल, 12 बोर के 10 तमंचे, 315 बोर के नौ बैरल, 12 बोर के पांच बैरल, 10 कट्टे की बाडी, एक वर्मी, 10 सरसी, एक आरी, पांच छेनी, एक हवा देने वाली छोटी मशीन व एक हवा देने वाली बड़ी मशीन सहित ब्लेड, हथौड़ी, लोहे का छन्ना, लोहा काटने हेतु रेलवे पटरी का टुकड़ा, रेगमार्ग, रिपिट, हैमर, पिन, लकड़ी की चाप, कार्डरिंग, ट्रेगर व ट्रिगर कार्ड कब्जे में लिया। असलहा फैक्ट्री चला रहे दो लोगों को भी गिरफ्तार की। पूछताछ में उनकी पहचान रामनरेश पुत्र स्व. जगदीश विश्वकर्मा निवासी रामपुर बुजुर्ग थाना नीमगांव व फक्कड़ उर्फ शिवराम पुत्र स्व. बुद्धा निवासी बरगदिया थाना नीमगांव जिला खीरी के रूप में हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ उप निरीक्षक शिव प्रकाश पाण्डेय, एलआरपी चौकी प्रभारी दीपक राठौर, कांस्टेबल विजय कुमार शर्मा, नाकेश्वर, राहुल यादव, कौशलेंद्र मिर, शुभम गंगवार व राम बहादुर यादव शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मोहम्मदी-खीरी।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के नाम उप जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन दिया। जिसके माध्यम से उन्होंने कहा कि नसरीन बानों द्वारा फेसबुक के माध्यम से लगातार हिंदू देवी देवताओं और हिंदू धर्म के बारे में अश्लील टिप्पणियां की जा रही हैं। इन दोनों आईडी की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। दोनों नसरीन बानों की आईडी को तत्काल प्रभाव से साइबर सेल जांच और चिन्हित किया जाए। जिससे मोहम्मदी को भाईचारे की मिसाल है। उसे सांप्रदायिक माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उस पर प्रश्न चिन्ह न लगे तथा शीघ्र ही एक शांति सभा की बैठक आहूत की जाए। सभी धर्मों के लोग मौजूद रहे। ज्ञापन में पूर्व जिला उपाध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष दिलीप यादव, नगर अध्यक्ष इकरार खां, दानिश अली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम कैलाश यादव, मोनिस अंसारी व लक्ष्मण गुप्ता सहित काफी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नसरीन बानो के खिलाफ मचा हंगामा



**मोहम्मदी खीरी।** फिर एक आपत्तिजनक पोस्ट ने माहौल खराब कर दिया। पोस्ट को पढ़ लोग रामलीला चौराहे पर उतर आए। एसडीएम के समझाने पर जाम खुला। नसरीन बानों की एक आईडी से एक समाज के विरुद्ध लगातार आपत्तिजनक पोस्ट और कमेंट का सिलसिला चल रहा था। उसी क्रम में कल रात नसरीन बानों द्वारा डाली गई एक पोस्ट पर माहौल खराब हो गया। देखते ही देखते लोग सड़कों पर उतर आए और रामलीला चौराहे पर जबरदस्त जाम लगा दिया। लोगों का आरोप नसरीन बानो की आईडी से इस तरीके से कमेंट क्यों हो रहे हैं और कौन कर रहा है। अभी तक साइबर सेल ने इसका खुलासा क्यों नहीं किया? मौके पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम स्वाति शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक विवेक उपाध्याय व प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी पहुंचे जाम लगा रहे। लोगों से तत्काल प्रभाव से नसरीन बानो की आईडी साइबर सेल से शीघ्र पता लगाने तथा ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उसके बाद जाम खुला।

### कुएं से बैल को निकालने की कोशिश में युवक की मौत



**मैलानी-खीरी।** थाना मैलानी की पुलिस चैकी संसारपुर के ग्राम भरिगवां में सुबह एक कुएं में गिरे बैल को निकालने में कुएं में रस्सी के माध्यम से उतरे तीन भाइयों की हालत गम्भीर हो गई। गम्भीर हालत में तीनों को निकाला गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांकेगंज में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दो का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम भरिगवां निवासी अनूप सिंह का बैल कुएं में गिर गया जिसको निकालने के लिए अनिरुद्ध, आदित्य व अनूप पुत्रगण रामसिंह बारी-बारी से रस्सी डालकर कुएं में उतरे और तीनों कुएं में बेहोश हो गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की टीम एवं तहसीलदार विपिन कुमार द्विवेदी पहुंचे। अग्निशमन विभाग की टीम ने भारी प्रयासों के बाद तीनों को आनन-फानन में कुएं से निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज में भर्ती कराया गया जहां अनूप सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अनिरुद्ध एवं आदित्य का उपचार जारी है। इसी के साथ बैल को भी जीवित निकाल लिया गया।

### टेंपो की टक्कर से युवक की जान गई

**बरेली।** वाहन के इंतजार में सड़क किनारे खड़े एक युवक को बस की टक्कर से बेकाबू हुए टेंपो ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। संभल के बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नारोला निवासी 30 वर्षीय अनमोल पुत्र मुकेश कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसके घरवालों ने बताया कि अनमोल मजदूरी करता था। चार दिन पूर्व वह अपने भाई आशीष के साथ मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। दोनों भाई विजय नगला चंदौसी जाने के लिए घर के पास ही सड़क किनारे खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तेजी से आ रही रोडवेज की एक बस ने सड़क पर जा रहे टेंपो को टक्कर मार दी। जिससे टेंपो बेकाबू हो गया और अनमोल उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।पास में खड़ा आशीष बाल-बाल बच गया। उसने घटना की सूचना घरवालों को दी। जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गये। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई। हालत नाजुक देख कर घर वाले अगले ही दिन अनमोल को इलाज के लिए बरेली ले आए। जहां बीती रात एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई वह पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा और अविवाहित था।


### सीढ़ी से गिरकर युवक ने दम तोड़ा

**बरेली।** सीढ़ी पर चढ़कर पुताई करते समय अचानक सीढ़ी फिसल गई और उस पर चढ़ा मजदूर जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं के कोतवाली थाना क्षेत्र की मीरा की चौकी निवासी 35 वर्षीय मुकेश कश्यप पुत्र सियाराम कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुकेश मजदूरी पर पुताई करता था। आठ अगस्त को वह रोजाना की तरह पुताई करने के लिए घर से कुछ ही दूरी पर गया था। जहां पर काम के दौरान अचानक सीढ़ी फैसल गई।वह नीचे गिर पड़ा और घायल हो गया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बरेली।** रेलवे लाइन पार कर रहा है कि युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ इलाके में आज सुबह हुई दुर्घटना में रेलवे लाइन पार कर रहा एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की आयु लगभग 30 वर्ष बताई जाती है। स्थानीय लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक की लाश की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी लाश की शिनाख्त नहीं कर सका। तब पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए अज्ञात के रूप में भेजा।

### तीन लोंगों के पैनल में ब्लॉक अध्यक्ष बनायेगी कांग्रेस



**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के दूसरे दिन तेलियानी ब्लाक के ग्राम सहिली चौराहा व भिटौरा ब्लाक के ग्राम कटका मजरे केशवपुर में जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने लोगों से जनसंवाद कर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुये उन्हें जुड़ने का आवाहन किया। जिससे प्रेरित होकर सहिली की बैठक में 30 व कटका की बैठक में 33 नये लोगो ने कांग्रेस पर आस्था व्यक्त करते हुये सदस्यता फार्म भरें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोनों ब्लॉकों से तीन-तीन लोगों के पैनल मे से ब्लॉक अध्यक्ष बनाया जायेगा। जिसके नेतृत्व में ब्लाक कमेटी गठित होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, महासचिव चंद्र प्रकाश लोधी उर्फ चंदन बाबू, उपाध्यक्ष शिवकान्त तिवारी, महासचिव पंकज सिंह गौतम, बब्लू कालिया, उदित अवस्थी, बीरेंद्र सिंह चौहान, विकास मिश्र, मो0 आलम, सुशील कालिया आदि उपस्थित रहे।

### सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र एक गांव में छः अगस्त को एक दलित युवती के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना का मामला एसपी की चौखट पहुंचते ही पुलिस सक्रिय हो गई। गुरुवार को दर्ज किए गए मुकदमे में शुक्रवार को आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये। थानाध्यक्ष असोथर आशीष सिंह ने बताया कि दलित युवती से दुष्कर्म की शिकायत पीड़िता ने थाना पुलिस में नहीं आयी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के सामने गुरुवार को युवती पिता के साथ पहुंची। एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद गुरुवार को सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी की शुक्रवार को सुबह घटना के दोनों आरोपियों मोहित गुप्ता व विमलेश गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर बच्चों मे उत्साह, घर में बना रहे तिरंगा

**फतेहपुर।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर बच्चो मे खासा उत्साह है। स्कूल नही जाना है, पर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना है। बच्चे घर मे रहकर ऑनलाइन पढाई कर रहे है तो आनलाइन ही राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बनाना भी सीख रहे है। चौडगरा मे बच्ची अमृता अपनी बहन के साथ तिरंगा बना रही है। कागज मे रंगो से ड्राइंग की जा रही है। कल स्वतंत्रता दिवस पर इसी तिरंगा से पर्व मनाया जायेगा।

# ध्वजारोहण के समय में किया गया परिवर्तन

● नौ बजे किया जाएगा ध्वजारोहण

● शासन के दिशा निर्देशों का होगा पालन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**मुख्य सचिव** उत्तर प्रदेश शासन सूचना अनुभाग-2 द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला 74वां स्वाधीनता दिवस समारोह कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देश का अनुपालन करते हुए परंपरागत रूप से मनाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 20 जुलाई को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 15 अगस्त को प्रात: 9:00 बजे सरकारी तथा गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा झंडा.अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज में पुष्पों की पंखुड़ियों को बांधकर उसे फहराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार ही स्वाधीनता दिवस का समारोह किया जाएगा। वहीं सोशल डिस्टेंसिंग का भी ख्याल रखने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# आप सांसद पर दर्ज कराया गया मुकदमा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**थाना** कोतवाली गोला के ग्राम अलीगंज निवासी अरविंद गुप्ता पुत्र प्राणनाथ गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश में जाति, धर्म एवं वर्ग के विरुद्व विद्वेष फैलाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी तहरीर में अरविंद गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश के मुंख्यमंत्री एक सन्यासी है और गौरक्षापीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। यह पीठ सदैव जनकल्याण का कार्य करती है। आरोप है कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अपने साथी कार्यकर्ता सभाजीत सिंह व बृजकुमारी के साथ लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा है कि प्रदेश में ब्राह्मणों को चुन-चुन कर मारा जा रहा है। पार्टी में 58 ब्राम्हण विधायक है वह सभी गुस्सा हैं। किसी भी ब्राम्हण से पूछो तो वह योगी सरकार से नाराज है। इसी के साथ ही कुर्मी, नाई, तेली व अन्य जातियां भी नाराज हैं। सिर्फठाकुरों के काम हो रहे है। श्री राममन्दिर शिलान्यास के दौरान राष्ट्रपति को इसलिए नही बुलाया गया क्योकि वह दलित थे। आरोप है कि ऐसे गम्भीर वक्तव्यों से जातिए वर्गए धर्म के आधार पर प्रदेश की जनता में सामाजिक समसरता को विभाजित किया जा रहा है। उनके द्वारा हिन्दू समाज की अन्य जातियों का इस प्रकार उल्लेख कर समाज में अन्य जातियों को उत्तेजित कर सामाजिक संतुलन बिगाड़ने का काम किया गया है। अरविन्द गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने संजय सिंह तथा सभाजीत सिंह व बृज कुमारी के विरुद्ध थाना गोला में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# एक दिन में मिले 71 कोरोना मरीज

**लखीमपुर-खीरी।** विगत 24 घंटे में कुल 226 कोरोना की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं। जिनमें 50 एंटीजन लैब से पाजिटिव एवं 176 नेगेटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसी के साथ 5 अन्य लैब से, 16 एंटीजन से पाजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं। 24 घंटे में कुल 71 पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई। वहीं गोला की 75 वर्षीय एक संक्रमित महिला की लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। आज प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर लखीमपुर तहसील के नौरंगाबाद में एक, थरवरनगंज में दो, द्वारिकापुरी में एक, भुफोरवानाथ में एक, पुलिस लाइन में तीन, शाहपुरा कोठी में सात, संकटा देवी में एक, भटनागर कॉलोनी में एक, निजामपुर में सात, बधनपुर कोरारा में एक, गोटिया बाग में एक, अटनहिया में एक, बरखेरवा में एक, आवास विकास कॉलोनी में एक, हाथीपुर उत्तरी में एक, मेला मैदान में एक, अर्जुन पुरवा में एक, शिव कॉलोनी में एक, गोकुलपुरी में एक, बहादुर नगर में चार, सैदापुर देवकली में एक, नई बस्ती में एक, राजापुर में एक, रामपुर गोकुल में एक, शिवाला मिदानिया में एक, तहसील गोला के सिख टांडा में एक, इंदिरा नगर कॉलोनी में एक, कुमारन टोला में तीन, गुप्ता कॉलोनी में एक, लालहापुर में एक, ऊंची भूड़ में तीन, नगरिया में चार, तहसील मोहम्मदी के तहसील कैंपस में एक, रामनगर में एक, तहसील मतहिया में एक, अहिरान द्वितीय में एक, तहसील धौरहरा के मुफलिसपुर में एक, बिलोली में एक, तहसील मितौली के जमहोरा में चार व कुकुर गोती में एक मरीज मिला।

# बंटवारे को लेकर भाइयों में विवाद, कई घायल

संवाददाता। फतेहपुर




**सदर कोतवाली** क्षेत्र के मुहल्ला तुराबअली का पुरवा में शुक्रवार की सुबह बीच-बचाव करना पूर्व सभासद को महंगा पड़ गया। दो पक्षो के बीच चले लाठी-डण्डों में पूर्व सभासद समेत पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार आज सुबह तुराबअली का पुरवा मुहल्ला निवासी गुलाम रसूल व इब्राहीम सगे भाई हैं। बताते हैं कि घर के बटवारे को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गयी। तभी गुलाम रसूल का पुत्र परवेज, जावेद, गुलाम मुहम्मद व भांजा रिजवान सहित आधा दर्जन से अधिक लोग पहुंच गये और इब्राहीम व उसकी पत्नी नजमा को मारने-पीटने लगे। शोर-शराबा सुनकर पूर्व सभासद मो0 साबिर पुत्र गुलाम मोहम्मद मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। जिस पर हमलावरों ने साबिर पर भी हमला कर दिया और लाठी-डण्डा व सरियों से पीटने लगे। तभी भाई को बचाने के लिए जुनैद भी मौके पर पहुंचा तो उसे भी हमलावरों ने जमकर पीट दिया। गाली-गलौज करते हुए हवाई फायर कर दिया और भाग निकले। जिला चिकित्सालय में इलाज करा रहे पूर्व सभासद साबिर ने बताया कि उनका परवेज आदि से कोई लेना-देना नहीं था। आज सुबह गुलाम रसूल नजमा के घर पहुंचा और उसे जबरन घर से निकालने लगा। तभी नजमा के बच्चे दौड़कर आये और मदद मांगने लगे। तब वह मौके पर पहुंचे और सुलह समझौता का प्रयास करने लगे। इसी बीच परवेज, जावेद, गुलाम मुहम्मद, रिजवान, अली मुहम्मद आदि ने उन्हें पीट दिया। वहीं जिला चिकित्सालय में इलाज करा रहे दूसरे पक्ष के परवेज, जावेद व गुलाम मुहम्मद ने बताया कि आज सुबह उसके पिता व चाचा से बटवारे को लेकर झगड़ा हो रहा था। तभी आधा दर्जन लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में वहीदुन पत्नी गुलाम मोहम्मद निवासी ललौली ने आरोप लगाया की उसके पति के दो पुश्तैनी मकान तुरावली के पुरवा में स्थित है जिसमें उसके देवर इब्राहिम ने जबरन कब्जा कर रखा है। जब अपने पति गुलाम मोहम्मद, अनीस अली, अली मोहम्मद, जावेद, परवेज, रिजवान को लेकर इब्राहिम के घर गई और अपना हिस्सा देने की बात कही तो इब्राहिम तथा इनके साथ के अन्य लोगों ने मारना पीटना शुरू कर दिया।

## बाइकों की भिड़ंत में दंपति समेत पुत्र घायल

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिदिरपुर के समीप शुक्रवार की दोपहर बाइकों की सीधी भिड़ंत में दम्पति समेत पुत्र बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत नाजुक बनी हुयी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खांडेदेवर गांव निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र राम किशोर 22 वर्ष अपनी मां सावित्री देवी 50 वर्ष व पिता राम किशोर 55 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से बिन्दकी कस्बा से गांव वापस जा रहे थे। जैसे ही बाइक खिदिरपुर गांव के समीप पहुंची तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गयी। जिसके फलस्वरूप दम्पति समेत पुत्र बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद सभी को जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया। जहां राम किशोर की हालत चिन्ताजनक बनी हुयी है।

# स्वाधीनता दिवस पर गाइडलाइन

**फतेहपुर।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की रूपरेखा- प्रात: 9 बजे समस्त तहसील/ब्लॉक/ग्राम स्तर के सरकारी/गैर सरकारी भवनों/शिक्षण संस्थानों/कार्यालयों पर ध्वजारोहण, अभिवादन एवं राष्ट्रगान। प्रात: 9:15 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी मैदान में महात्मा महात्मा गांधी व भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर जिलाधिकारी संजीव सिंह द्वारा माल्यार्पण। प्रात: साढ़े नौ बजे गांधी सभागार में जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मन शाल, नारियल आदि भेंट के उपरांत उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की विचार गोष्ठी तथा मिष्ठान वितरण। दस बजे जनपद के समस्त कार्यालयों/शिक्षण संस्थानों/नगर निकायों/ग्राम सभ एवं पीएसी बटालियन तथा सार्वजनिक स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण। 11 बजे शहीद स्मारक पुलिस लाइन में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। 12 बजे मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कोतवाली में डिप्टी कलेक्टर हिकमतउल्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण, अपर जिलाधिकारी पप्पू गुप्ता द्वारा ज्वालागंज तिराहे पर ठाकुर दरियाव सिंह व गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, उपजिलाधिकारी/तहसीलदार बिन्दकी द्वारा बावनी इमली शहीद स्थल बिन्दकी एवं तहसील बिन्दकी के अंतर्गत अन्य शहीद स्थलों पर माल्यार्पण, उपजिलाधिकारी/तहसीलदार खागा द्वारा तहसील अंर्तगत ठाकुर दरियाव सिंह की प्रतिमा पर एवं तहसील खागा के अंतर्गत अन्य शहीद स्थलों पर माल्यार्पण एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी/संबंधित प्रधानाचार्य समस्त विकास खंड तथा शैक्षणिक संस्थानों के परिसर स्थित शहीद स्थलों पर माल्यार्पण करेंगे। डेढ़ बजे जिलाधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजो को फल वितरण करेंगे। दो बजे जिला कारागार में बन्दियों को जिलाधिकारी द्वारा फल वितरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क का पालन करते हुए स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम मनाए जाए। किसी भी कार्यक्रम में भीड़-भाड़ एकत्रित न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए। और बच्चों से सम्बंधित कोई भी कार्यक्रम किया जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

# तालाब में डूबकर युवक की मौत

**हसवा ( फतेहपुर )।** थरियांव थाना क्षेत्र के गांव टेक्सारी बुजुर्ग में रात 3 बजे भेड़ पालकों ने गांव के बाहर जंगल में भेड़ बैठाल रखे थे। रात में एक भेड़ का बच्चा इधर उधर भाग रहा था। उसी को घेरने के चक्कर में एक भेड़ पालक शिवपाल पुत्र स्व0 बाबादीन पाल उम्र 30 वर्ष गया था। कुछ दूर में रास्ते के बगल में तालाब था। रात अंधेरे में पैर फिसल गया और तालाब में जा गिरा और मौके पर ही मौत हो गई। आधा घण्टा बाद गांव के ही साथ में रहे साथी बेनीप्रसाद पुत्र रजपाल पाल व सर्वेश कुमार पुत्र रामचन्द्र ने देखा कि भेड़ का बच्चा आ गया है। मगर शिवपाल नहीं आया। तभी अचानक तालाब की तरफसे पानी में तेजी से कुछ गिरने की आवाज आई, जाकर देखा तो तालाब में शिवपाल डूब रहा था। तुरंत शिवपाल को बचाने के चक्कर में बेनीप्रसाद कूदा और सर्वेश को भी बुलाया लेकिन ढूंढ नहीं पाए। घर में सूचना दी। परिजन में चार भाई बसंललाल, छोटेलाल, संतलाल व छोटा भाई राजेश मौके पर पहुंचे और रात में ही काफी मशक्कत के बाद शिवपाल का शव मिला। परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी अंतिमा देवी व बेटी अन्जू देवी उम्र 5 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल है। छोटा भाई राजेश कुमार ने थाने में लिखित सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेजा। शिवपाल भेड़ पालन करके परिवार का भरण-पोषण करता था।

## बैंक कर्मचारियों व खाताधारकों को बांटे मास्क

**बकेवर ( फतेहपुर )।** गुरुवार को मलवा ब्लाक के शाहजहापुर गावँ स्थित बड़ौदा ग्रामीण बैंक के कर्मचारियो व बैंक मे आये खाताधारको को मास्क वितरित किये गये।कोरोना से बचाव के लिये मास्क बाटकर लोगो को मास्क लगाने के साथ ही समाजिक दूरी का पालन करने की अपील करते हुये शिक्षक सुनील उत्तम, युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने शाहजहापुर बड़ौदा ग्रामीण बैंक की शाखा मे आधा सैकड़ा खाताधारको व एक दर्जन बैंक कर्मचारियो को मास्क वितरित किये। कहा कोरोना से जंग जारी है इसे जीतने के लिये सभी को मास्क लगाना, सैनेटाइजर का प्रयोग करना व सामाजिक दूरी के साथ ही घरो मे रहना आवश्यक है। इस मौके पर प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक योगेशचंद्र त्रिपाठी, सह प्रबंधक ललित यादव, मोहित गुप्ता, पुष्पराज सिंह, वीरु उत्तम, शुशील कुमार, सुरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# गुटबाजी में फंसी भाजपा विकास की राह से भटकी

● विकास की जिम्मेदारी लेने वाले अधिकारी भी विकास योजनाओं से मुंह मोड़ा

संवाददाता। फतेहपुर

**आपसी गुटबाजी** में फंसी भारतीय जनता पार्टी में विकास की रफ्तार कछुआ चाल में परिवर्तित हो गई है। यूं कहें कि कई विकास योजनाएं चलती हैं फिर बंद हो जाती है चलती हैं और फिर बंद हो जाती है। ऐसी स्थिति में न केवल इलाकाई लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं बल्कि भाजपा के कई नुमाइंदों पर विकास को रफ्तार न देने का आरोप भी लगाया जा रहा है। यह भी कहना गलत ना होगा कि आपसी गुटबाजी के चलते ही विकास कार्यों की ऐसी दुर्दशा हुई है।

भाजपा में गुटबाजी कोई नई बात नहीं है। इसी गुटबाजी के चलते कई विकास योजनाओं में बुरा असर पड़ा है। यहां तक गुटबाजी में उलझी भाजपा में विकास से जुड़े अधिकारियों की बल्ले-बल्ले है न कोई इन्हें टोकने वाला है और न ही विकास योजनाओं को समय रहते पूरा करने का दबाव। भाजपाईयों में ही एक दूसरे को पटखनी देने का सिलसिला जारी है। ऐसी स्थिति में अधिकारियों का अपने आप ही बेलगाम हो जाने पर आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

भाजपा की आपसी गुटबाजी का ही नतीजा है कि शहर में नाला बनने का काम विगत कई सालों से जारी है। सपा सरकार में नाला बनने का कार्य शुरू हुआ था जो अभी भी पूरा नहीं हुआ। बरसात के मौसम में अधूरे कार्यों के चलते शहर नर्क में तब्दील हो जाता है। तांबेश्वर मंदिर के पास के कई इलाके ऐसी स्थिति को झेलने के लिए मजबूर है। आधी अधूरी सड़कें जलभराव बदबूदार कीचड़ इन इलाकों की शान बन चुके हैं। वीआईपी मार्ग अभी भी पूर्व निर्मित होने के इंतजार में हैं। काम जारी है लेकिन पूरा नहीं हो पा रहा। शहर का जो हाल उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि सत्ता की गुटबाजी का ही नतीजा है कि विकास से जुड़े तमाम अधिकारियों पर से अंकुश हट गया हैं।

आज हम एक ऐसे मार्ग की यहां चर्चा करना चाहते हैं जो मार्ग विगत एक दशक पहले से प्रदेश की तीन सरकारों को अपनी दुर्दशा की कहानी बता चुका है। बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और अब भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में रहते इस मार्ग के बारे में बताया जा चुका है लेकिन किसी सरकार ने अब तक इस मार्ग को गड्ढा मुक्त नहीं करा सकी। यह सड़क गाजीपुर को असोथर कस्बे से जोड़ती है। भाजपा की सरकार में यहां के लोगों में एक उम्मीद जागी थी कि अब गाजीपुर से असोथर जाने वाला मार्ग पूर्ण निर्मित हो जाएगा लेकिन तीन साल का समय बीत चुका है फिर मार्ग का निर्माण शुरू होने के साथ बंद होता रहता है। अभी तक मार्ग के बनाने की पूरी प्रक्रिया ही शुरू नहीं हो सकी है। जब आपसी गुटबाजी चरम पर हो और एक दूसरे को नीचा दिखाने का काम हो रहा हो तो विकास का काम कैसे शुरू हो पाएगा, यह एक बहुत बड़ा प्रश्न बार-बार उठता रहता है। ऐसा कहा जा सकता है कि विकास की ओर से ध्यान हटकर गुटबाजी की ओर जा टिका है। प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की समुदायिक शौचालय एक महत्वाकांक्षी योजना है फिर भी इस योजना के तहत निर्मित किए जाने वाले सामुदायिक शौचालयों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह योजना गांव के लोगों को विकास के साथ जोड़ती है। सत्ताधारी कई ऐसे लोग हैं जो निजी स्वार्थ में फंसकर आम जनता का दु:ख दर्द ही भूल गए हैं। जब सत्ताधारी नेताओं को अपना अपना ही नजर आए तो गांव की एक लोक कहावत है। अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता सटीक बैठती है। आज प्रश्न इस बात को लेकर पूछे जा रहे है कि विकास की जिम्मेदारी लेने के बाद कुछ सत्ताधारियों ने आखिर विकास की बात से क्यों मुंह मोड़ लिया है।

# इटावा में तीन और संक्रमित

## जिले में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 73

संवाददाता। इटावा



**भरथना** में कोरोना वायरस मरीजों की संख्या थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिनों से लागातार बढ़ती कोरोना के मरीजों की संख्या अब 73 पर पहुँच गई है। बीते दिन गुरुवार को मुख्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार भरथना के लोगों में फ्रि से उस समय हड़कम्प मच गया। जब भरथना के इटावा रोड़ स्थित होली पॉइंट एकेडमी के डायरेक्टर व एक व्यापारी और एक नन्हें बालक समेत कुल तीन लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव निकल आयी। रिपोर्ट के मिलते ही भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के आदेश पर भरथना नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल के निर्देशन में भरथना कोविड-19 प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया की टीम ने कोरोना पॉजिटिव पाये गये मरीजों के मोहल्ला महावीर नगर,पुराना भरथना, रानी नगर को बैरिकेडिंग लगाकर सील किया गया है। साथ ही उक्त क्षेत्र को सैनिटाइजेशन कराया गया है।भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित ने बताया कि भरथना में अब तक कोरोना वायरस मरीजों की कुल संख्या 70 पार कर चुकी है। हालांकि इस संख्या में मात्र 10 मरीज ही अब एक्टिव पेशेंट के रूप में होम आइसोलेशन के तहत इलाज ले रहे है। शेष करीब 63 मरीज इलाज के बाद आने घरों पर सुरक्षित पहुँच गये हैं। जो अब वे सब पूरी तरह सुरक्षित है। भरथना कोविड-19 प्रभारी रामजी भदौरिया ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार भरथना नगर में दो व नगर के समीप इटावा रोड़ स्थित होली पॉइंट के डायरेक्टर समेत तीन लोगों को कोरोना संक्रमित पाया गया है। जिसमे नगर के मोहल्ला महावीर नगर में एक व्यापारी व दूसरा मोहल्ला पुराना भरथना रानी नगर में एक 6 बर्षीय बालक है। जबकि तीसरे होली पॉइंट एकेडमी के 55 बर्षीय डायरेक्टर है। उपरोक्त तीनों कोरोना पॉजिटिव मरीजों को होम आइसोलेशन किया गया है। साथ ही उपरोक्त इलाको में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना वायरस की जांच हेतु कैम्प लगाकर लोगों की कोरोना जांच शुरु करा दी है। भरथना के नायव तहसीलदार विशाल सिंह यादव,सदर लेखपाल अर्जुन सिंह व राहुल चौबे ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है।

## कानपुर देहात में फूटा कोरोना बम 44 नए मरीज मिले

**कानपुर देहात।** जनपद में शुक्रवार को आयी कोविड-19 महामारी से संक्रमित रिर्पोट से लोगों को सॉप सूँघ गया। जिले में सबसे अधिक लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। आधा सैकडा के करीब पहुॅची कोरोना प्रभावित लोगों की सॅख्या से लोगों में हडकम्प मचा हुआ है। शुक्रवार को जनपद में अब तक के सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित युवक कोविड-19 महामारी से प्रभावित होने की रिर्पोट आयी। मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश कटियार ने बताया शुक्रवार को 282 नमूनों की जॉच रिर्पोट प्राप्त हुयी है। जिसमें 38 लोग आरटीपीसीआर व 5 लोग एन्टीजेन और 1 लोग ट्रू नट टेस्ट में कोरोना पाजीटिव पाये गये है। जनपद में इस समय सक्रिय कोरोना केसों की संख्या 190 है। कोरोना से अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। 273 लोग स्वस्थ होकर वापस अपने घरों को जा चुके है। सीएमओ ने बताया कि लगातार जॉच का दायरा बढाकर प्रतिदिन न्यूनतम 1 हजार लोगों के सैम्पल अतिशीघ्र लिये जायेंगे।

## तिरंगे के बाजार पर भी लगा कोरोना संक्रमण का ग्रहण

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**15** अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाने के लिए लोग तैयारी में जुटे हैं। लेकिन कोरोना संक्रमण ने इस बार पूरी तस्वीर बदल दी है। सरकारी और निजी वि ालय बंद रहने से बच्चों का उत्साह भी गायब हो गया है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर इस बार तिरंगा की बिक्री पर भी कोरोना का असर साफ दिख रहा है। कोरोना संकट के बीच इस बार देश में 74वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। बाजारों में इस बार दुकानों पर स्वतंत्रता दिवस के लिए तिरंगों और सजावटी आइटमों की धूम है। तिरंगा मास्क को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस पर झंडों के अलावा सबसे अधिक बैज, हाथ में पहने जाने वाले बैंड, पगड़ी आदि की बिक्री होती है. लेकिन कोरोना के चलते इस बार इनकी डिमांड कम है। इनकी जगह अलग-अलग तिरंगा स्टाइल के मास्क युवाओं को खूब लुभा रहे हैं। मास्क को अलग-अलग तरह से सजाया गया है ताकि ये देखने में अच्छे लगे। स्कूल बंद होने के कारण सजावटी आइटमों की बिक्री कम है। राष्ट्रीय पर्व के मौके पर बाजारों में तिरंगे के अलावा स्टीकर, बैज व रिस्ट-बैंड, आकर्षक तिरंगे का डिजाइन किया हुआ विभिन्न प्रकार की टोपी, तिरंगा पट्टा व टैटू आदि की खूब बिक्री होती थी। प्लास्टिक व कागज पर लेमिनेशन किये झंडे भी बच्चों की खास पसंद रहती थी। दुकानदारों की मानें तो तिरंगा की लगभग 70 फीसद बिक्री स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थान द्वारा होती थी लेकिन इस साल कोरोना संक्रमण के कारण पहले की तरह झंडा के डिमांड नहीं है। दुकानदार जगदीश नें बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर कोरोना का पूरा असर है। पहले से ही स्कूल और कोचिग बंद रहने से तिरंगे की डिमांड नहीं के बराबर है। इसके बाद प्रशासन द्वारा 16 अगस्त तक लॉक डाउन लगा दिया गया है।

## शराबियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान

**रूरा, कानपुर देहात।** वुधवार की रात्रि को पुरानी रॅजिश को लेकर शराब के नशे में धुत दोनों पक्ष आमने सामने हो गये। नशे में धुत दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर गाली गलौज कर ग्रामीणों को सारी रात्रि जागने को विवश कर दिया। पुलिस द्वारा मामले में निष्पक्ष कार्यवाही न कर दबॅग पक्ष के साथ खडी दिखायी दे रही है जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गॅभीर प्रश्नचिन्ह लगना शुरू हो गया है। चिलौली गॉव मे वुधवार की रात्रि को दो पक्षों के बीच पुरानी रॅजिश को लेकर शराब के नशे में धुत हो गाली गलौज का सिलसिला पुलिस के आने के बाद भी अनवरत जारी रहा। शराबियों के उत्पात से पूरा गॉव सहमा सहमा नजर आया। शराबियों का एक पक्ष रूरा पुलिस में अपनी पकड, पहुॅच व पैसों की दम पर दूसरे पक्ष के शराबी को घर के अन्दर घुसकर बुरी तरह पीट चुका है। दबॅग शराबी की मारपीट से आहत पक्ष को जब भी अपने साथ हुयी मारपीट व मारपीट से पैदा हुये दर्द की पीडा उभरती है तो वह शराब पीकर दूसरे दबॅग पक्ष के साथ गाली गलौज करना शुरू कर देता है। दूसरा पक्ष भी दबॅग किस्म का है व पिछले पॉच वर्षों में अप्रत्याशित आर्थिक तरक्की के साथ रूरा पुलिस में उसने पैसों की दम पर अपनी पकड बनायी है। पुलिस में पकड के चलते ही दबॅग पक्ष ने एक बार घर के अन्दर घुस कर मारपीट करने के बाद पुलिसिया सॉठगॉठ कर अपने खिलाफ कार्यवाही नहीं होने दी। दोबारा दूसरे पक्ष के गाली गलौज मात्र करने पर उसके खिलाफ फर्जी धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया। पुलिस ने मौके पर जाकर जॉच करना भी उचित नहीं समझा और मामले में पैसों के लालच में चार्जशीट लगाने पर उतारू है। दबॅग पक्ष ने एक और शिकायत थाने में कर दूसरे पक्ष के खिलाफ एक और फर्जी मुकदमा लिखने का ताना बाना बुन लिया है, पुलिस अगर मामले में निष्पक्ष कार्यवाही नहीं करती है तो निश्चित तौर पर गॉव में तनाव के साथ अनहोनी घटना की आशॅका बलवती हो गयी है। धनबल व बाहुबल के आगे नतमस्तक होने का एक नजारा कानपुर नगर की चौबेपुर पुलिस देख चुकी है।

## गौशाला खाली, किसानों के लिए खेतों की रखवाली बनी परेशानी



संवाददाता। इटावा

**भरथना** विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम कन्धेसी पचार में दर्जनों ग्रामीण कृषकों में उस समय हाय तौबा मच गई जब ग्रामपंचायत स्थित संचालित ग्रामीण गौशाला के संचालक ने गौशाला जलमग्न हो जाने के बाद सभी उन्हत्तर गौवंशों को गौशाला से खदेड़ दिया। और गौशाला खाली कर ताला जड़ दिया गया। गौशाला के संचालक की इस करतूत के बाद खाली पेट भूख से तड़पते गौवंशों ने पेट भरने को आसपास के खेतों में खड़ी फसलों पर हमला बोल दिया। जिसे देख इलाके के ग्रामीण किसान फसल की रखवाली को घरों से दौड़ पड़े और फसल सुरक्षित करने के उद्देश्य से ग्रामीणों ने गौवंशों को अपने खेतों से भगा दिया। अब किसान बरसात के मौसम में रात दिन गौवंशों से अपनी फसलें बचाने को खेतों के चक्कर लगा रहे है। पीड़ित कृषकों ने बताया की पूर्व में उक्त गौशाला कन्धेसी पचार पंचायत के प्रधान की देख रेख में संचालित थी तब गौशाला के संचालन की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त थी। वर्तमान में प्रशासन ने उक्त गौशाला का संचालन किसी गैर जिम्मेदार संस्था को दे रखा है।

## लाखों रुपए के चोरी के मोबाइल बरामद

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**कोतवाली** फतेहगढ़ पुलिस ने चोरी के लाखों रुपए कीमती मोबाइल सहित शातिर चोर लालू दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली फतेहगढ़ के इंस्पेक्टर जयप्रकाश पाल ने मोहल्ला भूसा मंडी निवासी स्वर्गीय नरेंद्र दुवे के पुत्र लालू उर्फ रामसेवक को अंबेडकर तिराहे के निकट गिरफ्तार किया। लालू को पुलिस लाइन के सभागार में मीडिया के सामने पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल मिश्र ने मीडिया को बकाया पुलिस ने लालू के पास बीबो एवं ओप्पो कंपनी के 20 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं लालू थाना कमालगंज के मोहल्ला मिठाई वाली गली का मूल निवासी है लालू ने पुलिस को बताया कि मैंने मोहल्ला गोला कोहना निवासी हुल्ली उर्फ श्याम कुमार पुत्र रामसेवक के सहयोग से दुकान से मोबाइल फोन व नकदी चुराई थी। अन्य सामान हुल्ली के पास है।

एसपी ने बताया की हुल्ली जिला बदर अपराधी था जिसको कोतवाली पुलिस ने बीते दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वार्ता के दौरान सीओ सिटी मन्नीलाल गौड मौजूद रहे। मालुम हो कि परसो रात चोरों ने फतेहगढ़ कोतवाली के निकट दुकान से लाखों रुपए कीमती मोबाइल व नकदी उड़ा दी थी। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला पुलमंडी निवासी सचिन गुप्ता पुत्र दिनेश चंद्र की कोतवाली के निकट सेंट्रल बैंक के बगल में अनाया मोबाइल गैलरी के नाम से दुकान है। चोरों ने रात में बेल्चा से दुकान के शटर के ताले तोड़ दिएए चोरों ने दुकान में मोबाइल व नकदी खंगाली। सुबह दुकान में दुकान के टूटे ताले देखकर पड़ोसियों ने सचिन गुप्ता को घटना की जानकारी दी। सचिन गुप्ता व उनके परिजन बदहवास अवस्था में दुकान पर पहुंचे। दुकान मैं बिखरा सामान व सभी कीमती मोबाइल फोन एवं नकदी गायब देखकर सदमे में आ गए। दुकान में शटर के ताले तोड़ने में प्रयोग किया गया बेलचा पेचकस के अलावा पेप्सी की खुली बोतल रखी थी। चोरी की घटना से व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया था सचिन गुप्ता ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी।

## एक माह बाद पकड़ में आया काला कोबरा



संवाददाता। इटावा

**भरथना** विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पाली खुर्द में गुरुवार कई दोपहर गृहस्वामी गंगाराम सिंह के परिजनों समेत ग्रामीणों ने उस समय राहत की सांस ली जब एक माह से गंगाराम सिंह के घर मे विचरण कर रहे खूंखार काले नाग नागिन को ग्राम लालपुरा कटहरा के जांबाज तीन जोगियों ने खूंखार काले कोबरा नाग को पकड़ लिया। इस बीच मौका पाकर खूंखार काली नागिन तालाब में छलांग लगाकर भाग जाने में सफल हो गई। हालांकि जोगियों ने अब गंगाराम सिंह के घर मे पुनः किसी भी सर्प के नहीं आने का दावा किया है। खूंखार काले कोबरा नाग के पकड़े जाने के बाद गायव हुई खूंखार काली नागिन के भय से अब ग्रहस्वामी समेत ग्रामीण बुरी तरह परेशान व भयभीत बने हुए है।

## चौकीदारों के आतंक से गांव वाले हुए भयभीत

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** अमर पाल पुत्र राम फल निबासी बीसर पुर बागर ने थाना पुलिस को तहरीर दी कि हमारे गांव का बालक राम पुत्र छबिनाथ व सुरजीत पुत्र बालक राम चौकीदार बराकेशव व नन्हे लाल चौकीदार इन लोगों ने अपने चौकीदारी की बल पर सरकारी नाली का गांव के बाहर जाने से रोक दिया। जिसके कारण पूरे गांव का पानी आम रास्ते पर भर गया । जब गांव के लोग पीने निकलने की बात कहते है चौकीदार व उसके साथी मारने पीटने व गाली गलौज देने लगते हैं । ऐसा ही ऐक मामला कुछ दिन पहले गांव पंचायत पुठरी मे हुआ था पुठरी का चौकीदार बृजेश आये दिन फायर करना एवं रास्ता रोकना । मामला इतना बड़ा कि गांव के लोग थाना पुलिस को एवं पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर थक गये और भयभीत होकर गांव छोड़कर जाना ही उचित समझा । मामला यही नहीं रूका जो गांव बाले गांव से पलायन कर गये थे उनके घर का सामान भी चौकीदार व उनके गुन्डों ने निकाल लिया । जब कुछ लोग हिम्मत करके थाने पहुंच भी जाते है तो उनको थाना पुलिस कार्य बाई के नामपर पर चौकीदार के हेन्ड ओवर कर दिया जाता क्यों कि वह चौकीदार है। अगर चौकीदार नहीं होगा तो गांव से कमाई का सहारा चला जायेगा।

## राशन के लिए कोटेदार ने ग्रामीणों से लगवा लिया अंगूठा, फिर दिखाया ठेंगा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोटेदार** की मनमानी के चलते गरीबों को राशन नहीं मिल पा रहा है। इसकी कई शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते इन किसी तरह का गौर नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि कोटेदार के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। वहीं गरीबों को परिवार का भरणपोषण करने के लिए इधर उधर मजदूरी करने के लिए विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों नें आरोप लगाया कि कोटेदार नें ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया। लेकिन ग्रामीणों को राशन नही दे रहा है। मामला तहसील अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम बड़ा गाँव परतापुर खुर्द का है। जिसका कोटा ग्राम अमैयापुर में कोटेदार के पास अटैच है। शुक्रवार को तकरीबन आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण तहसील पंहुचे और उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौपा। जिसके चलते ग्रामीणों नें आरोप लगाया की अमैयापुर का कोटेदार गरीबों के पेट पर लात मार रहा है। उसने सैकड़ों ग्रामीणों से ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवा लिया और अब उन्हें राशन के नाम पर ठेंगा दिखा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। आये दिन अमृतपुर क्षेत्र के राशन वितरण में धांधली की शिकायत आती है। लेकिन कार्यवाही के नाम पर केबल जाँच के दलदल में शिकायत कर्ता का हौसला दम तोड़ देता है। रमेश, राजवीर, श्याम लाल, लालाराम, राम बाबू, हीरालाल आदि ग्रामीण रहे।

**सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की ऑनलाइन प्रतियोगिता में बच्चों ने बाजी मारी:**इटावा: सेवन हिल्स इंटर कॉलेज ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया । स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर छोटे छोटे बच्चों ने अपनी देश भक्ति का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पर्व से संबंधित टास्क दिए गए थे जिनको पूरा करना था । इसमें कक्षा नर्सरी से यू0के0जी0 तक के बच्चे तिरंगा झंडा बनाने, कक्षा 1 से 2 तक के बच्चे झंडा व स्लोगन, कक्षा 3 से 5 तक के बच्चे देश भक्ति चित्र के साथ स्लोगन, कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे देश भक्ति चित्र के साथ स्लोगन और उस चित्र के बारे में पाँच लाइन लिखेंगे, या देशभक्ति विडियो बनाएंगे एवं कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे देशभक्ति कविता लिखकर अपने-अपने कक्षा अध्यापक को भेजेंगे।

## प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख सूत्रधार थीं अवंतीबाई लोधी

**फर्रुखाबाद।** कोरोना महामारी के चलते इस बार महारानी अवंतीबाई का जन्मोत्सव अपने.अपने घरों में मनाया जायेगा। जिसकी विधिवत घोषण भी कर दी गयी है।अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष परशुराम लोधी नें बताया कि आगामी 16 अगस्त को महारानी अवंतीबाई का जन्मोत्सव है। लेकिन कोरोना महामारी के चलते संगठन और समाज के लोग जन्मोत्सव अपने.अपने घरों में ही मनायेंगे। उन्होंने बताया कि महारानी के जन्मोत्सव के दिन सभी समाज के लोग अपने.अपने घरों में शाम को 5 दीपक जरुर जलायेंगे। उन्होंने बताया कि वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म पिछड़े वर्ग के लोधी राजपूत समुदाय में 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेहणी, जिला सिवनी के जमींदार राव जुझार सिंह के यहां हुआ था। इस दौरान जिला महामंत्री महेश चन्द्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द राजपूत, धर्मेन्द्र राजपूत, राजू वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भरथना में हजारों बीघा धान की फसल हो गई जलमग्न

संवाददाता। इटावा



**भरथना** विकास खण्ड क्षेत्र में बीते कई दिनों से हो रही झमाझम बरसात ने पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्र के विभिन्न गांवों ग्राम बन्धरा व कुँअरा और नगर के राजागंज में हजारों बीघा धान की फसलें जल मग्न होकर नष्ट रही हैं। जिसकी शिकायत पर भरथना विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने स्थलीय निरीक्षण कर सम्बंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।भरथना नगर के मोहल्ला राजागंज निबासी कृषक सुभाष दुबे ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी श्री मिश्रा को बताया कि लम्बे समय से उक्त नाला से समुचित जल निकासी नही होने के कारण भारी बरसात के दौरान उनकी समेत आसपास के दर्जनों गरीब किसानों की हजारों बीघा धान की फसल जलमग्न हो कर नष्ट हो रही है। इसी प्रकार विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम बन्धरा स्थित नाला से बरसाती पानी की समुचित जल निकासी नही होने के कारण कई गरीब किसानों की धान की फसलें जलमग्न हो कर नष्ट हो रही है। जिसके सम्बन्ध में ग्रामीणों ने बीते दिन भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के कार्यालय में उपस्थित हो कर उक्त नाला से बरसाती पानी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की गुहार भी लगाई जा चुकी है लेकिन अभी तक उक्त सम्बन्ध में किसी अधिकारी कर्मचारी ने किसानों की उक्त समस्या पर कोई ध्यान नही दिया।

## मानसिक विक्षिप्त गुमशुदा को परिजनों से मिलवाया



**इटावा, जसवन्तनगर।** बलरई थानाध्यक्ष सतीश राठौर ने 14 वर्ष पूर्व गांव नगला जमुना थाना अछल्दा जिला औरैया से गायब हुए युवक को आज उसके परिजनों को सुपुर्द किया। विवरण के अनुसार नेकराम उर्फ कल्लू पुत्र छेदा लाल गांव नगला जमुना थाना अछल्दा जिला औरैया उम्र लगभग 32 वर्ष मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण 14 वर्ष पूर्व घर से चला गया था जो भटकता हुआ गांव नगला विशुन थाना बलरई के अरविंद राजपूत पुत्र महावीर सिंह के घर पर आ गया था। जिसे पिछले कुछ माह से अपने घर रखकर खाना खिला रहे थे, इसकी जानकारी सूत्रों द्वारा थानाध्यक्ष बलरई सतीश राठौर को मिली उन्होंने उक्त विक्षिप्त युवक के बारे पता किया तो पता चला उक्त युवक के खिलाफ औरैया जिले में गुमशुदगी दर्ज है थानाध्यक्ष ने युवक के परिजनों से संपर्क किया तो उसका भाई जसवंत सिंह और शिव कुमार पुत्र छेदा लाल निवासी नगला जमुना थाना अछल्दा जिला औरैया ने पहचान लिया थानाध्यक्ष सतीश राठौर और उप निरीक्षक ललित कुमार ने लिखित में विक्षिप्त युवक को दोनों भाइयों की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

## गोपियागंज में ढह गया कच्चा मकान घर वाले बरसात में रहने को मजबूर



संवाददाता। इटावा

**भरथना** तहसील व विकास खण्ड क्षेत्र में बीते तीन दिनों से ही रही बरसात के चलते ग्राम गोपियागंज में एक गरीब मजदूर का कच्चा घर भरभराकर गिर गया। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित के घर का मुआयना नही किया। जिसके कारण पीड़ित गरीब बुरी तरह दुखी बना हुआ। पीड़ित ग्रहस्वामी रामदास पुत्र होतीलाल ने बताया कि घटना के दौरान वह व उसका पुत्र देवेंद्र सिंह समेत नाती नातिन ऋषभ व कु0सौम्या घर के बाहर थे। लगातार तीन दिन की बरसात के कारण बीती रात उसका कच्चा घर भरभरा कर गिर पड़ा। जिसके मलबे में उसकी गृहस्थी का सामान दब कर नष्ट हो गया है। पीड़ित ग्रहस्वामी के अनुसार घटना की सूचना पर स्थानीय प्रशासन ने मौका मुआयना तक करना उचित नही समझा जिसके कारण वह परिवार खुले आसमान के रहने के लिए मजबूर हैं।

### ढह गया विधवा का घर

**इटावा** जनपद के विकास खण्ड बसरेहर अन्तर्गत ग्राम बीते दिनों से लगातार हो रही बरसात के चलते ग्राम किल्ली में एक विधवा का कच्चा मकान भरभरा कर ढह गया। हालांकि उक्त घटना में कोई हताहत होने से परिजन बाल बाल बच गए। घटना के बाद प्रशासन समेत किसी जनप्रतिनिधि ने अब तक कोई खैर खबर नही ली,जबकि घटना में विधवा के घर मे रखा गृहस्थी का सारा सामान मलवा में दब कर नष्ट हो गया है। पीड़ित विधवा संजू कुमारी पत्नी स्व0विपिन राजपूत किल्ली ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे उसके घर की कच्ची छत भरभरा कर जमीन पर आ गिरी जिसमे गृहस्थी का सारा सामान बैड, विस्तर कपड़े, बर्तन, अनाज आदि सब कुछ मलवा में दब कर नष्ट हो गया। घटना के दौरान वह अपनी बेटी कु0सौनम 12 बर्ष व पुत्र ईशू 9 बर्ष के साथ घर के अन्दर बरामदे में सो रही थी इसलिए सुरक्षत बच गए अन्यथा कोई बडी घटना हो सकती थी। घटना की सूचना के बाद अब तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने मौका मुआयना तक नही किया है। जिसके कारण विधवा दोनो बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर बनी हुई है।

## बच्चों को दी जाएगी विटामिन ए की खुराक

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल लिंजीगंज में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वंदना सिंह ने डेढ़ वर्ष की अनिका को विटामिन ए की खुराक पिलाकर बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ किया।सीएमओ नें बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ करने के बाद कहा कि विटामिन ए संपूर्ण टीकाकरण का एक अभिन्न अंग है, जिसका मुख्य उद्देश्य नौ माह से पांच वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि, मृत्युदर में कमी लाना, रतौंधी एवं कुपोषण से बचाव, ड्रॉपआउट बच्चों का पूर्ण प्रतिरक्षीकरण एवं आयोडीन के प्रयोग से बच्चों की शारीरिक एवं विकृतियों में कमी करना है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रभात वर्मा ने कहा कि शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए नियमित टीकाकरण सबसे जरूरी है। जनपद में लगभग 2.39 लाख बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगी।

## रेडक्रॉस शिविर में लोगों ने किया बढ़-चढ़ कर रक्तदान

संवाददाता। इटावा

**वैश्विक** महामारी कोरोना संक्रमण काल में जनपद के जिला अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए जिलाधिकारी जे.बी.सिंह अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देश पर रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से भीमराव अम्बेडकर सँयुक्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन एस तोमर ने करते हुए कहा रक्तदान एक जीवन प्रदान करने वाली गतिविधि होती है, तभी रक्तदान को महादान माना जाता है। आपके रक्त की हर बूंद का कतरा किसी के जीवन का स्रोत बन सकता है। रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. के के सक्सेना ने कहा स्वस्थ रक्त दाताओं की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होती है। एक यूनिट रक्त अपने विभिन्न घटकों में अलग होकर कई रोगियों को लाभ पहुंचा सकता है। सचिव रेडक्रॉस सोसायटी आकाशदीप जैन ने बताया जीवन बचाओ अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे महेवा, चकरनगर, बढ़पुरा, ताखा, भर्थना, बकेबर, इटावा सदर के 31 महा दानियो ने रक्तदान किया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा समवन्यक शैलेन्द्र पाठक ने कहा रक्त की हर बूंद का कतरा किसी के जीवन का स्रोत बन सकता है। रक्त की कमी से किसी की जान न जाए, एक यूनिट रक्तदान करकर हम चार लोगों की जान बचा सकते है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. एस. एस भदौरिया, श्रवण कुमार बाथम, आदित्य मोहन शर्मा, रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन नीरज शर्मा, विजय शंकर वर्मा, कोडीनेटर रक्तदान समिति एच.आर.मित्तल, आशीष दीक्षित, नाजमीन, सुनीता, मनोज तिवारी, जितेंद्र, ब्लड बैंक के संजीव प्रताप, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 15 अगस्त 2020



# कमिश्नर ने चेकडैम व अन्य कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता। हमीरपुर


कराये गये कार्यो का निरीक्षण करते कमिश्नर

**आज** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल गौरव दयाल ने मौदहा विकास खंड के मदारपुर गांव में ग्राम पंचायत निधि से सरसहवा नाले पर बनाये गए चेकडैम का निरीक्षण किया। यह नाला 4 किमी लंबा है, जिसमे से 3 किमी विलुप्त प्राय था, इसका जीर्णोद्धार भी कराया गया। इसमे कुल 52 डोह बनाए गए हैं तथा तटबंधो पर वृक्षारोपण कराया गया है। इन सभी कार्यों का आज आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अच्छा कार्य पाए जाने पर आयुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की है। जल के परंपरागत स्रोतों के जीर्णोद्धार संबंधी यह सभी कार्य आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल के ड्रीम प्रोजेक्ट अविरल जल अभियान के तहत कराए गए हैं। इस दौरान आयुक्त ने नालाध् चेकडैम निर्माण से पूर्व के फोटो भी देखे तथा वर्तमान में चेकडैम में भरे जल की गहराई भी देखी।

इसके बाद आयुक्त ने मदारपुर में अमरूद की बाग व खेल के मैदान का निरीक्षण किया तथा खेल के मैदान में आयुक्त, डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व संयुक्त विकास आयुक्त श्री रमेश चंद्र पांडेय ने वृक्षारोपण भी किया। आयुक्त ने मुस्करा विकास खंड के कैमोखर गांव में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित तालाब का निरीक्षण किया तथा तालाब के तटबंध पर आयुक्त, डीएम, संयुक्त विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आयुक्त ने तालाब के किनारे सुंदरीकरण व पथवे का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य,पीडी चित्रसेन, उपजिलाधिकारी मौदहा अजीत परेश तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार किया

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रीवन में एक महिला को शादी का झांसा देकर एक युवक ने उसका शारीरिक शोषण किया जब महिला गर्भवती हो गई युवक ने शादी करने से इंकार कर उसके साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने कोतवाली मौदहा में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। मौदहा के ग्राम रीवन निवासी एक महिला ने बताया की वह दो साल से अपने मायके में रह रही है गांव के राकेश पाल ने उसे अपने प्रेम जाल में फंास शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिए और उससे उसका बराबर शारीरिक शोषण करता रहा जब महिला गर्भवती हो गई तो उसने राकेश से शादी करने का दबाव बनाया जिस पर राकेश ने शादी करने से साफइनकार कर दिया ।तब पीड़िता ने यह घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी तो महिला का पिता राकेश पाल के घर पहुंच उसके परिजनों से मिला और पूरी घटना बताते हुए राकेश से अपनी पुत्री की शादी करने की बात कही जिस पर आरोपी राकेश व उसके पिता ने महिला के पिता के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे भगा दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली मौदहा में तहरीर सौंप आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## चौदह कोरोना पॉजिटिव पाए गए, चार मुख्यालय के

**हमीरपुर।** जांच के दौरान 14 कोरोना पाजटिव पाये गये है जिसमें चार लोग जिला मुख्यालय के बताये गये है। सीएमओ डा आरके सचान के मुताबिक आज 697 लोगो की जांच करायी है जिसमें तेरह लोगों की कोरोना होने की पुष्टि हुई है। जिसमें आज एक कोरोना से पीडित मरीज की मौत हो गयी यह राठ कस्वे का बताया जाता है। जिले में मरने वालो की संख्या दस हो गयी है। संक्रमितो में चार मौदहा व छह राठ व चार हमीरपुर शहर के बताये गये है। राठ व मौदहा कस्वे में कोरोना पाजटिव मिलने के बाद हमीरपुर शहर में मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है हालाकि इसके लिये लोगों को घर से न निकलने के लिये प्रेरित किया जाता है।

# महिला का हत्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बिवाँर ( हमीरपुर )।** कस्बा में बीते सोमवार की रात हुई 60 वर्षीय वृद्धा रामसखी का हत्यारा भतीजा सभाजीत शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया। चार दिन पुलिस को जमकर छकाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछतांछ में उसने हत्या करने की बात कबूली है साथ ही उसने दो अन्य के भी शामिल होने के संकेत दिए हैं कहा कि उससे अभी और पूँछ-तांछ की जा रही है ताकि कोई निर्दोष न फँसे।बताया कि हत्या में प्रयोग किया गया बाँका भी आरोपी के ही बताने पर उसके घर से बरामद कर लिया गया है। हत्यारे भतीजे ने अपने सहयोगियों के साथ दारूबाजी में घटना को अंजाम दिया था और घटना के बाद एक बकरा उठाकर ले गया जिसे छानी की बाजार में चौदह सौ रुपयोन में बेंचा। हत्यारा भतीजा सबसे पहले अपनी ससुराल खन्ना पहुँचा जहाँ उसे पनाह नहीं मिली, उसके बाद वह आस-पास के गाँवों में भटकता रहा और पुलिस का शिकंजा कसने की वजह से वह कहीं दूर नहीं भाग सका।

# क्विक न्यूज

## मरघट की जमीन पर कब्जे की शिकायत पर मारपीट

**जालौन (उरई)।** मरघट की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत करने पर दबंगों ने ग्रामीण के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी मुलायम सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही कुछ लोगों ने गाटा संख्या 246 जो मरघट के नाम दर्ज है, उस पर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। जिसकी जांच के लिए गुरूवार को कोतवाली पुलिस की एक टीम गांव में गई थी। जहां पुलिस ने अवैध कब्जा धारक मनोज आदि को कोतवाली में आने के लिए कहा था। जिससे वह नाराज हो गए और गुरूवार की रात को ही मनोज व उनके साथी नितिन, शिवम, ध्रुव व सुबोध उनके घर आ धमके और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने लात घुसों से मारपीट शुरू कर दी। उसके चिल्लाने पर जब उसके भाई जितेंद्र बचाने आए तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। तभी शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रैपिड टेस्ट में फिर निकले पांच कोरोना पॉजिटिव मरीज

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे कोरोना के रेपिड टेस्ट में हुई 59 जांचों में 5 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी के परिवार के 4 सदस्यों के पोजिटिव आने के बाद आसपास का बाजार बंद करा दिया है। नगर में कोरोना का प्रसार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को नगर के बैठगंज निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी के परिवार के 4 सदस्यों के साथ गणेशजी निवासी एक व्यक्ति की कोरोना पॉजिटिव आयी। 5 लोगों की कोरोना पॉजिटिव आने के बाद नगर में संक्रमितों की संख्या 72 हो गयी है। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी के परिवार के 4 सदस्यों के पोजिटिव आने के बाद एसडीएम सुनील कुमार शुक्ला, सीओ सुबोध गौतम, ईओ डीडी सिंह, डा. मुकेश राजपूत, कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित ने झंडा चौराहा से उत्तर दिशा की ओर पत्थर वाली गली तक बाजार बंद करा दिया है। बाजार बंद होने के लोगों को परेशानी भी हुई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संक्रमितों को एम्बुलेंस के माध्यम से जनपद मुख्यालय में बने कोरोना चिकित्सालय में भर्ती करा दिया है।

## देवी देवताओ पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा महँगा

**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा मे कट्टरपंथी को हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक पोस्ट डालना साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडना पडा भारी जिसका बहुसंख्यक समाज ने किया विरोध कस्बा कुरारा मेन बाजार निवासी शोएब खान पुत्र उस्मान खान ने 10 अगस्त को फेसबुक में करोड़ों हिंदू को ठेस पहुंचाने बाली एक ऐसी पोस्ट डाली गई जिससे बहुसंख्यक समुदाय के लोगो ने रोष व्यक्त किया गया कस्बा निवासी अमित सिंह सुशील सोनी विवेक पालीवाल अमित यादव विश्वदीपक त्रिपाठी आदि लोगो ने थानाध्यक्ष कुरारा को लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने शोयब को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि संबंधित धाराओ में कार्यवाही कर शोएब को जेल भेजा जाएगा।

## हत्या में वांछित पांच को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कर्वी कोतवाल पंकज कुमार पाण्डेय की टीम ने बलबा, मारपीट, गाली-गलौज व हत्या के वांछित चार लोगों को दबोचकर जेल भेजा है। शुक्रवार को कर्वी कोतवाल पंकज कुमार पाण्डेय ने कोलगदलिया गांव के हत्या, बलबा में वांछित विकास पुत्र सुकुरुआ, गायत्री पत्नी सुकुरुआ, गुड्डी व ननकी पत्नी कल्लू को दबोचकर जेल भेजा है। इसी क्रम में रैपुरा थाने के दरोगा गुलाबचन्द्र मौर्य ने हत्या में वांछित हरिश्चन्द्र दिनकर पुत्र श्रीकृष्ण दिनकर निवासी दरियावपुरवा मजरा बसिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## बारिश से ढहा घर, गृहस्थी नष्ट

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के रैपुरा थाने के मगरहाई गांव के मजरा बांधा में भारी बारिश से एक ग्रामीण का घर ढहने से गृहस्थी का सभी सामान नष्ट हो गया है। दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से रैपुरा थाने के मगरहाई गांव के मजरा बांधा के रमेश श्रीवास्तव का घर ढह गया। घर ढहने से गृहस्थी का सभी सामान समेत मवेशियों के लिए भूसा आदि नष्ट हो गया। रमेश श्रीवास्तव विकास खण्ड रामनगर में स्वच्छ भारत मिशन में पिछले पांच वर्षों से स्वेच्छाग्राही पद पर कार्य कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि घर ढहने की सूचना देने के बाद भी लेखपाल व जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

## आप के कार्यक्रम में लिया बढ-चढकर हिस्सा

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में दिल्ली मॉडल के आधार पर कोरोना सहायता कैम्प में 125 लोगों की जांच की गई। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने दिल्ली मॉडल आया आप के द्वार के तहत कोरोना सहायता कैम्प की शुरुआत की। एससी-एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष उग्रसेन की अगुवाई में रैपुरा, बोडीपोखरी चौराहे पर घर-घर व दुकान में जाकर लोगों की पल्स आक्सीजन जांची गई। सभी को मास्क पहनाये गये। लोगों ने आप के कार्यक्रम में बढ-चढकर हिस्सा लिया।

## पनयारा में भेंस लदी पिकप पलटने से वृद्ध घायल

**कोंच(जालौन)।** भैंस लदी पिकप पलटने से पिकप में सवार एक वृद्ध घायल हो गया जबकि तीन अन्य सवार बाल बाल बच गये। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिंगुटा निवासी लक्ष्मी नारायण ने अपनी भेंस ग्राम हरदोई निवासी पवन यादव को बेंच दी थी और शुक्रवार को दोपहर के समय लक्ष्मी नारायण भेंस को हरदोई में छोड़ने के लिये पिकप नम्बर यूपी 92 टी 9003 में लादकर ले जा रहा था तभी ग्राम पनयारा के समीप भेंस भड़क गयी जिसके चलते पिकप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गयी। पिकप पलटने से 55 वर्षीय लक्ष्मी नारायण घायल हो गया जबकि पिकप में आगे बैठे पवन यादव, रविन्द्र कुमार व चालक रितुल बाल बाल बच गये।

## लेखपाल संघ ने चुनाव की मांगी अनुमति

**कोंच(जालौन)।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की कोंच शाखा का चुनाव कराये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु शुक्रवार को को एसडीएम अशोक कुमार को पत्र सौंपा गया।संघ के निवर्तमान मंत्री सुरेन्द्र सिंह निरंजन ने एसडीएम को पत्र सौंपते हुए बताया कि निवर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल बीती 4 मई को पूर्ण हो चुका है इसलिये नयी कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव कराना आवश्यक है। मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने एसडीएम से चुनाव कराये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने की मांग की है। वहीं एसडीएम ने अनुमति जारी कर दी है।

## विद्युत बकायेदारों के काटे गये कनेक्शन

**कोंच(जालौन)।** बड़े बकायेदारों पर कार्यवाही किये जाने के क्रम में शुक्रवार को नगर के मुहल्ला भगत सिंह नगर व आजाद नगर में विभागीय अधिकारियों के निर्देशन में अवर अभियंता गौरव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने डोर टू डोर जाकर लम्बे समय से बिल की अदायगी ना करने वाले 20 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन पृथक कर दिये। इस दौरान करीब साढ़े तीन लाख रुपये बसूले गये।

# विधायक ने वितरण की ड्रेस व किताबें, किया पौधारोपण

**रामपुरा ( जालौन )।** माधौगढ़ विस विधायक मूलचंद निरंजन ने आपने क्षेत्र तीन विद्यालय का औचिक निरीक्षण किया जिसमें उनके साथ जिविनि, एबीएसए ने मिहोनी, रजपुरा, भीकमपुरा का निरीक्षण किया। ग्राम भीकमपुरा में विधायक मूलचंद निरंजन के द्वारा सरस्वती मां को माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर विद्यालय में छात्रों के अभिभावकों को किताबे व ड्रेस वितरण की गई व विद्यायल परिसर में पौधरोपण भी किया। उपस्थित रहे बीएसए प्रेमचंद यादव, एबीएसए सर्वेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह पतराही, प्रधानाध्यापक पुष्कर सोनी, सहायक अध्यापक वाहिद खां, अजहर निषाद उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रबंधक ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ब्लॉक रामपुरा के स्कूलों कि स्कूल ड्रेस के कार्य दिलाने के लिए बीएसए से आग्रह किया बीएसए ने एबीएसए निर्देशित किया कि जल्द समस्त स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ मीटिंग करके स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कार्य दिलाया जाए।

# पीएम आवास दिलाने के नाम पर महिला से सत्रह हजार ठगे

● पीड़ित महिला ने नगर पंचायत कार्यालय व थाने में शिकायत की


ठगी की शिकार महिला।

**कदौरा ( जालौन )।** कस्बे के मुहल्ला पुरवा कुरयाता में एक ठग ने महिला को फोन कर आवास दिलाने के नाम पर 17 हजार की ठगी कर ली। बार बार फोन आने पर महिला को संदेह हुआ तो मामले की जानकारी परिजनों व अन्य ग्रामीणों को दी ठगी की जानकारी के बाद महिला ने नगर पंचायत कार्यालय व थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष का कहना है कि मामला साइबर क्राइम का है कार्यवाही की जाएगी।

कस्बे के मुहल्ला पुरवा कुरयाता निवासी ममता पत्नी शिवशंकर ने नगर पंचायत कार्यालय व पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार को उसके फोन नम्बर पर एक युवक की कॉल आई और उसने अपने आपको डूडा विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि तुम्हारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करना है।उसके लिए बताए हुए खाता नम्बर पर 35 हजार रुपये भेजो। फोन पर सही मानते हुए उसने इलाहाबाद बैंक से बताए हुए खाते में 4500 व 12 हजार 5 सौ रुपये डाल दिए उसके बाद युवक ने कहा कि इतने में कुछ नहीं होगा 18 हजार रुपये और भेजो तभी तुम्हारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हो पाएगा।

बार बार फोन करने पर उसे शक हुआ तो मामले की जानकारी परिजनों व सभासद रवि प्रजापति को दी और जब उक्त नम्बरों पर जानकारी की तो वह फर्जी निकला इस पर उसने नगर पंचायत व थाने में शिकायत दर्ज कराई पीड़िता ने बताया कि मेहनत मजदूरी कर रुपये एकत्र किए थे प्रभारी निरीक्षक जितेंद सिंह ने बताया कि मामला साइबर क्राइम से संबंधित है। मामले की जांच कराई जा रही है। वही नगर पंचायत ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। नगर के वाशिन्दों को फर्जी कॉल से जागरूक करने के लिए मुनादी कराई जा रही है। इस तरह की कॉल आने पर तत्काल नगर पंचायत व थाने को अवगत कराएं।

# इंटर के छात्र ने फांसी पर झूल मौत को गले लगाया

**जालौन ( उरई )।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को फंादी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं, इकलौटे बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम अतरछता निवासी इंद्रपाल सिंह का 18 वर्षीय पुत्र सौरभ एसआर इंटर कॉलेज उरई में इंटमीडिएट का छात्र था। वह उरई में रहकर ही पढ़ाई कर रहा था। वर्तमान में कोरोना महामारी के चलते स्कूल कॉलेज बंद हैं। जिसके चलते लॉक डाउन के बाद वह अपने घर आ गया था। शुक्रवार की सुबह तक वह ठीक था। सुबह लगभग 8 बजे वह अपने चाचा रामौतार के यहां गया था और उनके यहां उसने दूध भी पिया था। दूध पीकर वह घर लौट आया और अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। लेकिन कोई आवाज न आने पर उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो सौरभ का शव कमरे के छत के कुंडे पर रस्सी से लटक रहा था। सौरभ का शव देखकर घर में कोहराम मच गया। तत्काल कुठौंद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अरूण तिवारी ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तुड़वाकर शव को नीचे उतरवाया और उसका पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से पूछतांछ में परिजन उसकी खुदकुशी के कारण के बारे में कुछ नहीं बता पाए। परिजनों का कहना था कि वह काफी हंसमुख था। उसे कोई परेशानी भी नहीं थी। पढ़ाई में भी वह ठीक था। उसके खुदकुशी करने पर उन्हें स्वयं विश्वास नहीं हो रहा है कि सौरभ ने खुदकुशी क्यों की है। फिलहाल पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी के निर्देश पर हुई सघन पड़ताल


जगह-जगह जांच करती एलआईयू टीम।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कर्वी शहर में दंगा नियंत्रण का पुलिस कर्मियों को रिहर्सल कराया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अभिसूचना इकाई के प्रभारी शिवकुमार तिवारी की अगुवाई में एलआईयू की टीम से डॉग स्क्वायड एवं अन्य उपकरणों के माध्यम से संदिग्धों की जांच के निर्देश दिये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने एलआईयू प्रभारी को निर्देश दिये कि संदिग्ध लोगों व वस्तु एवं स्थान की जांच की जाये। होटलों, माल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, पेट्रोल पम्प, ढाबा, छोटी-बडी दुकानें व रामघाट में संदिग्ध स्थानों की जांच की गई। कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच किये स्थानों पर कोई संदिग्ध नहीं नजर आया। जांच दौरान सभी होटल व माल के मालिकों को निर्देश दिये गये कि प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जाये। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को होटल में न ठहरायें व माल में अन्दर न आने दें। किसी व्यक्ति पर संदेह होने पर पुलिस को 112 पर या संबंधित थाने में तत्काल सूचना दें।

# नाथ सम्प्रदाय की आध्यात्मिक स्थली बालाजी मंदिर के पीठाधीश्वर के जन्मोत्सव पर हुआ भूमि पूजन

**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट के अमृत नगर (कर्वी) स्थित अति प्राचीन सिद्धपीठ बालाजी मंदिर में मौजूदा पीठाधीश्वर डा. मंगलनाथ महाराज जी का 84वां जन्मोत्सव बडे ही सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। भक्तों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर वस्त्र आदि भेंट कर पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कोरोना काल के कारण डा. मंगलनाथ महाराज जी यहां उपस्थित नहीं हो पाये उन्होंने ऑनलाइन फोन के जरिये अपने शिष्यों के प्रेम भाव, भक्ति को स्वीकारते हुये आशीर्वाद दिया।


पूजन करते नाथ भक्त।

मौजूदा बालाजी मंदिर के प्रधान पुजारी कृपाशंकर तिवारी ने मंदिर के अन्य भक्तों की मौजूदगी में योगा सेन्टर, कम्युनिटी हाल व डॉमेट्री के निर्माण के लिये वैदिक मंत्रोंच्चारणों के बीच भूमि पूजन किया। प्रधान पुजारी कृपाशंकर तिवारी ने बताया कि जब प्रस्तावित निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा तो सबसे ऊपर तीसरी मंजिल पर करीब 35 फुट की ऊंचाई पर बुलेटप्रूफ ग्लास से योगीराज माधव नाथ महाराज जी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जिसका मॉडल श्री तिवारी जी द्वारा कुछ अन्य तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से तैयार किया गया है। इस प्रस्तावित कार्य को लेकर भक्तों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला है।


प्रधान पुजारी कृपाशंकर तिवारी ने बताया कि पुरानी बाजार धुस मैदान के पास अति प्राचीन बालाजी मंदिर नाथ सम्प्रदाय की आस्था का एक महत्वपूर्ण मंदिर है। इसके गर्भगृह में महान संतों की समाधियां स्थित हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र, नागपुर, बम्बे, अमरावती में लाखों की तादाद में भक्तगण यहां हर साल दर्शन के लिये आते हैं। 1996 में विश्वकल्याण की कामना को लेकर विशाल विष्णु यज्ञ हुआ था।

# अराजकतत्वों को प्रशासनिक अधिकारियों ने दी चेतावनी

**जालौन ( उरई )।** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों नगर में भ्रमण कर अराजकत्त्वों को चेताया। इसके साथ ही बैंक व वाहनों की चौकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की गई। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर कहीं कोई अराजक तत्व नगर की शांति भंग करने की कोशिश न करे। इसके लिए एसडीएम सुनील कुमार शुक्ला, सीओ सुबोध गौतम, कोतवाल रमेशचंद्र मिश्र, चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित ने नगर की सड़कों पर गश्त किया साथ ही अराजक तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि कहीं कोई नगर की शांतिभंग करने की कोशिश न करे। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बैंकों व वाहनों की चौकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के नाम पता नोट कर व पूछतांछ के बाद ही उन्हें जाने दिया गया। एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इस दौरान होने वाले समारोह में कोरोना को देखते हुए भीड़ भाड़ न करें। सोशल डिस्टेंस का पालन किया जाए एवं समारोह स्थल पर आने वाले सभी व्यक्ति मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।

# तीर्थ यात्रियों के लिए प्रतिबंधित रहेगा चित्रकूट का भदई अमावस्या मेलाः डीएम

● साधु-संतों के साथ बैठक कर डीएम शेषमणि पांडेय ने बनाई रणनीति


पूर्ण लॉकडाउन का निर्णय लेते डीएम आदि।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय की अध्यक्षता में भाद्रपद मास की अमावस्या मेला के संबंध में साधु संतों व महात्माओं एवं अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए पूर्व अमावस्या मेलों की तरह भाद्रपद अमावस्या मेला पर भी पूर्णतया तीर्थ यात्रियों को प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने मठ मंदिरों के साधु संतों से अपील की है कि मंदिरों में पांच लोगों से ज्यादा की पूजा की अनुमति न दी जाए तथा सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

सेनेटाइज करते हुए दर्शन कराएं तीर्थयात्री मास्क अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्री अपने अपने घरों पर ही भगवान श्री कामतानाथ की पूजा अर्चन कर आराधना करें परिक्रमा में आने की जरूरत नहीं है अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा कोविड-19 को देखते हुए अनुपालन सुनिश्चित करें। कहां की परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल आदि सभी व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारी सुनिश्चित कराले। सेक्टर तथा जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके मेला की व्यवस्था को सुनिश्चित करें।

अमावस्या मेला में भीड़ भाड़ पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा कहा कि अन्य जनपदों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि तीर्थयात्री चित्रकूट में कामतानाथ जी के दर्शन करने न आए अपने अपने घरों से ही दर्शन करेंउन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए की आवारा पशु के लिए अभियान चलाकर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान दें तीर्थ क्षेत्र में पूर्णतया साफ-सफाई बनी रहे इसका आप लोग विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शासन से निर्देश है कि समस्त सामाजिक, राजनीतिक आदि गतिविधियों पर पूर्णतया रोक रहेगी किसी प्रकार की कोई भीड़ भाड़ नहीं रहेगी शोभायात्रा आदि नहीं निकाली जाएगी मोहर्रम में जुलूस व ताजिया पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा अमावस्या मेला के दौरान परिवहन व्यवस्था को भी पूर्णतया बंद रखा जाए। उन्होंने साधु-संतों से अपील की है कि आप लोग अपने स्तर से वीडियो एवं ऑडियो के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के प्रति अपील के माध्यम से जागरूकता पैदा करें कि वह लोग अमावस्या मेला में न आकर अपने-अपने घरों से ही पूजा अर्चन करें।अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश स्वरूप पांडेय ने कहा कि कानून व्यवस्था को देखते हुए अमावस्या मेला में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी कहीं पर कोई समस्या नहीं होगी।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला व्यवस्था पर जिन लोगों को जो जिम्मेदारी दी गई हैं वह अपने निर्वहन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में सीडीओ अमित आसेरी, एडीएम जी पी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पांडेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर भी नरेंद्र मोहन मिश्र, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजबहादुर, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह सहित संबंधित अधिकारी व निर्मोही अखाड़ा के मुन्ना शास्त्री तीर्थ क्षेत्र के अश्वनी कुमार अवस्थी, दिनेश तिवारी आदि संबंधित लोग मौजूद रहे।

# कृत्रिम उपकरणों के लिए दिव्यांगजन आवेदन करें

**उरई ( जालौन )।** जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी जालौन स्थान उरई ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जालौन स्थान उरई में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत आवेदन पत्र स्वीकार किये जा रहे हैं। कृत्रिम उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर, वॉकर, छड़ी आदि कृत्रिम उपकरण निःशुल्क प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निर्धारित प्रारूप पर आवेदन-पत्र कार्यालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत राज अधिकारी भवन, कलेक्ट्रेट परिसर उरई में अतिशीघ्र जमा करे। कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत पात्रता एवं शर्ते निम्नवत् हैं- दिव्यांगता प्रमाण पत्र जो 40 प्रतिशत से कम का न हो। (मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत), आय प्रमाण पत्र ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080/- वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र के लिए 56460/- वार्षिक जो तहसीलदार, मा. सांसद, मा0 विधायक एवं ब्लाक प्रमुख, चेयरमेन अथवा ग्राम प्रधान से निर्गत किया गया हो।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों की खैर नहीं: जयेन्द्र

**कालपी ( जालौन )।** नगर में जाम की समस्या लोगों के लिये बड़ी परेशानी है जिसका हल कराने के लिये पूरा प्रयास किया जायेगा जिससे लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकें। यह बात एसडीएम कौशल कुमार के 45 दिवसीय किसी ट्रेनिंग में जाने के बाद नवांगतुक एसडीएम जयेन्द्र कुमार आईएएस ने चार्ज लेने के बाद कही।

तत्कालीन एसडीएम कौशल कुमार के 45 दिवसीय ट्रेनिंग में जाने के बाद नवांगतुक उपजिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार 2018 बैच के आईएएस अधिकारी है जो महोबा जिला के मबई खुर्द गांव के मूल निवासी है जो बुन्देलखण्ड की मूलभूत समास्याओं से भंलिभाति अवगत है। नवांगतुक उप जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार आईएएस ने प्रेस से हुई पहली मुलाकात में बताया की नगर की प्रमुख समस्या एनएचएआई में लगने वाला जाम जिसे प्राथमिकता से एनएचएआई अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समस्या से निजात दिलाया जायेंगा। तथा सरकारी भूमि में कब्जा करने वाले भू-


नवांगतुक उप जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार।

मफिया सरकारी जमीनों से कब्जा स्वता हटा लें अन्यथा खैर नही होगी। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दी जायेगी। कोबिड-19 को मद्देनजर रखते हुये लोगों से अपील की है कि सावधानी बरते तथा घरों से बिना कार्य के न निकले। किसी प्रकार की लोगों को समस्या होती है तो वह मेरे आफिस में मुलाकाती समय मुलाकात करके अपनी समस्या बता सकते है कोरोना के मद्देनजर रखते हुये सरकारी नंबर पर अपनी समस्या बता सकते है जिसका निस्तारण प्राथमिकता से होगा।

# महिला हिंसा, व पुलिस उत्पीड़न की घटनायें चिंताजनक

**जालौन ( उरई )।** प्रदेश में महिलाओं की स्थिति बदतर है। महिला हिंसा व पुलिस उत्पीड़न की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की उपाध्यक्ष ने प्रदेश के राज्यपाल से कानून व्यवस्था में सुधार एवं उरई में युवती की खुदकुशी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने प्रदेश के राज्यपाल से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। महिलाओं की स्थिति भी बदतर है। प्रदेश में महिला हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसके अलावा पुलिस भी उत्पीड़नात्मक रवैया अपना रही है। जिससे लोग भयभीत हैं। लोगों को खुलकर अपनी बात कहने में भी भय महसूस होता है। महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने बीते दिनों उरई में युवती की खुदकुशी के मामले को लेकर कहा कि पुलिस ने चोरी के आरोप में युवती का उत्पीड़न किया। उसे पूछतांछ के नाम पर 6-7 घंटे कोतवाली में रखकर उसे प्रताड़ित किया।

# सकरौर-भिखारीपुर तटबन्ध का आयुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एस0वी0एस0 रंगाराव ने शुक्रवार को गोंडा की तहसील तरबगंज अन्तर्गत सकरौर-भिखारीपुर तटबंध तथा घाघरा नदी की कटान से प्रभावित विशुनपुरवा गांव का निरीक्षण एवम् बनाए गए रिंग बांध का निरीक्षण किया तथा बाढ़ प्रभावितों को दी जा रही सहायता व हो रहे मरम्मत कार्यों के बारे में गहन पूछताछ की। उन्होंने मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा कराए जा रहे मरम्मत कार्यों के बारे में आयुक्त को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। साथ ही आयुक्त ने ग्रामवासियों से वार्ता करके उनकी समस्याओं व प्राप्त हो रही सहायता के बारे में उनसे विस्तृत जानकारी ली।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड बी0एन0 शुक्ला ने आयुक्त को अवगत कराया कि तटबन्ध के कटान स्थल के दोनों तरफ मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। बोल्डर आदि डालकर तटबन्ध की सुरक्षा व कटान की तीव्रता को रोकने की दिशा में कार्य कराया जा रहा है। तटबन्ध पर 24 घन्टे शिफ्टवार ड्यूटी लगाकर पेट्रोलिंग का कार्य कराया जा रहा है। गांव की सुरक्षा हेतु बनाए गए रिंग बांध पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा इसके निर्माण से सम्बन्धित मुआवजा सम्बन्धित लोगों को दे दिया गया है। इस दौरान आयुक्त ने रिंग बांध का भी निरीक्षण किया तथा मरम्मत कार्य में लगाए गए श्रमिकों के सम्बन्ध में पूछताछ किया। जिसमे ज्ञात हुआ कि 24 श्रमिक बाहर के हैं तथा शेष श्रमिक गांव के ही हैं, जो मरम्मत कार्य कर रहे हैं। आयुक्त ने प्रवासी मजदूरों तथा अकुशल श्रमिकों को भी आवश्यकतानुसार कार्य पर लगाने के लिए निर्देश दिए। ग्रामवासियों से पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि राहत कार्य ठीक प्रकार से कराया गया है। गांव में एक मवेशी की मृत्यु हुई थी जिसका पोस्टमार्टम कराकर सम्बन्धित को मुआवजा दे दिया गया है। एसडीएम तरबगंज राजेश कुमार ने आयुक्त को बताया कि गांव में ओआरएएस घोल के पैकेट व क्लोरीन की गोलियां वितरित करा दी गई हैं तथा टीकाकरण व राशन वितरण का कार्य भी कराया गया है। नावें लगाकर दोनों तरफ के बाढ़ प्रभावित लोगों तक राशन पहुंचाया गया है तथा 225 नए राशन कार्ड भी बनाए गए है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 20 अगस्त से 24 अगस्त तक जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी में शासन के निर्देशानुसार राशन वितरित कराया जायेगा। आयुक्त ने एक्सईएन को निर्देश दिए कि कटान क्षेत्र में हो रहे मरम्मत कार्यों की ड्रोन से निगरानी कराए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कराया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सोलर एनर्जी से संचालित सीसीटीवी कैमरों को व्यवस्थित कर दिया जाय ताकि धूप न होने की समस्या के कारण संचालन की दिक्कत को दूर किया जा सके और कैमरे एक्टिवेट रहकर कार्य कर सकें। उपजिलाधिकारी तरबगंज ने आयुक्त को अवगत कराया कि कटान के कारण बाढ़ प्रभावित मजरा विशनपुरवा के 08 परिवारों के 74 लोग प्रभावित हुए हैं जिन्हें हर सम्भव मदद मुहैया कराई जा रही है। इसी प्रकार ग्राम केवटाही में 40 परिवार प्रभावित हुए हैं जिन्हें राशन, दवा, चारा तिरपाल सहित अन्य जरूरी वस्तुएं उपलब्ध कराई गई हैं। एक्सईएन ने बताया कि बंधे की सुरक्षा के दृष्टिगत बोल्डर आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है ताकि आकस्मिक स्थिति में उनका उपयोग हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तरबगंज राजेश कुमार, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, एक्सईएन बाढ़ वी0एन0 शुक्ला, थानाध्यक्ष उमरीबेगमगंज रतन पाण्डेय, आयुक्त के पी0ए0 आर0आर0 वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

संवाददाता। करनैलगंज-गोंडा



**करनैलगंज** कस्बा पुलिस ने नगर में पान मसाला व्यापारी के पुत्र के अपहरण का खुलासा करने के बाद नगर में हुई एक और चोरी का खुलासा किया है। करनैलगंज कस्बा पुलिस ने नगर में चोरी की घटना को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान में एक और सफलता हासिल की है। जिसमें एक बैटरी की बड़ी दुकान से चोरी गई 11 बैटरी समेत दो चोरों को मय असलहा गिरफ्तार किया है। नगर के हुजूरपुर तिराहे के पास एक बैटरी की बड़ी दुकान में पीछे से चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान में रखी 11 बैटरियां चोरी किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चोरी का खुलासा करने के लिए मुहिम तेज कर दी। चोरी गई 11 बैटरीओं के साथ दो चोरों को मय असलहा गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात सीएचसी करनैलगंज के समीप मिश्रा बैटरी की दुकान में पीछे से दरवाजे के ताला तोड़कर कुल 11 अदद बैटरीयों की चोरी हुई थी। जिसका मुकदमा कोतवाली में दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि चोरी का खुलासा करने के लिए चौकी की पुलिस चौकी प्रभारी रणजीत यादव, सिपाही अबरार खान, मिथलेश सिंह, शेख अशफाक आलम की टीम लगातार लगी रही। शुक्रवार को नगर के सोनू पुत्र मोहम्मद अमीन व फिरोज उर्फ भूरे पुत्र मोहम्मद हमीद निवासी मोहल्ला नई बाजार को एक अदर देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर तथा एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से सभी चोरी गई बैटरियां बरामद किया गया। दोनो के विरुद्ध पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध गुंडा एक्ट गैंगेस्टर व आर्म्स एक्ट सहित तमाम मामले चल रहे हैं। दोनो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

## कई स्कूलों ने माफ की दो माह की फीस

**गोंडा।** जिले के इंडिपेंडेंट स्कूल्स एसोसिएशन ने कोरोना संक्रमण के मद्देनजर जरूरतमंद अभिभावकों को राहत देते हुए वर्तमान शिक्षा सत्र 2020-21 में उनके पल्यों की 2 माह की फीस माफकरने की घोषणा किया है। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में देते हुए फातिमा स्कूल के प्रिंसिपल फादर पाल कोरैया ने बताया कि विभिन्न विद्यालय प्रबंधकों के साथ हुई बैठक में कोविड-19 से निपटने एवं अभिभावकों के फीस की समस्या पर विचार विमर्श करते हुए छात्र-छात्राओं की 2 माह की फिल्म माफ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह सुविधा केवल उन अभिभावकों को मिलेगी, जो इसके लिए लिखित रूप से विद्यालय में आवेदन करेंगे। फीस माफ करने वाले स्कूलों में फातिमा कालेज, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, एम्स इंटरनेशनल स्कूल, रवि चिल्ड्रन एकेडमी, गीता इंटरनेशनल स्कूल, जयपुरिया स्कूल, सनबीम स्कूल, एम्स इंटर कॉलेज, नरायणा स्कूल, फुलवारी पब्लिक स्कूल, श्रीराम पब्लिक स्कूल आदि शामिल है। इस मौके पर शिव मूर्ति मिश्रा, सुमित दत्ता, रवि रस्तोगी, क्रांति सिंह, आरके अग्रवाल, अभय श्रीवास्तव व मतलूब खान आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नेवी का जवान व बैंक के रिटायर कैशियर निकला कोरोना पॉजिटिव

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार नगर मे कोरोना बम फुटा है।जिसमे नगर के बस स्टाप निवासी नेवी का जावान अतुल कुमार गुप्ता सीएचसी ऊंचाहार मे बीमार होने पर जांच करवाया गया।जिसमे जांच के बाद आई रिपोर्ट मे उसकी रिपोर्ट कोरोना पाजटिव मिला है।जिसमे कोरोना पाजटिव मिले नेवी के जावान को एल 1 अस्पताल मे भर्ती किया गया जबकि उसके घर को सील करते हुए उसके घर के पिता यमां व दो बहन एवं एक भाई को क्वारंटीन कर दिया।वहीं ऊंचाहार नगर के गायत्रीनगर निवासी ग्रामीणबैंक के रिटायर कैशियर राममुकेश को पेट व अन्य दिक्कते होने पर कानपुर उपचार करवाने अस्पताल गए थे जहां पर उनकी जांच हुई जिनकी रिपोर्ट भी कोरोना पाजटिव कानपुर मे आया है।जिसकी सूचना पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मकान को सील करते हुए उनके परिजनो को क्वारंटीन करने की प्रक्रिया प्रारंभ समाचार लिखे जाने तक कर दिया था।सीएचसी अधीक्षक डा आर बी यादव ने दोनो कोरोना मरीज होने की पुष्टि किया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की मौत

**डलमऊ रायबरेली।** आकाशीय बिजली गिरने से एक बालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरे धौकल सिंह मजरे रसूलपुर धरावा निवासी सुंदर लाल का 11 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार दरवाजे के पास लगे इंडिया मार्क हैंड पंप पर पानी भरने के लिए गया था। तभी अचानक उस पर अकाशी बिजली गिर गई । जिसके चलते किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना आनन-फानन कोतवाली पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची उपजिलाधिकारी डलमऊ सविता यादव तहसील दार प्रतीत त्रिपाठी के साथ पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया । उधर बच्चे की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

### महिला के साथ छेड़छाड़ , आरोपी के खिलाफ दी तहरीर

**ऊंचाहार,रायबरेली ।** पारिवारिक रिश्तों को तार-तार कर देने वाली घटना प्रकाश में आई है । ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव समसपुर पतौना निवासिनी महिला अपने घर पर अकेली थी , जिस दौरान गांव के आरोपित युवक उसके घर मे बुरी नियत से घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत किया। जिसके चिल्लाने पर आरोपित युवक भाग गया। जिसमे महिला के ससुर ने अपने गांव के ही युवक के नामजदगी तहरीर कोतवाली मे दिया है। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण में जांच पड़ताल किया जा रहा है। विधिक कार्रवाई की जाएगी

### हमला करने का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव मांधातापुर मे रामकुमार 28वर्ष के ऊपर 20 दिन पूर्व हुए हमला करके घायल करने के मामले मे मुकदमा संख्या 374ध्2020 धारा 452य307य504य506 व 7सीएलए के तहत दर्ज मे फरार चल रहे अभियुक्त बब्बू उर्फशिवबख्श सिंह पुत्र गयाबख्ससिंह को पुलिस ने शुक्रवार के दिन गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### मारपीट मे पिता व पुत्र घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव नरवापार निवासी सुजीत 20वर्ष व पिता राजबहादुर 50वर्ष को पड़ोसियो ने भूमि विवाद मे डंडो से पिटाई करके घायल कर दिया।जिनको पुलिस ने सीएचसी मे भर्ती करवाया है।

### ढूंढे नही मिल रही यूरिया खाद

**सुलतानपुर।** बारिश के बाद किसानों को अब यूरिया खाद ढूंढे नही मिल रही है। किसान धान की फसल में यूरिया डालने के लिए एक दुकान से दूसरे दुकान चक्कर काटने को विवश हैं। प्राइवेट दुकानदारों की तो दूर सरकारी समितियों पर पर भी यूरिया नदारद है। खाद नही मिलने से किसानों में मायूसी के साथ साथ आक्रोश भी है। ऐसे में किसानों की हित और उत्थान की बात करने वाली योगी सरकार का दावा सिर्फ और सिर्फ कोरा आश्वासन साबित हो रहा है।

### विद्युत कर्मी बिना पैसे के ठीक नहीं करते फाल्ट

**सुलतानपुर।** ग्रामीणांचल इलाकों की विद्युत व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नही ले रही है। जहां एक तरफ योगी सरकार गांवों को 24 घण्टे बिजली देने का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफसंचालित विद्युत व्यवस्था भी बेपटरी हो गई है। ग्रामीणों को न तो पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल रही है और न ही जर्जर विद्युत तारों व ट्रांसफार्मरा को ही ठीक किया जा रहा है। ऐसे में विभागीय कर्मचारियों द्वारा मामूली फाल्ट के लिए की जाने वाली अवैध वसूली से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है विद्युत उपकेन्द्रों पर तैनात लाइनमैन और संविदा कर्मी भी बिना पेशगी लिए विद्युत फाल्ट को ठीक नही कर रहे हैं।

### हमला करने वाला आरोपी दबोचा गया , भेजा जेल

**ऊंचाहार,रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र ऊंचाहार के ग्राम मांधातापुर में बीते दिनों एक शख्स ने रामकुमार 28 वर्ष के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था हमला करने के बाद युवक बुरी तरह से घायल हो गया था मामले की तेज जांच पड़ताल के बाद ऊंचाहार पुलिस मुखबिर की सूचना पर लगातार फरार चल रहे अभियुक्त बब्बू सिंह पुत्र गयाबक्स सिंह निवासी मांधातापुर को उसके ही घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### ऑनलाइन रोजगार मेला 28 को

**सुलतानपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, पायागीपुर सुलतानपुर के द्वारा दिनांक 28 अगस्त को ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी जो अभ्यर्थियों का चयन फोन-मोबाइल के माध्यम ऑनलाइन किया।

# नहीं होगा इस बार जलाभिषेक पुलिस ने किये कड़े सुरक्षा इंतजाम

**करनैलगंज-गोंडा।** जहां हर साल लाखों कांवरियों का हुजूम जुटता था और सरयू का पवित्र जल भरकर विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए निकलता था वहां इस बार पुलिस का सख्त पहरा होगा। इस बार कांवरियों को रोकने के लिए पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कजरी तीज के मौके पर करनैलगंज के सरयू घाट से जल भरकर विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए आने वाले करीब 10 लाख कांवरियों को रोकने के लिए करनैलगंज में जबरदस्त व्यवस्था एवं तैयारियां चल रही है। एसडीएम ज्ञान चंद्र गुप्ता ने बताया कि मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पूर्णतया पाबंदी लगा दी गई है और कांवरियों को सरयू घाट पर न आने और मंदिरों में जलाभिषेक न करने के संदेश भी प्रसारित किए जा रहे हैं। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा कजरी तीज के मौके पर विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक पर पाबंदी लगा दी गई है। जिसके मद्देनजर करनैलगंज के सरयू घाट पर कांवरियों को जल भरने से रोकने की पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिरों में जलाभिषेक करने पर रोक लगा दी गई है ऐसे में कांवरियों को जल भरने का कोई औचित्य नहीं बनता है। इसलिए सरयू घाट को पूरी तरह बैरिकेट्ड कर दिया जाएगा। घाट तक कांवरियों को जाने पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा कजरी तीज के एक दिन पूर्व से ही पुलिस के 8 मोबाइल टीमें जो लगातार मार्गों पर पर्यवेक्षण करेंगी और घाट पर पूरी तरह बैरिकेडिंग करने के साथ ही जल पीएससी एवं एनडीआरएफकी टीम को लगाया जा रहा है। ड्रोन कैमरे के साथ पुलिस की टीम घाट पर कैंप करेगी। जिससे कांवरियों को जल भरने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर, दुखहरण नाथ महादेव मंदिर एवं बरखंडी नाथ महादेव मंदिर के पुजारियों द्वारा कजरी तीज के मौके पर जलाभिषेक करने के लिए रोक लगाई गई है।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों को किया गया नमन

## डीएम शुभ्रा सक्सेना और नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने किया भावपूर्ण स्मरण



संवाददाता। रायबरेली

**कोविड-19** के चलते शोशल डिस्टेंस बनाकर नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद चौक डिग्री कालेज चौराहा पर शहीदों को नमन करते हुए श्रंद्धांजलि अर्पित किया । जिलाधिकारी शुभ्रा सक्सेना ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि अमर सेनानियों ने आजादी दिलाये जाने के लिए सर्वश्व न्यौछावर कर दिया । नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी के लिए प्राण देने वाले बलिदानियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता है । नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि देश को आजाद कराये जाने के लिए हजारों क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है । देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराये जाने के लिए खून बहाने वाले अमर सेनानियों के योगदान को भूला नही जा सकता है । उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता पाने में जनपद के अमर शहीद वीरों को सदैव याद किया जाएगा । इस मौके पर अधिशासी अधिकारी बालमुकुंद मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट जुगराज सिंह, सभासद धर्मेंद्र त्रिवेदी, महादेव त्रिवेदी, मुनव्वर, टिन्नी सिंह, अमर चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण: डीएम

## कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर सतर्क है जिला प्रशासन



संवाददाता। सुलतानपुर

**कोरोना** के बढ़ते संक्रमण के चलते सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कोरोना के लक्षणों का पता लगाया जाएगा। इस दौरान दो सप्ताह तक किसी भी कर्मचारी व अधिकारी को जिले के बाहर जाने की मनाही हो गई है। वहीं आम लोगों से भी सीएचसी, पीएचसी व जांच के लिए लगाए गए कैंप में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने की अपील की गई है। जिलाधिकारी सी इंदुमती ने बताया कि गैर जिलों से वापस लौटने के बाद लोगों में कोरोना का संक्रमण पाया जा रहा है। ऐसे में कॉंटैक्ट ट्रेसिग कराया जाना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से लौटे एनआइसी में तैनात जिले के एक कर्मचारी की जांच में उन्हें कोरोना से संक्रमित पाया गया। कलेक्ट्रेट में तैनात एक कर्मचारी को भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। यह भी हाल ही में लखनऊ से वापस जिले में लौटे थे। ऐसे कई लोग और भी हैं, जो अन्य जिलों व प्रदेशों से आने के बाद कोरोना की गिरफ्त में आए हैं।

शहर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर लोगों की जांच पड़ताल की जा रही है। घोसियाना, पुरानी बाजार, निराला नगर, डिहवा व गभड़िया में कैंप लगाया गया था। सीएमओ डॉ सीबीएन त्रिपाठी की अगुवाई में लगाए गए इस कैंप में पहुंचे हजारों लोगों की एंटिजन जांच की गई। संदिग्धों की पहचान कर उन्हें कोविड अस्पताल केएनआईपीएसएस फरीदीपुर भेजा गया।

## जिम्मेदार कर्मियों की लापरवाही

**सुलतानपुर।** शासन-प्रशासन के फरमान के बाद भी जिम्मेदार कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लाभार्थियों को नही मिल पा रहा है। विकास खण्ड भदैंया के महेसुआ गांव निवासी किसान इद्रीश खान, अमरेज सिंह समेत कई किसानों ने बताया कि किसान पंजीकरण में आधार नम्बर गलत फीड हो जाने के कारण उन्हे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित होना पड़ रहा है। कृषि भवन, विकास भवन, ब्लॉक मुख्यालय और लेखपाल को कई बार आधार कार्ड की छायाप्रतियां दी गई लेकिन आज तक सही आधार नम्बर फीड नही हो सका है। जिससे उन्हे योजना से वंचित होना पड़ रहा है। ऐसे में जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

# चिकित्सकों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

## ● एक प्रसूता व उसकी नवजात बच्ची की मौत का मामला

संवाददाता। सुलतानपुर

**शहर** के राहुल सिनेमा रोड स्थित जसलोक अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से एक प्रसूता व उसकी नवजात बच्ची की मौत हो गई। परिवारजन का आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल कर्मियों द्वारा भ्रम में रखा गया और मरने के बाद भी इलाज किए जाने का बहाना किया जाता रहा। कूरेभार थानाक्षेत्र के चंदौर निवासी प्रदीप तिवारी तबियत खराब होने पर अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर 12 अगस्त की रात करीब एक बजे जसलोक अस्पताल पहुंचे थे। दो बजे साधारण प्रसव से बच्ची का जन्म हुआ। प्रदीप ने बताया कि 40 मिनट बाद डॉक्टरों द्वारा जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से बच्ची की मौत हो गई। पत्नी पूनम के पेट व पैर में काफी दर्द हो रहा था, लेकिन डॉक्टरों ने परिवारजन को अंदर नहीं जाने दिया। शाम करीब छह बजे उसकी भी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही काफी संख्या में नाते-रिश्तेदार भी आ गए। आरोप है कि मौत के बाद भी डॉक्टर व अन्य कोई कर्मी कुछ भी बताने को राजी नहीं हो रहा था। बावजूद इसके इलाज किए जाने का नाटक चलता रहा। मौत के बाद अपनी गिरेबां बचाने के लिए डॉक्टर कई तरह के बहाने बनाते रहे और शव को ले जाने की जल्दबाजी दिखाने लगे। क्षेत्राधिकारी नगर सतीश चंद्र शुक्ल ने बताया कि प्रदीप तिवारी की तहरीर पर डॉ बीके शुक्ला व डॉ डीएस पांडेय के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# सेमरहा गांव में दो की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

संवाददाता। महाराजगंज रायबरेली

**कोविड-19** महामारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पैर पसार रही है ताजा जानकारी के मुताबिक सेमरहा गांव में भेजे गए नमूनों में से दो और लोगों के पाजिटिव आने से गांव में हड़कंप मच गया है वही स्वास्थ्य विभाग ने महराजगंज के उप डाकघर में तैनात 25 लोगों का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है आपको बता दें कि विगत दिनों रिश्तेदारी में बरहुआ गांव गए सेमरहा गांव के एक युवक को बरहवा में हुए एंटीजन टेस्टिंग के दौरान पॉजिटिव पाया गया था इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेमरहा गांव में जाकर लोगों के सैंपल लिए थे और जांच के लिए उन्हें पीजीआई लखनऊ भेजा गया था जिसकी रिपोर्ट आज आ गई उनमें दो लोग और संक्रमित पाए गए हैं इससे गांव और आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया है कोविड-19 नियंत्रण प्रभारी कमल श्रीवास्तव ने बताया कि पॉजिटिव पाए गए दोनों मरीजों को गांव से निकालकर स1 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है साथ ही महराजगंज उप डाकघर में तैनात 25 डाक कर्मियों की सैंपलिंग करते उन्हें जांच के लिए भेजा गया है उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल सीएचसी में एंटीजन टेस्ट किट की कमी है इसके चलते आज और परीक्षण नहीं किया जा सका एंटीजन टेस्ट किट आ जाने पर परीक्षण का कार्य चलता रहेगा।

### विद्युत व्यवस्था अस्तव्यस्त

**ऊंचाहार।** विद्युत व्यवस्था की विगत दो दिनो से हो रहे रिमझिम वर्षात ने पोल खोलकर रख दिया है।जिसमे विद्युत कटौती ताबड़तोड़ विद्युत सब स्टेशन जमुनापुर तहसील ऊंचाहार इटौराबुजुर्ग रोहनिया रसूलपुर के अन्तर्गत समस्त फीडरो मे किया जा रहा है।जिसमे 90 हजार के तकरीबन उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट



संवाददाता। सुलतानपुर

**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस अलर्ट हो गई है। सीमावर्ती जिलों को जोड़ने वाली एक दर्जन से अधिक सीमाओं पर पुलिस की संख्या में बढ़ोत्तरी कर हर किसी पर नजर रखी जा रही है। क्षेत्राधिकारी नगर सतीश चंद्र शुक्ल की अगुवाई में डाग स्क्वायड के साथ वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर संचालित होने वाले होटलों समेत कई रेस्टोरेंट की जांच पड़ताल कर आने जाने वाले लोगों के बारे में जानकारी हासिल की गई। कोरोना संक्रमण, स्वतंत्रता दिवस व त्योहारों के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू की गई। रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। पुलिस लगातार बसों की चेकिग के साथ ही मुसाफिरों के सामान की भी तलाशी ली जा रही है। शहर के सभी होटलों संचालकों से पहचान पत्र आदि जमा कराए जाने के बाद ही उन्हें इंट्री देने की बात कही गई है। अराजकतत्वों और बाहर से आने वाले लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए चौकी व थाने के जवानों को निर्देशित कर दिया गया है। सीओ सिटी ने बताया कि अतिसंवेदनशील इलाकों में खुफिया तंत्र के अलावां स्थानीय पुलिस को सादी वर्दी में तैनात किया गया है।

## अब तक लिए गए 36557 सैम्पल, मिले 1431 कोरोना मरीज

**गोंडा।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19 तथा जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला अधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इसमें जिलाधिकारी ने सर्विलांस टीम को सक्रिय रहकर डाटा कलेक्शन व उसके अनुसार लोगों को आवश्यकता सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए हर स्तर पर कार्य किए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कोरोना पाजिटिव मरीज मिलने पर उसकी हिस्ट्री की जांच कराई जाए जिससे कोरोना वायरस के संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्विलान्स टीम जब जाए तो परिवार में उपस्थित सभी लोगों का डाटा ले, परिवार को कोई सदस्य यदि बाहर गया हो तो उसका भी डाटा रखा जाए। इसके साथ ही अधिक आयु के लोग जो किसी बीमारी से ग्रसित हैं, तो उनका भी डाटा रखा जाए जो लोग होम आइसोलेशन में है उनको फोन से बात करने के साथ-साथ रैपिड रिस्पान्स टीम रोजाना विजिट करें तथा फीडिंग का काम उनके आधार कार्ड लेकर ही करें तथा ऐसे मोबाइल फीड करें जिससे रिपोर्ट आने के बाद मरीज को ढूढ़ने में परेशानी से न हो। कोविड की ब्लाकवार समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि अब तक जनपद में 36557 सैम्पल कोरोना की टेंस्टिंग के लिए लिए गए हैं जिनमें 1431 टेस्ट पॉजिटिव पाए गए। ब्लाकवार आंकड़ों के अनुसार बभनजोत में 19, बेलसर में 21, करनैलगंज में 140, गोण्डा नगर क्षेत्र में 389, हलधरमऊ में 33, इटियाथोक में 56, कटरा बाजार में 15, मनकापुर में 76, मसकनवा में 41, मुजेहना में 49, नवाबगंज मे 56 पण्डरीकृपाल में 20, परसपुर में 61, काजीदेवर में 129, रूपईडीह में 72, तरबगंज में 17, वजीरंगज में 39 तथा अन्य 198 पाजिटिव केस पाए गए हैं। कोविड टेस्ट के लिए आरटीपीसीआर से 24406, ट्रूनेट से 1324, एन्टीजेन से 10779 टेस्ट कराए गए जिसमें 1431 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। कोरोना पाजिटिव रिपोर्ट के आधार पर अब तक जिले में 440 कन्टेनमेन्ट जोन बनाए गए। कोविड-19 की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स की बैठक में नियमित टीकाकरण, फीडबैक, ड्राप आउट की स्थिति, संचारी रोगों नियत्रंण की स्थिति की समीक्षा की।

# कोरोना के गंभीर मरीजों को प्लाज्मा थिरेपी देने की पहल

## डीएम व सीडीओ ने प्लाज्मा देने की मार्मिक अपील की

## ठीक हो चुके मरीजों से लिया जाएगा प्लाज्मा

## अब तक 1302 मरीज कोरोना की जंग जीत चुके हैं

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** के गभीर मरीजों की जान बचाने के लिए प्रभारी डीएम एवं सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने कोरोमा से ठीक हो चुके मरीजों से मार्मिक अपील की है। उन्होंने कोरोना के 22 भर्ती गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए प्लाज्मा दान करने को आगे आने को कहा। दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि एक आदमी के शरीर में साढ़े पांच लीटर खून होता है, अगर उसमें से दो सौ मिली खून दान भी कर दिया तो भी शरीर को कोई नुकसान नहीं होगा, अलबत्ता इससे कई लोगों की जानें बचाई जा सकती है। इसके लिए प्रभारी डीएम की ओर से मेडिकल विषेषज्ञ और एनजीओ के साथ बैठक भी हुई है।

बैठक में जिले में कोरोना की जंग जीत चुके 1302 मरीजों की खोज और उन्हें प्लाज्मा देने के लिए राजी करने की जिम्मेदारी एनजीओ को देने पर सहमति बनी। इसके लिए उन्हें ठीक होने वाले मरीजों की सूची दी जाएगी। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाई गई, जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। बुकलेट बनाई जाएगी। मेडिकल कालेज के डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि अगर कोई मरीज ठीक हो चुके हैं, और 14 दिन बाद अगर उनकी रिपोर्ट निगेटिव आती है, तो व्यक्ति प्लाज्मा दे सकता है। बताया कि ऐसे व्यक्तियों से ठीक होने के चार माह के भीतर प्लाज्मा लिया जा सकता है।




वहीं पर अगर किसी मरीज को डायरेक्ट डिस्चार्ज कर दिया गया है और उनकी निगेटिव 28 दिन बाद आती है, तो वह मरीज प्लाज्मा दे सकता है। बताया कि कोरोना से ठीक हो चुके मरीजों का इस लिए प्लाज्मा लिया जाता है, क्यों कि उनके खून में प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। कोरोना के खिलाफ एंटीबाडीज बढ़ जाती है। मरीजों में सुधार तेजी से होने लगता है। चूंकि दवाओं का रिस्पांस उतना नहीं मिल रहा, जितना प्लाज्मा से मिलता है। डीएम ने जोर देकर कहा कि जो व्यक्ति 200 एमएल. खून देता है, उतना खून उसके शरीर में पहले ही रिजर्व के रुप में रहता है, और जैसे ही वह खून दिया उतना खून उसके शरीर में बन गया। इस लिए डरने और घबड़ाने की बात नहीं है, निडर होकर लोग प्लाज्मा दान करें, उनके इस दान से कई लोगों की जिंदगियां बचाई जा सकती है। सीडीओ ने बताया प्लाज्मा दान करने वालों को सार्वजनिक रुप से सम्मानित करके उन्हें प्रषस्ति पत्र दिया जाएगा।

बैठक में सीएमओ डा. एके गुप्त, डा. सीएल कन्नौजिया, डा. फखरेयार, डा. स्वराज, रेडक्रास सोसायटी के कुलवेंद्र सिंह मजहबी, रोटरी क्लब के आशीष श्रीवास्तव, ह्यूमन सेफ लाइफ के अपूर्व षुक्ल, कायस्थ महासभा के मनमोहन श्रीवास्तव, चित्रांस क्लब के सत्येंद्र श्रीवास्तव, एनएसएस के डा. अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### शुक्रवार को 27 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले

**बस्ती**। जिले में शुक्रवार को 27 नए कोरोना पाजिटिव की रिपोर्ट आई। इसे लेकर संक्रमितों की संख्या 1777 पहुंच गई है। वहीं अब तक 40 की मौत हो चुकी है। 895 अब तक स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए जा चुके है। संक्रमितों में 45 पाजिटिव मामले दूसरे जिले के हैं। अब तक 47607 के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। इनमें 47435 की जांच रिपोर्ट मिल चुकी है। 172 के जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। जो कोरोना पाजिटिव मरीज पाए गए हैं, उनमें रूधौली, बस्ती सदर, हर्रैया, बहादुरपुर, विक्रमजोत, परसरामपुर ब्लॉक क्षेत्र के निवासी शामिल हैं। शहर से लेकर गांव तक 255 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। इसमें तहसील सदर में 149, हरैया में 70, भानपुर में 27, रुधौली में नौ कंटेनमेंट जोन शामिल हैं। अब तक स्वस्थ होने के बाद 849 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। नए मिले संक्रमितों में एक शंकरपुर, दो बांसखोरकला, दो सीएमएसडी स्टोर, दो तेनुआ, एक कौवाडार, दो मड़वानगर, एक रोजहिया, चार रूधौली खुर्द, एक बहादुरपुर, एक डीएम आवास, एक फरेंदा सेंगर, एक तिरसी अमोढ़ाखास, एक कोनहा, एक लजघटा, एक महेवा, एक कुर्दा, एक चौरे व दो अन्य मरीज शामिल है।

# ओवरलोडिंग व अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता। मीरजापुर

*जिलाधिकारी* सुशील कुमार पटेल ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं जिला खान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ओवर लोडिंग व अवैध खनन के विरूद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कम से चार दिन-रात्रि में ओवरलोडिंग के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा के दौरान नगर पालिकाओं के ईओ के कम वसूली पर असन्तोष व्यक्त करते हुये वसूली बढाने का निर्देश इसी प्रकार सम्बंधित तहसीलों के तहसीलदारों को भी मुख्य देय की वसूली के मासिक लक्ष्य को अगले माह में पूरा करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि बैकों या विभिन्न विभागों विशेष कर सिविल कोर्ट के द्वारा जारी आरसी के मालों में तहसीलदार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। कर करेत्तर के वसूली के दौरान जुलाई माह की वसूली की सीखा में आबकारी का मासिक लक्ष्य के सापेक्ष 18 प्रतिशत, मण्डी परिषद 21 प्रतिशत, वाणित्यकर 13 प्रतिशत नगर पालिका परिषद अहरौरा 20, मीरजापुर 10 प्रतिशत की वसूली पर असन्तोष व्यक्त करते हुए अगले माह जुलाई माह व अगस्त दोनों के लक्ष्य पूरा करने निर्देश दिया गया। विद्यत विभाग, वन, नगर पालिका कछंवा तथा चुनार को भी वसूली का लक्ष्य बढाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान विविध देय की वसूली के दौरान स्टाम्प, बिजली, खनिज, कंप्यूटर खतौनी आदि मामलों का निस्तारण करने को कहा।

# स्मृति ईरानी ने 151 उत्कर्ष आंगनबाड़ी केंद्र व सखी ऐप का किया शुभारंभ

संवाददाता। अमेठी

**केंद्रीय** मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 151 उत्कर्ष आंगनवाड़ी केंद्र तथा सखी एप का शुभारंभ किया। जनपद अमेठी में स्वास्थ्य एवं पोषण मानकों तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुधार हेतु 151 उत्कर्ष आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए सखी ऐप का शुभारंभ सांसद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरुण कुमार ने सर्वप्रथम सांसद को 151 आंगनवाड़ी केंद्रों में कराए गए कार्यों तथा सखी ऐप के बारे में अवगत करायाए इस दौरान दोनों कार्यक्रमों में कराए गए कार्यों से संबंधित वीडियो क्लिप भी दिखाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने सर्वप्रथम जिला प्रशासन व बी0सी0जी0 की टीम का आभार व्यक्त किया। बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने से बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण मानकों तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को उत्कर्ष आंगनवाड़ी केंद्र बनाने हेतु किया गया प्रयास अत्यंत सराहनीय है। श्रीमती ईरानी ने कहा कि आगामी एक वर्ष में 500 और आंगनवाड़ी केंद्रों को उत्कर्ष आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपके द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# कंटेनमेंट जोन में प्रत्येक व्यक्ति की हो टेस्टिंग: जय प्रताप

## चिकित्सा व स्वास्थ्य कल्याण मंत्री ने दिए निर्देश

## पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर कोरोना से उत्पन्न स्थितियों को जाना

संवाददाता। बस्ती

**चिकित्सा** एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री जयप्रताप सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा कर कोरोना से उत्पन्न स्थितियों की जानकारी ली।



बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देशित किया कि कंटेनमेंट जोन में प्रत्येक व्यक्ति की कोरोना टेस्टिंग की जाए, इसी के कोरोना मरीज के सम्पर्क में आए व्यक्ति का 72 घण्टे में कांटेक्ट ट्रेसिंग किया जाए। उन्होने कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होंगी। जिले में स्थापित कोविड अस्पतालों से कुछ शिकायतें नहीं आनी चाहिए। कोरोना से हुई प्रत्येक मृत्यु की मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है इसलिए स्वास्थ्य विभाग इसे गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक मरीज को सुविधाए एंव इलाज उपलब्ध कराए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय, स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा मरीजों फीड बैक लिया जाता है। सरकार इलाज, भोजन, पानी, दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति कर रही है। स्वास्थ्य विभाग कुशल प्रबंधन कर प्रत्येक मरीज को इनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराए। जय प्रताप ने ओपेक कैली अस्पताल, सभी कोविड अस्पतालों, जिला जेल के आईसोलेशन वार्ड, एनआरसी, टीकाकरण अभियान, विटामिन ए, निमोनिया, कृमिनाशक नियंत्रण अभियान, डेंगू, जेई एईएस, मलेरिया आदि के बारे में जानकारी लेने के बाद सभी अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने को कहा।

### एकीकृत कमाण्ड सेंटर का किया निरीक्षण

**बस्ती**। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने विकास भवन स्थित कोरोना वायरस के एकीकृत कमाण्ड सेण्टर एंव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि कमाण्ड सेण्टर से प्रत्येक दिन होम आईसोलेषन, कोविड अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों से व्यवस्थाओ एवं सुविधाओं के बारे में फोन करके फीडबैक लिया जाता है। मरीजों की विषेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग की जाती है। इस कमाण्ड सेण्टर में सभी कोरोना पेशेंट का विस्तृत विवरण उपलब्ध है। उन्होने बताया कि प्रत्येक ब्लाक पर दो-दो एंबुलेंस आवंटित है। अर्थ एवं संख्याधिकारी टीपी गुप्ता द्वारा सभी प्रकार की सूचनाओं को एकत्र कर शासन को प्रेषित किया जाता है। लैपटाप पर फीड सभी प्रकार की सूचनाओं का मंत्री ने अवलोकन किया। लैपटाप में फीड कुछ सूचनाओं की हार्ड कापी भी ली। निर्देश दिया कि मरीजों से प्राप्त षिकायतों को तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराया जाए।

# कोविड-19 को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें स्वास्थ्य कार्यकर्ता: चौबे

## शहीद प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र की ओर से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता। सोनभद्र

**शहीद** प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वाधान में कोरोना सेनानी सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि वर्तमान समय में हम सभी के ऊपर देश जन और जीवन रक्षा की चुनौतियां हैं। जिससे डटकर मुकाबला करने की आवश्यकता है और इसमे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की है। सदर विधायक ने कहा कि हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि जो भी अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी



पत्रकार व साहित्यकार इन चुनौतियों से लड़ रहे हैं उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित करते रहें और धैर्य व साहस के साथ इस महामारी का मुकाबला करें। हमें विश्वास है कि देश जीतेगा और कोरोना वायरस कोविड-19 हारेगा और जल्दी सब कुछ सामान्य तरीके से चलने लगेगा और जीवन खुशहाल होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस के उपाध्याय ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड-19 से भयभीत ना हों बल्कि उसका डटकर मुकाबला करें हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ता निरंतर चिकित्सा सेवा व जांच में जुटे हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लें और हमारे टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि दो गज की दूरी मास्क जरूरी के स्लोगन का पालन करें। भाजपा के उपाध्यक्ष उदय भान कुशवाहा ने कहा कि हम सभी को एक साथ मिलकर इस महामारी से लड़ना है और यह जंग जितनी है शहीद प्रबंधन ट्रस्ट करारी के संयोजक व अधिवक्ता प्रदुम्न त्रिपाठी ने कहा कि संकल्प से इस महामारी से सभी को जीतना है। इस मौके पर सम्मान समारोह में कवि व पत्रकार प्रभात सिंह चंदेल, दिलीप सिंह, संजय, पांडेय, पुष्पेंद्र शुक्ला, डा. अंजलि द्विवेदी, रवि मिश्रा, उबेद अहमद सिद्धीकी, मनोज कुमार, हेमनाथ पांडेय, संतोष शुक्ला, कविता अनुराधा, अरुण तिवारी, प्रहलाद निगम, प्रशांत मिश्रा समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों, पत्रकारों साहित्यकारों व समाजसेवियों का प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया गया।

### अनुप्रिया पटेल ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी

**मीरजापुर**। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुप्रिया पटेल ने जनपद मीरजापुर सहित प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी है। श्रीमती पटेल ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने बहुत संघर्ष के बाद आजादी का यह अनमोल तोहफा हम सभी को सौंपा। आज हम सभी का यह कर्त्तव्य है कि हम अपने महापुरुषों के त्याग एवं बलिदान को सदैव याद रखें। श्रीमती पटेल ने कहा कि स्वतंत्र भारत में हर व्यक्ति समान है। हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का अधिकार दिया है। आज के इस पावन अवसर पर हमें इसका सम्मान करते हुए अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रण लेना चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल ने भी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी है।

# अब बीडीओ नहीं कर सकेंगे मनरेगा का फर्जी भुगतान

## सीडीओ ने फर्जीवाड़े पर रोक लगाने का आदेश जारी किया

## स्थलीय सत्यापन के बाद ही कर सकेंगे बिल का भुगतान

संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने प्रभावी पहल की है। नई व्यवस्था के तहत अब कोई भी भुगतान बीडीओ के स्थलीय सत्यापन के बाद ही होगा, इतना ही नहीं बीडीओ मौके पर गए या नहीं इसके लिए सभी बीडीओ को कार्य स्थल पर जाकर अपना सजीव फोटोग्राफभेजना होगा, ताकि सत्यापन का पता चल सके। जानकारों का दावा है कि अगर सीडीओ का यह फर्मूला सफल रहा तो सरकार का करोड़ों रुपये के राजस्व की बचत होगी। योजना का लाभ पात्र को ही मिलेगा। सीडीओ ने बताया कि वह आज ही इस मामले में एक आदेश जारी करने जा रही हैं, जिसमें मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी व बीडीओ को निदेश दिया जाएगा कि वह बिना स्थलीय सत्यापन किए बिना कोई भी भुगतान नहीं करेंगे, अगर करेंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगा। प्रधानों का दावा है कि अब तो कुछ बीडीओ कार्यक्रम की मंजूरी देने से पहले कमीशन के रूप में सात फीसद की मांग करने लगे है। इस मामले में जिले की एक महिला बीडीओ पर खुले आम कमीशन मांगने के कारण चर्चा में है। प्रधानों की माने तो एक काम में 20 से 25 फीसद कमीशन के रुप में चला जाता हैं, इसमें प्रधान, रोजगार सेवक, सेक्रेटरी, एमबी बनाने वाले जेई और ब्लॉक षामिल है। जिले में हर साल लगभग तीन से चार अरब रुपये का भुगतान मनरेगा के कार्यों पर होता है। अभी हाल ही में बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खैराटी में लाखों रुपये की लागत से छह तालाब और सड़क निर्माण में बंदरबांट का मामला सामने आ चुका है। 38 फर्जी मनरेगा श्रमिकों के नाम पर पता नहीं अब तक कितना धन निकाला गया, इसकी भी जांच हो रही है। हांलाकि सीडीओ सभी तालाब को श्रमदान घोषित कर चुकी है, और प्रधानी समाप्त होने से लेकर रोजगार सेवक की बर्खास्तगी और जेई एवं सेक्रेटरी के निलंबन की कार्रवाई चल रही है। यह तो एक बानगी है। चूंकि सरकार ने लाकडाउन में प्रवासी मजदूरों और मनरेगा श्रमिकों के जीविकोपार्जन के लिए खजाना खोल दिया है। मगर इसका लाभ उन लोगों को अधिक मिल रहा है, जो सालों से फर्जीवाड़ा करने में लगे हुएं है। यह सही है कि जिले में सबसे अधिक शिकायतें मनरेगा में फर्जीवाड़े को लेकर हो रहा है।

# आजादी मेरा अभिमान के तहत झंडा ऊंचा रहे कार्यक्रम में संगोष्ठी



संवाददाता। सोनभद्र

**भारतीय** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन द्वारा चलाए गए कार्यक्रम आजादी मेरा अभिमान कार्यक्रम के तहत झंडा ऊंचा रहे हमारा कार्यक्रम में युवा कांग्रेस सोनभद्र ने संगोष्ठी का आयोजन राबर्ट्सगंज विधानसभा के बिजौली गांव में सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय युवा कांग्रेस सोनभद्र के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु ने कहा कि युवा कांग्रेस लगातार नौ तारीख से कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहा है झंडा ऊंचा रहे। हमारे भारत का राष्ट्रीय ध्वज है इसके लिए हमारे स्वतंत्र सेनानी क्रांतिकारी नेता देश के जवान उसके सम्मान के लिए अपनी जान को गवा चुके हैं और झंडे के सम्मान में हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी नेता सरहद पर रहने वाले वीर सैनिक उसके सम्मान में अपनी जान तक निछावर करने में समय नहीं लगाते है और ना ही कभी लगाया है। झंडे का सम्मान हर व्यक्ति का सम्मान है और हर व्यक्ति इसका सम्मान करता है। 15 अगस्त को पूरे देश में राष्ट्रध्वज लहराया जाएगा उसके सम्मान में हर साल रैलिया भी निकलती हैं लोग खुशी से अपने गाड़ियों घरों, कार्यालय हर जगह इसको लहराते है, इस विषय में जो कुछ भी कहा जाए कम है। राबर्ट्सगंज विधानसभा युवा के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि आज का नौजवान भी झंडे के सम्मान में खड़ा है और पहले भी चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु नौजवानों ने झंडे के सम्मान में ही आजादी दिलाने में अपनी जान दे दिया।

# एनसीएल में सादगीपूर्ण ढंग से मनेगा 74 वां स्वतंत्रता दिवस



संवाददाता। सोनभद्र

**नॉर्दर्न** कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में शनिवार को भारत का 74 वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, लेकिन इस बार का आयोजन कोविड के चलते विगत वर्षों की अपेक्षा सादगीपूर्ण रहेगा। स्वतन्त्रता दिवस का केंद्रीय कार्यक्रम एनसीएल मुख्यालय स्थित पांजरेह भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीएमडी पीके सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि और निदेशक कार्मिक बिमलेन्दु कुमार, निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना डॉ अनिंद्य सिन्हा, निदेशक वित्त राम नारायण दुबे तथा निदेशक तकनीकी एसएस सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। सीएमडी पीके सिन्हा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसी दौरान एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीके सिन्हा सामाजिक निगमित दायित्व के अंतर्गत किए गए कार्यों का उद्घाटन करेंगे। साथ ही एनसीएल में चिकित्सा सुविधाओं को नया आयाम देते हुए अनवागंतुक एम्बुलेंस का उदघाटन भी किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर एनसीएल परिक्षेत्र के आदिवासियों व किसानों को आजीविका के साधन मुहैया करवाकर मुख्यधारा मे जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई मुहिम किसान गंगा का उदघाटन किया जाएगा। इसके अंतर्गत सिंगरौली जिले के दस हज़ार किसानों को एक ऐप के माध्यम से सीधे ग्राहकों से जोड़ा जाएगा ताकि किसान अपने उत्पादों दूध, घी, सब्जी, फ्ल, आटा इत्यादि को सीधे ग्राहकों तक पहुंचा सकें। स्वतंत्रता पर्व के पावन अवसर पर सभी कोयला क्षेत्रों के उत्कृष्ठ कर्मियों के पुरस्कारों की घोषणा भी जाएगी। तत्पश्चात सभी परियोजनाओं द्वारा देशभक्ति, राष्ट्र निर्माण एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाने की भावना को दर्शाती झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। एनसीएल मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत शनिवार को सुबह 8.30 बजे कंपनी के निदेशक कार्मिक बिमलेन्दु कुमार एनसीएल मुख्यालय में ध्वजारोहण व कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करके करेंगे। कंपनी के सभी क्षेत्रों एरिया व इकाइयों में भी 74 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ सादगीपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। प्रबंधन एवं श्रमिक संगठनों के आपसी समन्वय से कंपनी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश देने हेतु स्वतंत्रता दिवस की शुभ संध्या पर एनसीएल मुख्यालय में प्रबंधन और श्रमिक संघ के बीच एक फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# सोनभद्र में मिले 34 कोरोना मरीज, आंकड़ा पहुंचा 1064

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** सोनभद्र में कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण किये जा रहे तमाम रोक थाम के उपायों के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा है। जनपद में कोरोना सक्रमण ने अपना पांव पूरी तरह से फैला चुका है जहां पिछले लगभग दो माह से लगातार आ रही कोरोना संक्रमित रिर्पोट ने लोगों चिंताये बढ़ा दी है। शुक्रवार को आयी रिपोर्ट में 34 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। जिसे लेकर पुरे जिले में हड़कम्प की स्थित उत्पन्न हो गई। संक्रमित पाये गये मरीजों को उपचार के लिये कोविड-19 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस के उपाध्याय ने बताया कि 34 पॉजिटिव मरीज मिले है। संक्रमित लोगों कों कोविड-19 अस्पताल में भर्ती कराकर उनका इलाज शुरु कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि कोरोना सक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद वासियों को अनावश्यक रुप से घर से बाहर न निकलने, सेनिटाइजर अथवा साबुन से बार बार हाथ धोने और मुंह पर मास्क या गमछे का प्रयोग करने तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने का सुझाव दिया जा रहा है। जिससे वे कोरोना वायरस की चपेट में ना आने पाए।

### बीजपुर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

बीजपुर (**सोनभद्र**)। पत्रकार राम जियावन गुप्ता के पिता व पूर्व एनटीपीसी रिहंद परियोजना कर्मी तुलसी प्रसाद गुप्ता निवासी पुनर्वास प्रथम बीजपुर के आकस्मिक निधन पर बीजपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने एक बैठक कर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तुलसी प्रसाद गुप्ता पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर चहल-पहल

## तिरंगा बैच व गुब्बारे की लोगों ने जमकर की खरीदारी

### कोरोना संक्रमण काल के बावजूद लोगों में दिखा उत्साह

संवाददाता। मऊ

**अगस्त** माह स्वतंत्रता दिवस के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को पूरे दिन लोगों ने बाजार में केसरिया, सफेद व हरे रंग से बनी चीजों की खरीददारी किया। कोरोना काल के बावजूद लोगों में 15 अगस्त को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। हालांकि स्कूल बंद होने के बावजूद बच्चों ने जमकर तिरंगे की खरीददारी किया। बच्चों का कहना था कि भले से ही इस बार कोरोना काल को लेकर स्कूल बंद हो, लेकिन वे अपने घरों में इस बार स्वतंत्रता दिवस मनाएंगें। बाजार में तिरंगा बैच, गुब्बारे की लोगों ने जमकर खरीददारी किया।15 अगस्त को लेकर बच्चों, युवाओं समेत सभी वर्ग के लोगों में काफी उत्साह है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बाजार में लोगों ने तिरंगे का बैज, टोपी, गुब्बारे और फ्रेंडशिप बैंड की जमकर खरीददारी किया। इसके साथ ही तिरंगे वाली टी-शर्ट की भी लोगों ने जमकर खरीददारी किया। फ्रेंडशिप बैंड में तिरंगे के साथ भक्ति का रंग देखने को मिल रहा है। बैंड में तीन रंग के मोतियों के साथ ऊँ अक्षर लिखे मोती भी हैं, जो इसे और भी आकर्षक बना रहे हैं। बच्चियों के हेयर बैंड को भी तीन रंगों से सजाया गया है। इसे अपने माता-पिता के साथ खरीदारी के लिए पहुंचने वाली बच्चियां भी खूब पसंद कर रही हैं।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर बाजार में पूरे दिन तिरंगे का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। रोडवेज के पास तिरंग कलर का गुब्बारा बेचने वाले दुकानदार ने बताया कि इस बार लोग गुब्बारे भी अधिक खरीद रहे हैं। इसके साथ ही गले के पटके की भी खूब मांग है। तिरंगे के रंग से सजे अन्य उत्पादों की भी बाजार में खरीदारी हो रही है।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दी बधाई



**मऊ।** जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए कोविड-19 के नियमों का पालन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को आजादी काफी संघर्षों के बाद प्राप्त हुआ है, इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चले। तभी देश व समाज का अधिक से विकास व उत्थान किया जा सकता है।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सार्वजनिक स्थानों पर हुई चेकिंग

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अफसरों को जारी किया दिशा निर्देश

**मऊ।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। इस दौरान पुलिस टीम ने सर्तकता के मद्देनजर मऊ रेलवे जंक्शन, बस स्टेशन समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर गहनता के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आने-जाने वाले प्रत्येक लोगों की गहनता के साथ छानबीन करते नजर आए।

बुनकर बाहुल्य मऊ जिले में स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर शुक्रवार को पुलिस टीम ने शहर क्षेत्र के निजामुद्दीनपुरा, मुशींपुरा, भीटी समेत मऊ रेलवे जंक्शन, रोडवेज, ब्रम्हस्थान, गाजीपुर तिराहा, आजमगढ़ मोड़ आदि स्थानों पर सघन चेकिंग किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सावधान करते हुए बताया कि किसी भी लावारिश वस्तु को न छूए, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। पुलिस टीम द्वारा पूरे दिन जांच-पड़ताल से लोगों में अफरा-तफरी भी रहा। चेकिंग के दौरान यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक भी किया गया।

## क्विक न्यूज

### चोरी की पांच मोटरसाइकिलों के साथ 3 को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** अशोक कुमार पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में हो रही मोटर साईकिल चोरी की घटना के अनावरण में 13 को पुलिस कर्मचारियों द्वारा ताजुद्दीनपुर पुलिया के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी कि जमुहर बाजार की तरफसे तेज गति में आ रहे मोटरसाइकिल को हाथ देकर रोकने का इशारा करने पर अचानक पुलिस वालो को सामने देखकर घबड़ा कर वापस मोटरसाइकिल को मोडकर जमुहर की तरफ भागना चाहे कि मोटरसायकिल फिसल जाने के कारण दोनो व्यक्ति सड़क पर गिर गए कि अपराधी होने की शंका में पुलिस बल द्वारा घेराबन्दी कर पकड लिया गया। व्यक्तियों से भागने का कारण पूछने पर बताए कि हम लोगो के पास गाड़ी का कागज नही है इसीलिए वापस मुडकर भागना चाह रहे थे कि कडाई से पूछने पर अपना नाम क्रमशः मुकेश यादव उर्फ गोगई पुत्र सालिकराम त्ध्व करौरा थाना मछलीशहर जौनपुर व दूसरे ने अपना नाम अनुभव यादव पुत्र पवन कुमार यादव ग्राम कुरनी समाधगंज थाना सिकरारा जनपद जौनपुर बताये तथा बताए कि हमारी यह मोटरसाइकिल पैशन प्रोण् चोरी की है ।जिसको हम दोनो ने मिलकर करीब 8.9 दिन पहले मछलीशहर तहसील परिसर से चुराया था आज इसी को बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे थे ।

### स्वर्ण व्यवसायी का सामान बरामद

**जौनपुर।** थाना खुटहन अन्तर्गत ग्राम पुराअन्धरी में स्वर्ण व्यवसायी के साथ घटित घटना का सफल अनावरण तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गये। कब्जे से 2 तमंचा, दो मोटरसाइकिल व चोरी की पीली धातु व सफेद धातु के जेवरात बरामद' किए गए। अशोक कुमार पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में थाना खुटहन पुलिस द्वारा थाना सरायख्वाजा के सहयोग से ग्राम पुराअन्धरी थाना खुटहन जौनपुर में स्वर्ण व्यवसायी के साथ घटित घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुअसं 199-20 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण राचन्द्रर उर्फ चन्दन यादव पुत्र बाके लाल यादव मीरापुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर नरसिंह यादव पुत्र राजकेशर यादव नि छतौरा थाना सरायख्वाजा जौनपुर हेमन्त यादव पुत्र सुनील यादव नि छतौरा थाना सरायख्वाजा जौनपुर को ग्राम मुबारकपुर बगिया शिवमन्दिर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा एक अभियुक्त अविनाश उर्फ शेरु मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल भ्म्त्व् भ्थ् क्म्स्न्ग् व चोरी करने में प्रयुक्त एक अदद अपाची मोटरसाईकिलए 2 देशी तमंचा मय जिन्दा कारतूस व चोरी की पीली धातु व सफेद धातु के जेवरात बरामद किये गये।

### नंबर बदलकर गाड़ी चलाने वाला गिरफ्तार, 6 लग्जरी वाहन बरामद

**देवरिया ।** शुक्रवार को एसओजी टीम एवं थाना प्रभारी रामपुर कारखाना जनपद देवरिया द्वारा संदिग्ध अवस्था में गौरा चैराहे के पास से एक जीप कैम्पास लग्जरी वाहन को चेक करने तथा छानबीन करने पर पाया गया कि उक्त वाहन के थाना न्यू आगराए जनपद आगरा में वर्ष 2019 में जल जाने की रिपोर्ट दर्ज हैए जिसका क्लेम भी वाहन स्वामी द्वारा पूर्व में लिया जा चुका है। अभियुक्त शत्रुधन यादव पुत्र लोरिक यादव निवासी ग्राम मस्टोडर गिरि थाना भलुअनी जनपद देवरिया हाल पता ग्राम बैरौना थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया द्वारा उक्त जले वाहन के नम्बर एवं कागजात का प्रयोग पकड़े गये वाहन पर फर्जी तरीके से लगाकर चलाया जा रहा है तथा चालक द्वारा इसी प्रकार फर्जी कागजात तैयार कर वाहनों की खरीदने बेचने का कार्य किया जाता है।



अभियुक्त की निशानदेही पर स्कार्पियों.01,ब्रेजा.02, क्रेटा.01, व वर्ना लग्जरी वाहन.01 बरामद किया गया।

बरामद वाहनों की कीमत बाजार में लगभग एक करोड़ रूपये है। इस प्रकार बरामद कुल 06 लग्जरी वाहनों को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### मोहर्रम की अजादारी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** मोहर्रम की अजादारी को लेकर गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री रहबर अब्बासए अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद सलमान अब्बास के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह को सौंपा। जिसमें मांग किया है कि मोहर्रम की अजादारी को लेकर सरकार विशेष गाइडलाइन जारी करें। मोहर्रम में सभी धर्म के लोग शामिल होते हैं। इस मौके पर अमित श्रीवास्तवए रजेश गुप्ताए राशिद खानए नौशी अब्बासए मिर्जा जमीलए बेलाल भाई आदि मौजूद रहे।

### 'दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त को थाना लाइनबाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार'

**जौनपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना लाइनबाजार पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 220-20 धारा 498,304 बी भादवि व 3-4 डीपी एक्ट का वांछित अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी इन्दरिया थाना. लाइनबाजार, जौनपुर को गिरफ्तार किया गया ।

### गिरफ्तार

जौनपुर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा मुअसं 104-19 धारा 498,376,323,504,506 आईपीसी व = डीपी एक्ट के वांछित अभि0 दीपक पाल पुत्र दूधनाथ पाल निवासी रामगंज थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार'

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुअसं 76 20 धारा 419, 420, 467, 468 ए471 भादवि थाना लाइन बाजार का वांछित अभियुक्त अरविंद सिंह पुत्र लोधी सिंह निवासी प्रधान पुर थाना जलालपुर जौनपुर को अनुपम जलपान गृह हुसैनाबाद के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त जेल भेजा गया। अभियुक्त अरविंद सिंह द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर 550000 ठग लिया गया था ।

### महिला सहित दो अभियुक्त पकड़े गए

**जौनपुर।** हत्या के मुकदमें से सम्बन्धित महिला सहित दो अभियुक्तों को थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14,08,2020 को प्रभारी निरीक्षक मुगराबादशाहपुर मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 230,20 धारा 302,201 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मेठ उर्फ सेठ चौहान पुत्र जयप्रकाश चौहान व उसकी पुत्री मीरा चौहान निवासीगण सरोखनपुर थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावडा एरस्सी व साइकिल बरामद की गयी ।

### नाबालिक के साथ दुष्कर्म एपुलिस ने किया गिरफ्तार

**देवरिया।** थाना कोतवाली क्षेत्रातंर्गत अभियुक्त श्यामजीत पुत्र मोतीचन्द उम्र 35वर्ष द्वारा गॉव की ही एक नाबालिग लड़की ;उम्र 8वर्षद्ध के साथ बलात्कार किये जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मुअसं 532,20 धारा 376,504,506 भादसं एवं 3,7 पाक्सो ऐक्ट अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

## पूर्वांचल विवि में प्रथम महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य की नियुक्ति



संवाददाता। जौनपुर

**राज्यपाल** द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रथम महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य की नियुक्ति कर दी गई है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के लिए बहुत अहम है। पूर्व कुलपति डॉ राजाराम यादव के विवादित कार्यकाल को लेकर पूरे तीन साल हंगामा होता रहा। कुछ खास लोंगो के साथ ही पूर्व कुलपति की बनती थी। पूर्व कुलपति के विवादित निर्णयों एवं परिसर में ब्याप्त भ्रस्टाचार को लेकर कर्मचारी लंबे समय से आंदोलनरत भी रहे। बताते चलें कि पूर्व कुलपति डॉ राजाराम यादव अपने अंतरंग मित्र प्रोफेसर के पी सिंह को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का कुलपति बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए थे। लेकिन इनके विरोधी और भी ज्यादा इसलिए सक्रिय थे कि पूर्व कुलपति का कोई खास मित्र कुलपति न बन पाए नही तो यूनिवर्सिटी गर्त में चली जायेगी। इस लिए वे सब प्रदेश से लेकर राजधानी दिल्ली तक सक्रिय हो गए थे। राजाराम यादव के कार्यकाल में उनके कृत्यों तथा भयंकर भ्रष्टाचार का संगठन में भी ऊपर तक बहुत विरोध था। अनन्तः वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में प्रथम महिला कुलपति की नियुक्त कर महामहिम राज्यपाल ने सारी चर्चाओं को विराम दे दिया है। इस खबर की सूचना जैसे ही जनपद में पूर्व कुलपति डॉ राजाराम यादव के चहेतों को मिली वह उदास और भूमिगत हो गए है।

## कृषि मंत्री ने शहीद स्मारक पर अर्पित किया श्रद्धासुमन

### रामचन्द्र विद्यार्थी व उनके साथियों के शहादत को किया नमन

### शहीदों का बलिदान व संघर्ष हम सभी के लिये प्रेरणादायी : डीएम



संवाददाता। देवरिया

**रामलीला** मैदान स्थित शहीद स्मारक पर आज शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के शहादत दिवस पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाहीए जिलाधिकारी अमित किशोरए पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्रए एसडीएम सदर सौरभ सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने श्रद्धांसुमन अर्पित किये। कृषि मंत्री ने कहा कि शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी 14 वर्ष की अल्पआयु में ही देश के लिये जो शहादत दी वह एक अनुपम मिशाल है। उनका यह बलिदान स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मणीय तथा सभी के लिये प्रेरणादायी है। उन्होने कहा कि देसही देवरिया क्षेत्र के हथिया गढ के रहने वाले श्री रामचन्द्र विद्यार्थी महात्मा गांधी के अंग्रेजो भारत छोडो आन्दोलन में कूद पडे तथा 14 अगस्त वह साथियों संग देवरिया कचहरी पहुॅच गये और अंग्रेजो का झंडा उतार कर भारतीय तिरंगा लहराया। अंग्रेजी हुकूमत के परगना अधिकारी उमाराव सिंह ने गोली चलाने का आदेश दिया। अंग्रेजो की गोली से रामचन्द्र विद्यार्थी के अलावा सोहदरापट्टी के सोना उर्फ शिवराज सोनारए पैकौली गांव के बन्धु उर्फ धिन्हू तथा कतरारी के गोपी मिश्र शहीद हो गये थे। आज इन शहीदो के शहादत दिवस पर हम नमन करतें है। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि शहीदों के अनगिनत बलिदानए त्याग व संघर्ष से स्वतंत्रता मिली है। हम सभी को इनके बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिये। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने कहा कि शहीदों के बलिदानो को आज भी हम सभी नही भूले है। इन शहीदों का बलिदान हमारी आने वाली पीढियों में भी देश भक्ति की भावना प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर एसडीएम सदर सौरभ सिंहए क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्यायए ईओ नगरपालिका सत्य प्रकाश सिंहए भाजपा कार्यकर्ता अम्बिकेश पाण्डेयए नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पाण्डेयए राधेश्याम शुक्लाए सदर कोतवाल टीजे सिंह, संतोष चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## सुपरवाइजर व सुरक्षा जवानों की भर्ती होगी

### एसआईएस की ओर से जनपद में विकास खण्ड मुख्यालयों पर लगाया जाएगा शिविर

संवाददाता। देवरिया

जिला विकास अधिकारी श्रीकृष्ण पांडेय ने बताया है कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों में एसआईएस इण्डिया लिमिटेड लखनऊ के तत्वाधान में बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा। एसआईएस इण्डिया लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में भी कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजरों की भर्ती की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड.19 के प्राविधानोए सोशल डिस्टिेसिंगए मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास मुख्यालयों पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार विकास खण्ड बैतालपुर में 18 अगस्त कोए गौरी बाजार में 19 अगस्त कोए रुद्रपुर में 20 अगस्त कोए रामपुर कारखाना में 21 कोए देसही देवरिया में 24 अगस्त कोए तरकुलवा में 25 अगस्त कोए पथरदेवा में 26 अगस्त कोए भलुअनी में 27 अगस्त कोए बरहज में 28 अगस्त कोए देवरिया सदर में 31 अगस्त कोए भटनी में 01 सितम्बर को तथा सलेमपुर में 02 सितम्बर भर्ती शिविर का आयोजन निर्धारित है। जिला विकास अधिकारी श्री पाण्डेय ने इन शिविरों के सफल आयोजन के लिये सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपेक्षित सहयोग प्रदान करेगें तथा भर्ती अधिकारी रजनीश राय द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओं के अनुरुप अपना सहयोगात्मक योगदान देगें। भर्ती अधिकारी श्री राय ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिये शारीरिक मापदंड लम्बाई 168 सेन्टीमीटरए सीना 80.85 से0मी0 तथा उम्र 21 से 37 के बीचए योग्यता न्यूनतम हाईस्कूलध्समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिये। उन्होने इच्छुक बेरोजगार युवकों को उक्त निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाक मुख्यालय पर शिविर में भर्ती होने हेतु प्रतिभाग कर सकते है। चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये पंजीकरण के लिये जमा करना होगा। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिये लखनऊ भेजा जायेगा। इसके उपरान्त उन्हे तैनाती स्थलों पर सुरक्षा के क्षेत्र में तैनात किया जायेगा।

## कोविड हेल्प डेस्क के तहत हो रहा चिकित्सकीय परीक्षण

संवाददाता। मऊ

**वैश्विक** महामारी कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तरह से कमर कस लिया गया है। इसके तहत जिला संयुक्त चिकित्सालय में कोविड हेल्प डेस्क के तहत मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। कोविड हेल्प डेस्क के माध्यम से जहां एक तरफ लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरुक किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ इमरजेंसी व सर्जिकल के मरीजों का चेकअप करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी ठोस कदम उठाया जा रहा है। वर्तमान समय में बारिश के मौसम में सामान्य प्रकार के सर्दी, जुकाम, बुखार व खांसी के मरीज भी बढ़ जाते हैं। साथ ही साथ यह कोरोना संक्रमण का भी सामान्य लक्षण है। ऐसे में सौ बेड के जिला संयुक्त चिकित्सालय में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना किया गया है। इसके तहत संक्रमण से बचाने के लिए मरीजों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था किया गया है। साथ ही इसके लिए बनाए गए कोरोना हेल्प डेस्क का एक साइन बोर्ड लगाया गया है। इसमें इलाज करते हुए डॉ. को दर्शाया गया है जो दूर से ही मरीजों को नजर आएगा। यहां आने वाले मरीजों की मुकम्मल तरीके से थर्मामीटर के माध्यम से जांच किया जाता है। सीएमएस डॉ. बृज कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में कोविड-19 मरीजों की त्वरित पहचान व इलाज के लिए जिला अस्पताल में हेल्प डेस्क की स्थापना किया गया है।

## जाम की समस्या को लेकर घंटों उलझे राहगीर

**सकलडीहा,चन्दौली।** सपा के धरना प्रदर्शन को लेकर कस्बा की गड्ढा युक्त सड़क को पाटने के लिये पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सुबह ट्रक से गिट्टी गिराये जाने लगा। जिसके कारण कस्बा की मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। तहसील मार्ग से लेकर भीतरी बाजार में घंटो जाम से चिल चिलाती धूप में राहगीर परेशान रहे। कोतवाल वंदना सिंह के अथक प्रयास के बाद जाम से निजात मिल पाया। इस दौरान ग्रामीण यातायात व्यवस्था को लेकर जमकर कोशा।कस्बा की चंदौली सकलडीहा मार्ग पूरी तरह जर्जर होगया है। जगह जगह भारी गड्ढा होगया है। जिसे लेकर सपा की ओर से सोमवार को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन का आयोजन सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित था। धरना प्रदर्शन को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सुबह से ही गड्ढा को पाटने के लिये ट्रक से गिट्टी गिराने शुरू कर दिया गया। जिसके कारण मुख्य मार्ग से लेकर तहसील और भीतरी बाजार में घंटो जाम की स्थिती होगयी। जाम की समस्या को लेकर कोतवाली पुलिस ने अथक प्रयास कर जाम से निजात दिलाया। इस दौरान सड़क के किनारे खड़ी वाहनों का भी चालान किया। इस बाबत कोतवाल वंदना सिंह ने बताया कि ट्रक से गिट्टी गिराने के कारण जाम की समस्या होगयी थी। शीध्र ही जाम की समस्या से निजात दिलाया गया। इस मौके पर कस्बा प्रभारी बाबूराम यादव, रामनयन यादव सहित एक दर्जन पुलिस कर्मी जाम छुड़ाने को लेकर जुटे रहे।

## पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समय सारिणी पोर्टल पर उपलब्ध

संवाददाता। देवरिया

**मुख्य** विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2020-21 में समस्त वर्गो हेतु समय सारिणी निर्गत कर दी गयी है । पोर्टल पर भी प्रदर्शित करा दी गयी है। ऐसी संस्थायें जिनको संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्रदान की जा चुकी है और उनका नाम अभी तक छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज नही है वे संस्थायें उक्त पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर अपना नाम जुडवा सकते है। आनलाईन आवेदन करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक, देवरिया से हार्ड कापी एवं आनलाईन अग्रसारित कराकर जिला समाज कल्याण अधिकारीए देवरिया से पासवर्ड प्राप्त कर सकते है। प्रत्येक शिक्षण संस्था के नोडल अधिकारी को शिक्षण संस्थान की मान्यताए परीक्षा संस्था से सम्बद्धताए संचालित किये जाने वाले पाठ्यक्रमों का नामए अवधिए स्वीकृत सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्कए पाठ्यक्रमवार पूर्णांक ए फ िल ए ट ं ग एजेन्सी,विश्वविद्यालय आदि का विवरण अपडेट करने तथा मास्टर डाटा में अंकित किये गये विवरण तथा अपलोड किये गये अभिलेखो का सत्यापन संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्यध् प्राचार्य तथा संस्था द्वारा नामित छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से निर्धारित योजनान्तर्गत लाक किया जाना अनिवार्य है। मास्टर डाटा बेस में शुद्ध डाटा आनलाईन भरने का पूर्ण उत्तरदायित्व शिक्षण संस्था का है। इसके अतिरिक्त छात्रों के आधार नंबरए छात्र का नाम,पिता,पति का नाम, लिंग व जन्म तिथि का मिलान भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई से मिलान किया जाएगाए मिलान के पश्चात ही छात्र स्तर से आवेदन पत्र अग्रसारित होगा। आधार बेस्ड भुगतान की प्रक्रिया के अंतर्गत छात्रध्छात्राओं के आधार नंबर से लिंकध् सीडेड बैंक खाते में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति धनराशि अंतरित की जाएगी।

इसके लिए सभी छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध होना चाहिए। आधार नंबर को अपने मोबाइल नंबर एवं राष्ट्रीयकृतध्निजीध् ग्रामीण बैंकों में खुले बैंक खातों से लिंकध्सीड होना चाहिए। हाई.स्कूल अंक पत्रध् प्रमाण पत्र में अंकित अपना नाम तथा अपने माता. पिताध् पति के नाम व जन्म तिथिध्जेंडर के अनुरूप ही होना चाहिए। नवीनीकरण के छात्रध्छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु 24 जुलाई 2020 से 20 अगस्त 2020-12 अक्टूबर 2020 अनवरत जारी रहेगाद्ध एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु 01 अगस्त 2020 से 25 अगस्त 2020;05 नवम्बर 2020 तक अनवरत जारी रहेगाद्ध तक किया जाना है। पूर्वदशम नवीनीकरण के छात्रो का डाटा 31 अगस्त 2020 एवं दशमोत्तर के नवीनीकरण के छात्रो का डाटा 07 सितम्बर 2020 तक संस्थाओं द्वारा सही डाटा को अग्रसारित किये जाने वाले छात्रध्छात्राओं को 02 अक्टूबर 2020 को भुगतान हेतु शामिल किया जायेगा।

## जौनपुर में लूट और हत्याओं से दहशत

**जौनपुर।** जिले की कानून व्यवस्था फिर पटरी से उतर गई है। अपराधियों ने अमन पसंद लोगों का जीना दूभर कर दिया है।आए दिन हो रही हत्या और लूट से लोग दहशत में हैं। कब कहां किसके साथ क्या हो जाएगा। कहा नहीं जा सकता। वर्तमान पुलिस प्रशासन के कार्यकाल में अपराधी बेखौफहोकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। असली लुटेरे या हत्यारे ना पकड़े जाने से वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है पुलिस दिखावे के लिए अपराधों का खुलासा कर लोगों को जेल भेज रही है और दूसरी तरफ अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से आम जनमानस के दिलों दिमाग पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

# प्रवासी श्रमिकों को योजनाओं से किया जाए लाभान्वित: डीएम

### उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक आयोग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता। प्रतापगढ़

जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में उप्र कामगार और श्रमिक आयोग की जिला स्तरीय समिति की तीसरी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में रोजगार सृजन को शासन की प्राथमिकता बताते हुए अधिकाधिक प्रवासी श्रमिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोजगार सम्बन्धी योजनाओं तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, माटीकला बोर्ड, एक जनपद एक उत्पाद, खादी एवं कुटीर उद्योग, खाद्य एवं प्रसंस्करण, मनरेगा, फार्मर प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन इत्यादि से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगारों के हितों को ध्यान में रखकर एकीकृत सेवायोजन पोर्टल का विकास किया गया है जिसमें सेवामित्र के रूप में पंजीकरण कराकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा निजी नियोजकों द्वारा प्लेसमेंट के माध्यम से सवेतन या स्वत: रोजगार प्राप्त कर सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने कार्यालय की योजनाओं द्वारा संतृप्त लाभार्थियों का अंकन एकीकृत पोर्टल पर ''सेवामित्र'' के रूप में अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये। मनरेगा तथा इसके कंवर्जेंस से सृजित मानव दिवसों के अंकन के पर्यवेक्षण हेतु उपायुक्त मनरेगा को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) शत्रोहन वैश्य सहित रोजगार सृजन करने वाले विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 19 हॉटस्पाट क्षेत्र प्रतिबन्ध से हुए मुक्त

**प्रतापगढ़** । कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति पाये जाने के फलस्वरूप कोविड-19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण हेतु 19 हॉट स्पाट क्षेत्र अंसारी नर्सिंग होम के पीछे कटरा रोड, बाबागंज एक्सिस बैंक के सामने, देवर पट्टी बिहार, शिवपुरम कुण्डा किरन पाली क्लीनिक के पीछे, तुलसीपुर रानीगंज, चांदतारा मस्जिद पल्टन बाजार, भुपियामऊ, सुखपालनगर, भंगवा चुंगी, साहुवन टोला (थाना कोतवाली नगर), दानपुर (थाना मानधाता), श्रीनाथपुर रखहा (थाना कन्धई), थाना कोतवाली नगर, हीरागंज बाजार, गहरी लक्ष्मणपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा कटरा बाजार, परशरामपुरखुर्द मानधाता, सुवंसा बाजार (थाना फत्तनपुर), शुकुलपुर ब्लाक सदर को जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने अस्थाई रूप से 14 दिनों तक सील किया था। इन 19 हॉट स्पॉट क्षेत्रों के 14 दिवसीय कन्टेनमेन्ट की अवधि पूर्ण हो चुकी है और वहां पर कोई कोरोना पाजिटिव केस तथा कोविड-19 परिलक्षित लक्षण का कोई व्यक्ति नही पाया गया है ऐसी दशा में जिलाधिकारी ने इन 19 हॉट-स्पाट क्षेत्रों पर लगाये गये प्रतिबन्ध को समाप्त कर दिया है और निर्देशित किया किया है कि इस क्षेत्र में सोशल डिस्टेसिंग बनाये रखने के निर्देश दिए।

# शिक्षक संघ की अध्यक्ष नीता अवस्थी भाजपा में शामिल

### शिक्षकों के हित के लिए संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प

संवाददाता। बाराबंकी

**माध्यमिक** शिक्षक संघ (शर्मा गुट) की जिला अध्यक्ष नीता अवस्थी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गयी। भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर नीता अवस्थी का स्वागत कियाजिला अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में कहा कि नीता अवस्थी के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को उनके अनुभवों से लाभ मिलेगा।नीता अवस्थी ने कहा कि गत चालीस वर्षो में शिक्षकों के हित के लिए जब भी जरूरी हुआ सड़कों पर उतरी हूँ।शिक्षकों राजनीति का एकाधिकार समाप्त करने के लिए पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया।कहा कि पार्टी के निर्देशों व अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगी।शिक्षक एमएलसीउमेश द्विवेदी ने कहा कि नीता अवस्थी के अनुभवों से पार्टी को लाभ मिलेगा एवं शिक्षक व स्नातक एमएलसी के चुनावों में में काफी फायदा होगा।लखनऊ खण्ड क्षेत्र के स्नातक प्रत्याशी अवनीश सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति से विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ेगीएसाथ ही शिक्षक और विद्यार्थियों दोनो को इसका लाभ मिलेगा। सन्चालन जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता ने किया। इस अवसर परक्षेत्रीय मंत्री अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, रिंकू सिंह, अरविंद मौर्य, प्रमोद तिवारी, अमरीश रावत, महामंत्री गुरुशरण लोधी, भाजयुमो अध्यक्ष रोहित सिंह, डॉ अमित वर्मा, सुधाकर दीक्षित, रामकुमार वर्मा, शैलेन्द्र मिश्रा, हौसिला प्रसाद चौब, अरविंद मिश्रा, दिनेश पांडेय मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### असावं गांव में जर्जर तार गिरा, लोगों में रोष

**लालगंज** (प्रतापगढ़)। सांगीपुर क्षेत्र के घुइसरनाथ धाम विद्युत उपकेंद्र के असावं गांव मे गुरूवार की रात जर्जर तार अचानक टूटकर गिर गया। जर्जर तार मे रात भर विभागीय लापरवाही से विद्युत करंट प्रवाहित होता रहा। हालांकि संयोगवश कोई अनहोनी नहीं हुई। विभागीय लापरवाही पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए विभाग ने आपूर्ति बंद कराई। इस बाबत ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मांग करने के बावजूद तार बदला नही जा रहा है। जर्जर तार के चलते दो मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। गांव के बीडीसी राजकुमार सरोज, शैलेंद्र तिवारी, दिलीप तिवारी, विपुल, अमित, भगत, गुडडू, हिमांशु, अनुज का कहना है कि यदि सप्ताह भर मे जर्जर तार नही बदला गया तो ग्रामीण जिला मुख्यालय पर विरोध जताएगें। हालांकि जेई विनय जायसवाल का कहना है कि गांव मे लगे जर्जर तार को सप्ताह भर मे बदल दिया जाएगा।

### सर्पदंश से एक की मौत, एक की हालत नाजुक

रामनगर (**बाराबंकी**)। थाना रामनगर अंतर्गत ग्राम कटियारा में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा सांप काटने से एक बच्चे का इलाज जारी है। प्राप्त विवरण के अनुसार बीती गुरुवार की रात 40 वर्षीय हनुमान पुत्र बच्चू लाल घर के सामने रखे तीन सेट के नीचे सो रहे थे । रात करीब 3 बजे ईंट की दीवाल से निकले विषैले सर्प ने उनको काट लिया। परिजन हनुमान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए। जहां पर हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया है । अजब संयोग कहिए की सर्पदंश की खबर पर मृतक हनुमान के साढू तौकलपुर निवासी रामानंद अपने 10 वर्षीय पुत्र शोभित के साथ ग्राम कटियारा आये। वहां पर शोभित को भी सांप ने डस लिया। शोभित का प्राइवेट चिकित्सक के यहां इलाज कराया जा रहा ।

### एसपी ने किया नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन

हैदरगढ़ (**बाराबंकी**)। सुबेहा क्षेत्र के सराय गोपी गांव स्थित पुलिस अधीक्षक अरविंद चतुर्वेदी ने पूरे विधि विधान से नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुभारम्भ किया। श्री चतुर्वेदी ने इस मौके पर कहा कि समाज के जागरूक लोगों की मदद से निर्मित यह चौकी लोगों को सुरक्षा का अहसास कराएगी तथा पूर्व की भांति होने वाली घटनाओं व अराजकतत्वों से लोगों को राहत मिलेगी उन्होंने प्रभारी निरीक्षक सुबेहा गंगेश कुमार शुक्ला की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने एक सराहनीय व जनहित का कार्य किया है जो कि प्रशंसनीय है। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर प्रबुद्ध जनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार पाण्डेय, हैदरगढ़ क्षेत्राधिकारी उमाशंकर सिंह, सुबेहा थाना प्रभारी गंगेश कुमार शुक्ल, चौकी प्रभारी प्रकाश सिंह, हैदरगढ़ कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, लोनीकटरा थाना प्रभारी अशोक कुमार यादव, सोनू सिंह, जसवंत मौर्या आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने की विधवा महिला की जमकर पिटाई

सिद्धौर (**बाराबंकी**)। कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती शाम मामूली विवाद के चलते एक विधवा महिला की गांव के ही दबंगों ने जमकर पिटाई कर दी पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कीकोठी थाना क्षेत्र के तपापुर निवासी विधवा महिला अनीता देवी से गांव के ही रहने वाले कन्हैया लाल से घर के सामने पड़ी मिट्टी जो बरसात में वह कर रास्ते में आ गई थी इसी बात को लेकर कन्हैया लाल गाली देना शुरू कर दिया जिसका विरोध विधवा महिला द्वारा किया गया इसी से आक्रोशित कन्हैया लाल और गोलू तथा किल्ली ने घर में घुसकर जमकर पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर इसकी शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी कोठी भेजा थानाध्यक्ष शैलेश यादव का कहना है पीड़ित महिला की शिकायत इलाज के लिए भेजा गया ।

### सपा जिला महासचिव के निधन पर शोक

रामनगर (**बाराबंकी**)। सपा कार्यालय रामनगर पर सपा जिला महासचिव अनिल यादव के निधन पर कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई । बीते 10 अगस्त को अपोलो अस्पताल लखनऊ में इलाज के दौरान इनकी मृत्यु हो गई थी। समाजवादी पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता होने के नाते शुक्रवार को विधानसभा रामनगर सपा कार्यालय पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह जिला सचिव शीतला सिंह सपा नेता जय सिंह यादव मोहम्मद कलीम प्रताप यादव गणेश यादव शोभित यादव अहमद अली आदि कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### गंदगी मुक्त भारत अभियान का लिया संकल्प

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। स्थानीय बहुगुणा पीजी कालेज मे शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत स्वच्छ भारत अभियान के तहत गंदगी मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। एनएसएस के स्वयंसेवक छात्रो द्वारा सोशल डिस्टेसिंग के बीच महाविद्यालय परिसर मे बनी कोरोना के कारण अस्थाई सब्जी मण्डी मे साफ-सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए महामारी से बचाव के लिए मास्क लगाये जाने की जागरूकता भी दी। कार्यक्रमाधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने अभियान के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्राचार्य डा. आरपी मिश्र, दिनेशचंद्र त्रिपाठी, डा. श्रीधर पाण्डेय, वज्रघोष ओझा, डा. सियाराम मौर्य, अरविंद मौर्य आदि रहे।

### कोविड नियमों के बीच मनेगा 15 अगस्त

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। स्वाधीनता दिवस पर कोरोना महामारी को लेकर प्रशासन ने आयोजको से सोशल डिस्टेसिंग के बीच पर्व मनाए जाने की बात कही है। एसडीएम बीके प्रसाद ने कहा है कि स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारोहण मे मॉस्क तथा सोशल डिस्टेंसिग को अनिवार्य रखा जाना चाहिए। इधर स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ को लेकर पूर्व संध्या से ही लोगों मे उल्लास देखा गया। नगर पंचायत चौक स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा तथा बाबा घुइसरनाथ धाम प्रवेश द्वार को आकर्षक विद्युत साजसज्जा से लोगों के बीच मनोहारी देखा गया।

### मजबूत भारत के निर्माण का लिया संकल्प

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्वतंत्रता दिवस पर लोगों से कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए मजबूत भारत के निर्माण मे संकल्पबद्ध होने का आहवान किया है। प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने लोगों से आपसी भाईचारा तथा कौमी एकता व देश की एकता एवं अखण्डता अक्षुण्य बनाए रखने के लिए भारत की मेधा को विश्वपटल पर स्थापित किये जाने मे भी जुटने का आहवान किया है। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से पूर्व संध्या पर जारी संयुक्त बयान मे नेताद्वय ने आजादी दिलाए जाने मे अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले अमर शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद ठहराया।

### पूर्व प्रधान को मिली जान की धमकी

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। सांगीपुर ब्लाक के राजमतीपुर गांव मे एक पूर्व प्रधान को जानलेवा धमकी दिये जाने का आडियो वायरल हुआ है। आडियों को लेकर पूर्व प्रधान का परिवार दहशत मे है। राजमतीपुर गांव मे संजय सिंह पूर्व प्रधान है। बीते गुरूवार की शाम एक आडियो मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा पूर्व प्रधान को जानलेवा धमकी दी। आडियो मे पूर्व प्रधान के साथ सांगीपुर थाने मे तैनात पुलिसकर्मियो को भी मारने पीटने की धमकी दी गई है। धमकी को लेकर पूर्व प्रधान संजय ने शुक्रवार को एसपी को शिकायती पत्र भेजकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। पूर्व प्रधान ने आशंका जताई कि राजनीतिक विद्वेष के द्वारा उन्हें जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है। इस संदर्भ मे एसओ प्रमोद सिंह का कहना है कि आडियो की जांच कराई जा रही है।

# बरसात का पानी भरने से ढहे तीन दर्जन से अधिक मकान

संवाददाता। रामनगर (**बाराबंकी**)

**तहसील** रामनगर के बांध के इस पार बसे अनेक गांव में बरसात का पानी भर जाने से तीन दर्जन अधिक घर गिर गए है। दर्जनों गांव में पानी भर गया है । आवागमन की सबसे बड़ी परेशानी हो रही है। वहीं पर शौच के लिए महिला पुरुष बच्चे बुजुर्गों को पानी में जाना पड़ता है । लोगों के खाने.पीने के लाले पड़े हुए हैं। पशुओं के चारे की भी बहुत बड़ी दिक्कत है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हम लोग राम भरोसे हैं। वहीं पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत सप्लाई रोक दी गई है तथा जिम्मेदार लोगों द्वारा कैरोसिन का वितरण भी नहीं किया गया है। हम लोग अंधेरे में रह रहे हैं। घाघरा नदी बांध के इसपार बसे ग्राम पंचायत भरसवां के सुरजूपुर के रामपाल यादव रामजतन रामशंकर सरजू सोहन बाबूलाल तीरथ राम प्रसाद आदि तथा ग्राम धनोरा के ननकू लोनीया सुशील यादव राकेश यादव माधव यादव रूपलाल मनोज आदि व ग्राम सिरकौली के साहेब लाल रमेश सहज राम सूरत सिंह देशराज सिंह लल्लन सिंह रघुनाथ संतोष बाबूलाल सहित अनेक गांव में बरसात का पानी घुस जाने से लोगों के घर गिर गए हैं। वहीं पर ग्राम पंचायत सिलौटा के गांव के तहापुर बाबूरिया मरौचा चमरही आदि गांव में पानी भरा हुआ है तथा लोगों के आने.जाने के दिखते हो रही हैं। शौंच जाने के लिए सबसे बड़ी परेशानी है। गांव के चारों ओर वा रास्ते में पानी भरा होने के चलते लोगों को दैनिक जीवन में अनेक परेशानियां हो रही है। वहीं पर बांध के उस पार बसे ग्राम सिसौडा तपेसिपाह बल्लूपुर दुर्गापुर लहड़रा सीताराम पुरवा बुधाई पुरवा मडना प्रसादी पुर दुर्गापुर आईमा हरीनारायणपुर लोधी पुरवा आदि गांव में भी जल सैलाब भरा हुआ है । पीड़ितों का कहना है कि प्रशासनिक व्यवस्थाएं ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही हैं।

# शिविर लगाकर किसानों को करें मुआवजा वितरण: जिलाधिकारी

### डीएम ने बैठक कर किसानों की शंका का समाधान करने के दिए निर्देश

संवाददाता। ललितपुर

**बीना** से पनकी (कानपुर) तक भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरशन द्वारा बिछाई जा रही पेट्रोलियम पाइप लाइन में आ रहे अवरोध को लेकर जिलाधिकारी योगेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुद्दा उठाया गया कि पाइपलाइन से प्रभावित कृषकों को भूमि मुआवजा कम दिया जा रहा हैं, इस पर भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा यह बताया गया कि मुआवजा का निर्धारण भूमि के उपयोग के अधिकार के अधिनियम के तहत दिया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरशन के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि अगर बिना मुवावजा दिए कार्य शुरू किया जा रहा है तो किसानों में असंतोष होना स्वाभाविक है। अत: कैम्प लगा कर मुआवजा वितरित करने सुनिश्चित करें। साथ ही भारत सरकार के मंत्रालय को भूमि के मुआवजा की दर बढ़ाने हेतु अर्धशासकीय पत्र प्रेषित करें। बैठक में पाइप लाइन से प्रभावित कृषकों को फसल मुआवजा के संबंध में चर्चा के उपरान्त तय किया गया कि अभी तक विभिन्न फसलों के समर्थन मूल्यों की घोषणा नहीं की गई है। उप निदेशक कृषि द्वारा मानक उपज की जानकारी भी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरशन को नहीं दी गई है। अत:



निरफेश दिए गए कि जानकारी प्राप्त होने पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरशन 15 अक्टूबर 2020 तक खरीफ फसलों के मुआवजा निर्धारण कर भुगतान की कार्यवाही करे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी ग्राम प्रधानों को अवगत कराया गया कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरशन द्वारा बिछाई जा रही पाइपलाइन एक राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है परंतु इसमें किसानों की शंका का समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए यह आवश्यक है कि आप संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी तथा संबंधित थाने के थानेदार के साथ मिलकर किसानों से मिले और उन्हें अपनी योजना के संबंध में पूर्णत अवगत कराएं। साथ ही जनपद के सभी ग्राम प्रधान इसमें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देश भी दिये गए।

# खरीफ की फसल बर्बाद कर रहा पीला मोजेक रोग

### आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता। ललितपुर

**वर्तमान** में किसानों के खेतों में बोई गयी खरीफ की फसल में पीला मोजेक रोग लगने के बावजूद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा महज एडवाइजरी जारी करते हुए अपनी जिम्मेवारियों से पल्ला झाड़ लिया जा रहा है। इस प्रकार के आरोप लगाते हुये आम आदमी पार्टी ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुये जिला प्रशासन को सौंपा है। बताया गया है कि आम आदमी पार्टी की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के निवास पर संपन्न हुयी। बैठक में जिले के किसान भी शामिल हुये। बैठक में उपस्थित जागरुक किसान अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के किसानों के उड़द, सोयाबीन की फसल में पीला मौजिक रोग लगना चालू हो गया है। कई गांवों में किसानों की उर्दा, सोयाबीन की फसल में पीला मौजिक रोग लग गया है। जिस पर आप द्वारा एक दल गठित किया गया और तत्काल मीटिंग समाप्त कर गठित दल को गॉव में भेजा गया तो देखा कि किसानों की उर्दा, सोयाबीन की फसल में पीले पीले पत्ते हो गये है। किसानों से सम्पर्क किया तो बताया कि यदि इस रोग की दबाई नहीं डाली गयी तो उर्दा, सोयाबीन की फसलें बर्बाद हो जायेंगी। किसानों ने बताया कि अभी तक गॉवों में न तो लेखपाल आये और न ही कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी आये हैं। जबकि कृषि विभाग, कृषि रक्षा विभाग, भूमि संरक्षण विभाग किसानों की फसल की सुरक्षा हेतु हैं। फिर भी ललितपुर जिले का अन्नदाता किसान परेशान है अभी तक किसी भी प्रकार से सरकारी कर्मचारी गांव में नहीं गये हैं। जबकि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की सुरक्षा हेतु कई प्रकार से इन्तजाम किया जाता है। लेकिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अकर्मन्यता के कारण हर साल किसानों की फसलों का नुकसान हो जाता है। आरोप लगाया कि जिले में कई अयोग्य अधिकारी कर्मचारी नियुक्त हैं ।

## कोरोना को हराना है तो सावधानी बरतें: सुरजीत सिंह

**अमेठी**। स्वास्थ्य विभाग नगर निकाय पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियो द्वारा कोरोना महामारी को लेकर आम जन की रक्षा हेतु जिस तरह से तत्पर दिखाई दिये इससे लगता है कि यह लोग आम जन मानस के रूप में किसी भगवान के रूप से कम नही हैं। जनपद की नगर पालिका गौरीगंज के अधिशाषी अधिकारी सुरजीत सिंह भी उसी का दूसरा नाम है जिन्होने कोरोना काल में अपने घर परिवार को छोड़ कर स्थानीय लोगो को बचाने के लिए निकल पड़े, और इसी बीच उन्हे कोरोना का प्रकोप भी हो गया। जनपद मुख्यालय गौरीगंज के सब्जी एवं फ्ल विक्रेताओं की सॅम्पुलिंग से पहले लोगो में भय ना व्याप्त हो इस उद्देश्य से सब लोगो के साथ अपनी भी जांच करायेए जिसमें वे कोरोना पाजिटिव पाये गए।

# गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहे होम आइसोलेटेड मरीजों पर कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** योगेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम कोविड-19 अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कोविड अस्पताल प्रभारी डा.जेएस बख्शी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद की कोविड अस्पतालों में मरीजों को गर्म पानी, पेयजल तथा भोजन की आपूर्ति समय से एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने तालबेहट पॉलिटेक्निक कोविड अस्पताल में चिकित्सकों एवं मरीजों के कक्षों में जलापूर्ति एवं विद्युत व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि विगत कुछ समय से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि जनपद में होम आइसोलेशन के मरीज कोविड की गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहे हैं, उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मरीजों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध महामारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में कोविड-19 मरीज को 10 दिन के पूर्व डिस्चार्ज ना किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीज सिंप्टोमेटिक हो या एसिंप्टोमेटिक उन्हें 10 दिन के उपरांत थी डिस्चार्ज किया जाए।

# अधीनता नहीं स्वाधीनता खोजो: मुनिश्री महाराज

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्वबेला पर ऑनलाइन संदेश में बोले मुनिश्री

संवाददाता। ललितपुर

**ललितपुर** में चतुर्मासरत परम पूज्य श्रमणाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमणरत्न मुनिश्री 108 सुप्रभ सागर महाराज ने गौशाला मसौरा में स्वतंत्रता दिवस की पूर्वबेला में ऑनलाइन संबोधित किया। मुनिश्री ने कहा कि अधीनता पर नहीं स्वाधीनता पर सच्ची शांति मिलती है। अविद्या के वशीभूत होकर आजतक जीव अधीनता पर ही सुख-शांति की खोज करता आ रहा है। उसे ही सुख का कारण मान रहा है। आजतक जिन्होंने निज स्वरूप को नहीं समझा और ना ही समझने का पुरुषार्थ कर रहे हैं वे लोग ही पराधीनता के बंधन में बंधते आ रहे हैं। जिन्होंने निजस्वरूप को जान लिया वे स्वाधीनता को पाकर सच्चे सुख की अनुभूति ले रहे हैं। परिणति के माध्यम से ही गतियों का परिभ्रमण कर रहा है। चाह तो शाश्वत सुख की बनाये हुए है लेकिन राह शाश्वत सुख की नहीं प्राप्त की। चाह के साथ राह पर गमन करो और पर्याय और पर्यायी दोनों को स्वतंत्र समझो। स्वतंत्रता हमारे अंदर ही है, पराधीनता भी हमारे अंदर है। राह और चाह हमें बनाना है। पर्याय की स्वतंत्रता के साथ भव को गतियों से स्वतंत्रता पाने के लिए हमें निजस्वरूप को पाना होगा। जो अनादि से स्वतंत्र हैं उसे जानना होगा। पर को नहीं निज को पाना ही वास्तविक स्वतंत्रता दिवस है। बंधन से मुक्त होना है तो परिणामों को बनाइये। मुनिश्री प्रणतसागर जी ने कहा कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान और ताकत है। प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता दिवस पर शपथ लेनी चाहिये कि हम भारत के एक जिम्मेदार और शिक्षित नागरिक बनेंगे।

# कोरोना संकट में अस्पतालों का पूरी क्षमता से उपयोग नहीं होने का आरोप

### समाजवादी पार्टी प्रदेश स्तर पर कर रही अव्यवस्थाओं की समीक्षा

संवाददाता। ललितपुर

**वैश्विक** महामारी के बीच प्रदेश में बढ़ते अपराध और स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्थाओं पर अंकुश लगाये और किसानों की बिगड़ती हालात में सुधार लाये जाने पर समाजवादी पार्टी में प्रदेश स्तर पर मंथन किया जा रहा है। सपा सुप्रीमो व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी पदाधिकारियों व वरिष्ठ सहयोगियों से चर्चा करते हुए चिन्ता व्यक्त की है। इस सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुये ललितपुर जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडवोकेट ने जानकारियां साझा की है। पत्र में उल्लिखित समस्याओं से अवगत कराते हुये सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने बताया कि सपा सुप्रीमो/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा वरिष्ठ सहयोगियों से राजनीतिक स्थिति पर वार्ता की। जिसमें उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था, फर्जी एनकाउंटर, किसानों की स्थिति और नौजबानों के भविष्य व कोरोना संकट के दौर में लॉकडाउन से उत्पन्न हालातों पर विचार किया। कहा गया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी नाजुक है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में बढ़ती अराजकता से अब भाजपा के सांसद और विधायक भी परेशान हैं। जंगलराज से डरे एक विधायक ने मुख्यमंत्री व डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। तो वहीं सत्तादल के सांसद विधायक महापौर अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, जिनकी सुनवाई भी नहीं हो रही है। कहा कि प्रदेश में अवैध खनन, शराब तस्करी के साथ ही हत्या, लूट, अपहरण और फर्जी एनकाउंटर की घटनाओं को बल मिला है। कोरोना काल में नौजबानों के भविष्य पर भी ग्रहण लगता नजर आ रहा है। कहा गया कि आगामी समाजवादी पार्टी को मजबूत संगठन और जुझारू कार्यकर्ताओं की ताकत से वर्तमान सरकार को टक्कर देकर जनता के समक्ष 351 का लक्ष्य रखकर विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारी करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़नी है। इसके अलावा कोरोना संकट के बीच स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त बदहाली पर चर्चा करते हुये कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का पूरी क्षमता से उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे राजधानी समेत अन्य जनपदों में भी हालात चिन्ताजनक बने हुये हैं। कहा गया कि लखनऊ में सबसे अधिक मामले सक्रिय हैं और एसजीपीजीआई, केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया अस्पतालों में काफी बेड हैं। बावजूद इसके पूरी क्षमता से इन अस्पतालों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामले और मौत का आंकड़ा परेशान करने वाला है। साथ ही अव्यवस्थाओं के चलते मंत्री, विधायक व अधिकारी भी कोरोना संक्रमित हो रहे हैं।

## 23 केन्द्रों पर होगी प्रारम्भिक परीक्षा

**बाराबंकी**। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में आयोजित खण्ड शिक्षा अधिकारी ;प्रारम्भिकद्ध परीक्षा के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 16 अगस्त को जनपद में 23 केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जायेगी। बैठक में परीक्षा को सुनिश्चित ढ़ग से कराने हेतु प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा बताया गया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी ;प्रारम्भिकद्ध परीक्षा से सम्बन्धित सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रत्येक केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ.साथ स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड-19 के लॉकडाउन के अन्तर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा का आयोजन 16 अगस्त को आयोजित होगी। कोविड-19 लॉकडाउन का पूरी तरह पालन करते हुए परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन को छूट दी गयी है।